www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, सोमवार, 19 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -315 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





किसी दबाव में आने वाला नहीं कमलनाथ का चरित्र : दिग्विजय 02

■ महिलाओं की चिंताओं को दूर करने में मदद...
■ देश की जनता को सार्वजनिक हीनभावना से... 03

■ गाजा में इजरायली हमले में 40 फिलिस्तीनी...
■ रूस का यूक्रेन के अवदीवका शहर पर पूर्ण... 07

साड़ी में 'मैं खुद को अपनी जड़ों के करीब करती... 10

## सार संक्षेप

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन से मिले चंपई सोरेन



**नई दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की और इस दौरान कांग्रेस के झारखंड के प्रभारी जी ए मीर तथा प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद रहे। श्री खडगे ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। बैठक के बाद श्री सोरेन ने पत्रकारों से कहा कि 16 फरवरी को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करने के बाद वह पहली बार दिल्ली आए और श्री खडगे से शिष्टाचार भेंट की।

### अब आरएलएम से जानी जाएगी कुशवाहा की पार्टी



**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक जनता दल (रालोजद) को अब चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के रूप में निर्बंधित किया है। रालोजद के संस्थापक उपेन्द्र कुशवाहा ने रविवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि चुनाव आयोग ने उनकी पार्टी के पंजीकरण के लिए कम से कम तीन और नाम सुझाने को कहा था क्योंकि रालोजद पहले से पंजीकृत कई अन्य राजनीतिक दलों के नामों के समान था।

### सपा के राष्ट्रीय महासचिव सलीम शेरवानी का इस्तीफा



**लखनऊ।** इस वर्ष होने जा रहे लोकसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी को एक और झटका देते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व सांसद सलीम शेरवानी ने पार्टी में मुसलमानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने दावा किया है कि मुसलमानों और पार्टी के बीच दूरियां लगातार बढ़ती जा रही हैं और वे एक सच्चे 'रहनुमा' की तलाश में हैं।

### कंपनी कमाण्डर की कुल्हाडी से प्रहार कर हत्या



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने आज सुबह सब्जी खरीदने गए एक कंपनी कमाण्डर की कुल्हाडी से हमला कर हत्या कर दी। कुटरू थाना के अंतर्गत जैगुर कैंप में तैनात छत्तीसगढ आर्मस् फोर्स कंपनी कमाण्डर तेजराम भुआर्य एवं प्रधान आरक्षक श्याम बिहारी के साथ कैंप से लगभग 200 मीटर दूरी पर सब्जी लेने गए थे।

### दो दिवसीय अनूठा केला उत्सव बुरहानपुर में कल से

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले में अनूठा दो दिवसीय केला उत्सव मनाया जाएगा। 20 एवं 21 फरवरी को देश के प्रसिद्ध केला वैज्ञानिक और केला उत्पादक किसान केला उत्पादन, निर्यात की संभावनाओं, केला उत्पादकों की आर्थिक समृद्धि एवं से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे।



# भारत ने 434 रन से जीता राजकोट टेस्ट

■ रन के अंतर से भारत की सबसे बड़ी जीत
■ इंग्लैड के खिलाफ श्रृंखला में 2-1 की बढ़त

**राजकोट,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। राजकोट में 557 रन के लक्ष्य के सामने इंग्लैंड टीम 122 रन ही बना सकी। भारत ने रिकॉर्ड 434 रन से तीसरा टेस्ट जीता और सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। चौथा टेस्ट 23 फरवरी से रांची में शुरू होगा। रवींद्र जडेजा ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए, उन्होंने पहली पारी में शतक भी लगाया थी। जडेजा ने मैच में कुल 7 विकेट लिए, इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। टीम से युवा यशस्वी जायसवाल ने भी दोहरा शतक लगाया। निरंजन शाह स्टेडियम में गुरुवार को भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। पहली पारी में टीम इंडिया ने 445 और इंग्लैंड ने 319 रन बनाए। भारत ने दूसरी पारी 430/4 के स्कोर पर घोषित की थी। रन के अंतर से यह टीम की सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले टीम ने 2021 में मुंबई के वानखेड़े मैदान पर न्यूजीलैंड को 372 रन से हराया था। इंग्लैंड के खिलाफ इससे पहले टीम की सबसे बड़ी जीत 317 रन की थी।

राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रस्ताव किया पास

# भाजपा अध्यक्ष के लिए अब चुनाव जरूरी नहीं

## अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ाने पर लगी मुहर

■ पद खाली होने पर संसदीय बोर्ड कर सकेगा नियुक्ति
■ भाजपा में आज तक अध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ



**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर प्रस्ताव पास हुआ है। इसके मुताबिक पद खाली होने पर संसदीय बोर्ड अध्यक्ष की नियुक्ति कर सकेगा। इस प्रस्ताव के पास होने के साथ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ाने पर भी मुहर लगा दी गई है। जेपी नड्डा जून 2019 में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बने थे। इसके बाद 20 जनवरी 2020 को पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाए गए। भाजपा के इतिहास में आज तक चुनाव की नौबत नहीं आई है। इसी को बीजेपी आंतरिक लोकतंत्र का नाम देती है। यानी किसी एक नाम पर आम सहमति बन जाती है। इसे बहुमत का फैसला भी कहा जाता है। राजनाथ सिंह जब पार्टी अध्यक्ष थे, तब माना जा रहा था कि नितिन गडकरी को दूसरी बार अध्यक्ष पद मिलने वाला है। इसके लिए भाजपा ने अपने संविधान में संशोधन भी किया था। उस समय यशवंत सिन्हा भी अध्यक्ष पद का नामांकन भरने वाले थे, लेकिन उन्हें मना लिया गया था और चुनाव की नौबत नहीं आई थी।

### भाजपा का थीम सॉन्ग रिलीज

भाजपा ने अपने 10 सालों के कामकाज को लेकर थीम सॉन्ग जारी किया है। इसका टाइटल है 'नए भारत की यही पुकार, फिर एक बार मोदी सरकार'। भाजपा ने थीम सॉन्ग जारी करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'बढ़ना हर उम्मीद के पार, नई भारत की यही पुकार, फिर एक बार मोदी सरकार..।' खास बात यह है कि 6 मिनट के इस सॉन्ग में उत्तर से लेकर दक्षिण के साथ-साथ लगभग हर राज्य की भाषा का इस्तेमाल किया गया है।

### राम मंदिर का निर्माण कर खत्म किया पांच सदियों का इंतजार : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार के 10 वर्षों के कामकाज और उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा है कि उनकी सरकार ने सदियों से लटके काम का समाधान करने का साहस दिखाया है। राष्ट्रीय अधिवेशन की बैठक में रविवार को समापन भाषण देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण करके उनकी सरकार ने पांच सदियों का इंतजार खत्म किया है।

किसान आंदोलन का छठा दिन

# हरियाणा में 19 तक इंटरनेट बंद

## बड़ी संख्या में किसान पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर डटे

**चंडीगढ़,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। किसान आंदोलन को रविवार को छह दिन हो गए हैं। दिल्ली कूच के लिए निकले किसान पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर डटे हुए हैं। इस आंदोलन के दौरान अब तक एक किसान और सब इंस्पेक्टर की हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है। पुलिस फायरिंग में कई दर्जन किसान घायल भी हुए हैं। हालांकि, आंदोलन अभी जारी है। हरियाणा के 7 जिलों में 19 फरवरी की रात 12 बजे तक इंटरनेट बंद रहेगा। इन जिलों में अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा शामिल हैं। केंद्र सरकार और किसानों के बीच रविवार को चंडीगढ़ में चौथे दौर की बैठक हो रही । इससे पहले 3 मीटिंग बेनतीजा रहीं थी। इस मीटिंग में कोई फैसला न हुआ तो किसानों ने दिल्ली कूच करने का ऐलान किया है। वहीं पंजाब में आज सारे टोल फ्री रहेंगे। यहां भारतीय किसान यूनियन उगराहां से जुड़े किसान धरने पर बैठे हुए हैं।

■ पंजाब में फ्री रहेंगे सभी टोल
■ किसानों के साथ चौथे दौर की बैठक



**पंजाब में भी इंटरनेट निलंबन बढ़ाया**

डीगढ़। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने इंटरनेट निलंबन को पहले तीन जिलों के 11 थानों से बढ़ाकर सात जिलों के 20 थाना क्षेत्रों तक बढ़ा दिया है। नए आदेश 24 फरवरी की आधी रात तक लागू रहेंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र से इंटरनेट निलंबन के आदेश जारी करने पर आपत्ति जताई थी। सीएम ने कहा था कि उन्होंने इस मामले को उठाया है। 15 फरवरी को किसान यूनियनों के भारत बंद के आह्वान के मद्देनजर गृह मंत्रालय ने शुतराना, खनौरी और फतेहगढ़ साहिब में टेलीकॉम सेवाओं को निलंबित करने का आदेश दिया था।

### आंदोलन की आगे की रूपरेखा के बारे में बताया

सिरसा। भारतीय किसान एकता के प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने शंभु बार्डर से लौटकर गांव भंगू में कई गांवों के किसानों आयोजित बैठक में चल रहे आंदोलन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आंदोलन की आगे की रूपरेखा के बारे में भी बताया। आयोजित बैठक में रोड़ी, रघुआना, साहुवाला प्रथम, पंजुआना, रोहिड़ावाली, मल्लेवाला, झीड़ी, भंगू, खुईयां नेपालपुर, बड़ागुढ़ा, वीरूवाला गुढ़ा गावों के किसान शामिल हुए। श्री औलख ने बताया कि सिरसा जिले से बड़ी संख्या में किसान अपनी ट्रैक्टर ट्रालियों के साथ खनौरी बॉर्डर पर डटे हुए हैं।

# 'डबल इंजन' सरकार मतलब बेरोजगारी की 'डबल मार': राहुल




**प्रयागराज,** 18 फरवरी (एजेंसियां)( कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'डबल इंजन' सरकार के नारे पर वार करते हुए आज कहा कि मोदी राज में बेरोजगारी चरम पर है और 'डबल इंजन' सरकार का मतलब बेरोजगारी की डबल मार हो गया है। श्री गांधी ने मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा, डबल इंजन सरकार मतलब बेरोजगारों पर डबल मार। आज बेरोजगारी की बीमारी से उत्तर प्रदेश का हर तीसरा युवा ग्रसित है। जहां डेढ़ लाख से अधिक सरकारी पद खाली हैं, वहां न्यूनतम योग्यता वाले पदों के लिए भी ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और पीएचडी होल्डर्स लाइन लगा कर खड़े हैं। उन्होंने कहा, पहले तो भर्ती निकलना एक सपना है, भर्ती निकले तो पेपर लीक, पेपर हुआ तो रिजल्ट का पता नहीं और लंबे इंतजार के बाद रिजल्ट आने पर भी अक्सर ज्वॉइनिंग के लिए कोर्ट का चक्कर।

■ कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी सरकार में बेरोजगारी चरम पर पहुंची
■ बेरोजगारी की बीमारी से उत्तर प्रदेश का हर तीसरा युवा ग्रसित

### स्वराज भवन के सामने से शुरू हुई यात्रा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार की शाम 4:00 बजे यहां स्वराज भवन के सामने से शुरू हुई। इस यात्रा में राहुल गांधी के साथ खुली जीप पर कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय और पार्टी के अन्य नेता थे।

संघर्ष विराम समझौते के बावजूद हिंसा बढ़ा रहा सशस्त्र समूह

# मणिपुर हिंसा के पीछे यूएनएलएफ का हाथ

■ सुरक्षा एजेंसियों ने इस पर जताई चिंता
■ बड़ी संख्या में मणिपुर में लूटे गए थे हथियार

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। पिछले साल नवंबर में केंद्र सरकार और सशस्त्र समूहों द्वारा संघर्ष विराम समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। लेकिन फिर भी मणिपुर में बढ़ती हिंसा पर सुरक्षा एजेंसियों ने चिंता जाहिर की है। अधिकारियों के मुताबिक, शांति समझौतों के बावजूद यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) द्वारा मणिपुर में हिंसा को बढ़ाया जा रहा है। यूएनएलएफ (पी) ने 29 नवंबर 2023 को सरकार के साथ युद्धविराम समझौता किया था, साथ ही वादा किया था कि वह अब हिंसा का रास्ता छोड़ देंगे। लेकिन सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों ने आरोप लगा है कि मणिपुर हिंसा में यूएनएलएफ(पी) शामिल हैं। रविवार को अधिकारियों ने रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा कि यूएनएलएफ (पी) के सदस्य आदिवासियों को निशाना बनाने की लगातार साजिश रच रहे हैं, जिसके लिए वे कुकी आबादी वाले क्षेत्रों के समीप अपने ठिकानों को स्थापित कर रहे हैं। जमीनी रिपोर्ट्स का जिक्र करते हुए अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा बलों और आम जनता दोनों के खिलाफ हिंसक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है और इसके पीछे यूएनएलएफ(पी) के विद्रोही हैं। 13 फरवरी को मणिपुर पूर्व के चिंगारेल में पांचवीं इंडिया रिजर्व बटालियन से हथियार और गोला बारूद बड़ी संख्या में लूटे गए थे, जिसमें इस विद्रोही संगठन के शामिल होने की बात सामने आई है।



केजरीवाल ने किया साफ

# पंजाब में सहमति से अकेले चुनाव लड़ेंगी कांग्रेस-आप

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं होने की अफवाहों को खारिज करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि पंजाब में लोकसभा चुनाव अकेले-अकेले लड़ने का आप और कांग्रेस का फैसला 'परस्पर सहमति' से लिया गया था और उनके बीच कोई मतभेद नहीं हैं। दोपहर के भोजन के लिए कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी से मुलाकात करने वाले केजरीवाल ने पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने के आप के फैसले के बारे में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह फैसला आपसी सहमति से लिया गया है और इस में कोई रंजिश नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप दिल्ली में कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत कर रही है क्योंकि इसके बिना भाजपा के लिए चीजें आसान हो जाएंगी। एक दशक से भाजपा राष्ट्रीय राजधानी की सभी सात संसदीय सीटें जीत रही है।



■ गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं होने की अफवाहों को खारिज किया

# कमलनाथ को लेकर मीडिया में चल रही खबरें निराधार: पटवारी

**भोपाल,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ को लेकर चल रहीं खबरों के बीच मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि उनकी श्री कमलनाथ से बात हो गई है और वे कांग्रेस में ही रहेंगे। श्री पटवारी ने रविवार शाम सोशल मीडिया के जरिए अपने बयान में कहा है, मेरी कमलनाथ जी से चर्चा हुई है, कमलनाथ जी ने स्पष्ट किया है कि मीडिया में चल रही खबरें निराधार और षड़यंत्र का हिस्सा है। कमलनाथ जी ने कहा है कि मैं हमेशा कांग्रेसी था, कांग्रेसी हूं और कांग्रेसी ही रहूंगा। गांधी परिवार के साथ कमलनाथ जी के प्रगाढ़ रिश्ते हैं। कमलनाथ जी हमेशा कांग्रेस की विचारधारा के साथ जिए हैं और जिएंगे ऐसी भावना उन्होंने व्यक्त की है।'

**पटवारी बोले, कांग्रेस में ही रहेंगे कमलनाथ**

मौसम | मौसम विभाग ने हल्की बारिश का लगाया अनुमान

# दिल्ली-एनसीआर के मौसम में फिर होगा बदलाव

नई दिल्ली, 18 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली-एनसीआर के मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ का सोमवार से दिखाई देगा। इस दौरान आंधी, हल्की बारिश की संभावना है। बारिश के बाद तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। जिससे मंगलवार को लोगों को एक बार फिर ठंड का अहसास होगा।

मौसम विभाग की मानें तो दो हफ्ते बाद दिल्ली-एनसीआर में गरज के साथ बारिश होगी। इस दौरान पहाड़ों पर भी भारी बर्फबारी और बारिश की संभावना है। पिछले कई दिनों से मौसम शुष्क है। इसकी वजह से बीते तीन दिनों से दोपहर में तेज धूप लोगों को परेशान कर रही है। आईएमडी के मुताबिक रविवार सुबह 7.30 बजे तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा में नमी का स्तर 94 प्रतिशत और 8 किलोमीटर की गति से हवाएं चली।



■ तापमान में तीन से चार डिग्री की आ सकती है कमी

### आंशिक तौर पर बादल छाए रहेंगे

19 फरवरी को आंशिक तौर पर बादल रहेंगे। शाम के समय तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश और आंधी आ सकती है। अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री तक रह सकता है। वहीं 20 फरवरी को बादल घने रहेंगे। हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। अधिकतम तापमान लुढ़ककर 22 और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रह सकता है।

### एयर क्वालिटी खराब श्रेणी में रही

रविवार में सुबह 7.30 बजे दिल्ली का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 300 दर्ज किया गया, जो कि खराब श्रेणी में आता है। पंजाबी बाग में 308, नेहरू नगर में 303, सोनिया विहार में 302, जहांगीरपुरी में 318, रोहिणी में 306, विवेक विहार में 313, मुंडका में 336, आनंद विहार में 369, अलीपुर में 230, शादीपुर में 270 दर्ज किया गया।

# देश

**उवाच**

अभी हमारे साथ और आठ मंत्री काम कर रहे हैं। सभी काम हो रहे हैं। मंत्रिमंडल विस्तार समय पर हो जाएगा। लोकसभा चुनाव में इस बार हम लोग बेहतर प्रदर्शन करेंगे और पिछली बार से अधिक संख्या में लोकसभा सीट जीतेंगे।

-नीतीश कुमार,बिहार के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 25.0 | 15.0 |
| मुंबई | 17.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 26.0 | 20.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 25.0 |

# किसी दबाव में आने वाला नहीं कमलनाथ का चरित्र : दिग्विजय

**भोपाल,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके पुत्र छिंदवाड़ा से सांसद नकुलनाथ की भाजपा में शामिल होने की चर्चाओं के बीच पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बड़ा दावा किया

■ **भाजपा में शामिल होने की चर्चाओं के बीच किया बड़ा दावा**

है। उनका कहना है कि कमलनाथ का चरित्र किसी भी दबाव में न आने वाला है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलें को दिग्विजय सिंह ने खारिज किया और कहा, कमलनाथ जैसा व्यक्ति जिन्होंने अपनी राजनीति की शुरुआत कांग्रेस से की और जिन्हें हम सब इंदिरा जी का तीसरा पुत्र मानते है, उन्होंने हमेशा कांग्रेस का साथ दिया है और कांग्रेस के स्तंभ रहे। कांग्रेस की ओर से कमलनाथ को दी गई जिम्मेदारियां का जिक्र करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि कमलनाथ को कौन सा पद नहीं मिला, उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए और मुख्यमंत्री बनाए गए। सारे पद उनको मिले। मुझे नहीं लगता कि वह कांग्रेस छोड़ेंगे। ईडी का, आईटी का और सीबीआई का दबाव तो सब पर है, वह उन पर भी है लेकिन कमलनाथ का चरित्र दवाब में आने वाला नहीं रहा। मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने की संभावना



**ईडी, आईटी और सीबीआई का दबाव तो सब पर है वह उन पर भी है : दिग्विजय सिंह**

बताई जा रही है। ऐसे में महत्वपूर्ण है कि उन नेताओं की बात की जाएं, जो पहले कांग्रेस से भाजपा में गए हैं। क्या उन्हें न्याय मिला। इस सियासी अटकलों के बीच मध्य प्रदेश कांग्रेस भड़क गई है। उसकी तरफ से पिछले पांच साल में कांग्रेस छोड़ने वाले 62 नेताओं की सूची जारी की गई है। इसमें दावा किया है कि भाजपा में शामिल सिर्फ सात नेताओं की ही किस्मत चमकी है। शेष पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष राजनीति में हाशिये पर हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके सांसद बेटे नकुलनाथ के कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने की अटकलें हैं। दोनों नेता दिल्ली में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के कांग्रेस छोड़ने की चर्चाओं के बीच प्रदेश कांग्रेस में खलबली मच गई है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने पर प्रदेश कांग्रेस में बड़ी टूट होने का अनुमान लगाया जा रहा है। दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री के साथ करीब दो दर्जन विधायक और पूर्व विधायक के साथ ही दो महापौर भी कांग्रेस छोड़ सकते हैं। इसमें परासिया से विधायक सोहन वाल्मीकि, सौंसर से विधायक विजय चौरे, जुन्नारदेव से विधायक सुनील उईके, पांढुर्णा से विधायक निलेश उईके, अमरवाड़ा से विधायक कमलेश शाह, परसवाड़ा से विधायक मधु भगत, चौरई से विधायक सुजीत चौधरी, बैहर से विधायक संजय उईके, मुरैना से विधायक दिनेश गुर्जर, वारासिवनी से विधायक विवेक पटेल और मुरैना और छिंदवाड़ा महापौर के भी कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें हैं।

## 55 नेताओं का भविष्य भाजपा में खत्म

कांग्रेस नेताओं का दावा है कि कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए 62 में से 55 नेताओं का भविष्य खत्म हो गया या राजनीति के हाशिये पर चले गए। अब वह भाजपा में बैकबैंचर्स की भूमिका में हैं। कांग्रेस के नेताओं का दावा है कि भाजपा उनका उपयोग करने के बाद उनकी राजनीति ही खत्म कर देगी। जानकारों का कहना है कि कांग्रेस अब अपने विधायक और बड़े नेताओं को भाजपा में शामिल होने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रही है।

# निष्कासित भाजपा नेता के खिलाफ एक और एफआईआर


**कानपुर,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। कानपुर के किसान बाबू सिंह की आत्महत्या मामले के मुख्य आरोपी और निष्कासित भाजपा नेता प्रियरंजन आशु दिवाकर के खिलाफ एक नई एफआईआर दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, नई एफआईआर मृतक किसान के परिजनों को धमकी देने के आरोप में दर्ज की गई है। बाबू सिंह की बेटी रूबी ने चकेरी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि दिवाकर मामले में समझौता करने के लिए परिवार पर दबाव बना रहे थे। रूबी ने कहा कि 15 फरवरी को जब वह घर लौट रही थी, तभी अज्ञात लोगों ने उन्हें रोका और धमकी दी कि दिवाकर को जमानत मिल गई है। अगर उसके परिवार ने मामला नहीं सुलझाया, तो उस पर तेजाब से हमला किया जाएगा। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने कहा कि केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। किसान बाबू सिंह ने 9 सितंबर 2023 को ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने अपने सुसाइड नोट में आरोप लगाया था कि प्रियरंजन आशु दिवाकर ने उनकी जमीन हड़प ली है। बाबू सिंह की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने दिवाकर और पांच अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी, जमीन हड़पने और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया था।



# समाज के सभी वर्गों तक विकास पहुंचाना प्रतिबद्धता : मनोज सिन्हा

**जम्मू,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के दृष्टिकोण ने विकासात्मक असंतुलन को दूर कर दिया है। आवाम की आवाज कार्यक्रम के दौरान सिन्हा ने आत्मनिर्भर जम्मू-कश्मीर के निर्माण के लिए सामाजिक न्याय प्रदान करने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के सात दशक से अधिक समय के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में सामाजिक न्याय की स्थापना की, जिससे सभी को समान अवसर और समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों की भलाई तथा समृद्धि के लिए संसाधनों तक पहुंच सुनिश्चित हुई। उन्होंने कहा कि कोई भी भविष्योन्मुख समाज जन-केंद्रित शासन के बिना प्रगति नहीं कर सकता है। हमारा दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करना है कि विकास समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे। अवसरों तक समान पहुंच के उपायों को और मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि गुज्जर, बकरवाल और अन्य सूचीबद्ध जनजातियों के हितों की रक्षा करते हुए पहाड़ी, पादरी जनजाति, कोली और गड्डा ब्राह्मण को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने का ऐतिहासिक निर्णय सभी के सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने बडगाम की वहीदा अख्तर का विशेष उल्लेख किया, जिन्होंने भारी चुनौतियों का सामना करते हुए क्षेत्र की महिलाओं के लिए प्रेरणा बनकर उनके आर्थिक सशक्तिकरण में मदद की। जम्मू की रेवा रैना विभिन्न स्कूलों में खेल के माध्यम से मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा दे रही हैं। उपराज्यपाल ने कहा, उनकी दूरदर्शिता और निस्वार्थता ने युवाओं को प्रगतिशील सोच लाने और उन्हें आकार देने में मदद की है।

उपराज्यपाल ने सरस भारती, मेधावी शर्मा, उधमपुर की अनीता शर्मा और शाहनाज बानो, कठुआ की सुनीता देवी, बारामुला के नाजिश राशिद, गांदरबल की महबूबा अख्तर और सांबा की निवासी लक्ष्मी के नामों का उल्लेख किया।



■ **उपराज्यपाल ने आवाम की आवाज कार्यक्रम को किया संबोधित**

## बांदीपोरा की शबनम बशीर की सराहना की

अवाम की आवाज कार्यक्रम के 35वें संस्करण को जम्मू कश्मीर के गुमनाम नायकों और नारी शक्ति को समर्पित करते हुए, उपराज्यपाल ने समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान और आदिवासी संस्कृति के पुनरुद्धार के लिए असाधारण प्रयासों के लिए बांदीपोरा की शबनम बशीर की सराहना की। उपराज्यपाल ने महिलाओं के स्वास्थ्य, कल्याण और सुरक्षा पर श्रीनगर से डॉ. सैयद सेलीन, रियासी से प्रिया वर्मा और पुलवामा से इंशा मंजूर से प्राप्त बहुमूल्य सुझावों को साझा किया और उचित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर के दस जिलों के लिए हिमस्खलन की चेतावनी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने जम्मू-कश्मीर के 10 जिलों के पर्वतीय इलाकों में अगले 24 घंटों के दौरान बारिश और हिमपात के साथ हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। जेकेडीएमए ने कहा कि अगले 24 घंटों के दौरान अनंतनाग और कुलगाम जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में समुद्र तल से 2500 मीटर ऊपर 'कम खतरनाक' स्तर का हिमस्खलन होने का अनुमान है।

### तमिलनाडु पुलिस ने पकड़ी गांजे की खेप

**चेन्नई।** तमिलनाडु पुलिस ने रविवार को राज्य के नागापट्टनम जिले से तीन लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 364 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया, जिसे तस्करी करके श्रीलंका ले जाने की योजना थी। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान वेलानकन्नी निवासी के. सथियासीलन, नलुवेदापति निवासी एम. महेंद्रन और पुष्पावनम निवासी टी. सुगुमार के रूप में हुई है।

### महाराष्ट्र एमएसएमई डिफ्रेंस एक्सपो 24 से

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे में 24 से 26 फरवरी तक तीन दिवसीय महाराष्ट्र सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रम डिफेंस एक्सपो आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की प्रगति को और मजबूत करना तथा राज्य सरकार के उद्योग विभाग के माध्यम से महाराष्ट्र में रक्षा सामग्री बनाने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देना है। यह महाराष्ट्र में अपनी तरह की पहली रक्षा प्रदर्शनी होगी, जो राज्य के एमएसएमई को रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने में सक्षम बनाएगी। यह पुणे में अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जा रहा है।

### केरल में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**कासरगोड।** केरल के पेरिया में रविवार तड़के एक कार अनियंत्रित हो कर डिवाइडर से टकराने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बने गड्ढे में गिर गई, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक कार के अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जिनकी पहचान थायनोर निवासी सी राजेश और रघुनाथ के रूप में की गई है। दो अन्य राहुल और राजेश गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें मैंगलोर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना तब हुई, जब वाहन में बैठे यात्री पेरिया के एक मंदिर में थेय्यम उत्सव में भाग लेने के बाद अपने घर लौट रहे थे।

# तमिलनाडु में कांग्रेस को सात लोस सीटें देने को द्रमुक राजी

**चेन्नई,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक पार्टी कांग्रेस को सात लोकसभा सीटें देने पर



सहमत हो गई है। कांग्रेस ने राज्य में 16 सीटों की मांग की थी। कांग्रेस ने 2019 के आम चुनाव में द्रमुक के नेतृत्व वाले सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस (एसपीए) में गठबंधन सहयोगी बनकर नौ सीटों पर चुनाव लड़ा था जिसमें आठ उसने जीती थी जबकि थेनी सीट वह हार गई थी जहां अन्नाद्रमुक के ओ.पी. रवींद्रनाथन ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता ई.वी.के.एस. इलांगोवन को हराकर सीट जीती थी। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस के उम्मीदवारों की सूची बहुत बड़ी थी और टी.आर. बालू के नेतृत्व वाली द्रमुक टीम ने कांग्रेस नेतृत्व को बताया कि वह सात से अधिक सीटें देने पर विचार नहीं कर सकती है। इससे पहले, द्रमुक जिला सचिवों ने पार्टी नेतृत्व को बताया था कि कांग्रेस को कम सीटों तक सीमित रखा जाना चाहिए क्योंकि जमीन पर उसकी ताकत सीमित है।

सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस का राज्य नेतृत्व उम्मीद कर रहा है कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी हस्तक्षेप करेंगे और द्रमुक प्रमुख से पार्टी को कुछ और सीटें देने के लिए कहेंगे। द्रमुक के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि लगभग सभी निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस की ताकत बहुत कम है और उन्हें मिली सात सीटें भी अधिक हैं।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बोले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी

# बसपा के लिए बंद नहीं हुए इंडिया गठबंधन के दरवाजे

**प्रयागराज,**18 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और यूपी के प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि बसपा के लिए इंडिया गठबंधन के दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। यह मायावती को तय करना है कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में वह भाजपा के खिलाफ एकजुट दलों के साथ आना चाहती हैं कि नहीं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने आए अविनाश पांडेय ने के दौरान कहीं।

कांग्रेस महासचिव ने मायावती ने पहले ही घोषणा कर दी है कि उनकी पार्टी अकेले दम पर लोकसभा चुनाव में उतरेगी, लेकिन इंडिया गठबंधन चाहता है कि वह गठबंधन में शामिल होकर चुनाव में उतरें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरे दिल से समाजवादी पार्टी का समर्थन कर रही है। पूरा विश्वास है कि यूपी में लोकसभा चुनावों के लिए सीट-बंटवारे पर समझौता हो जाएगा। जो कुछ मतभेद हैं उसे शीघ्र ही दूर कर लिया जाएगा। महासचिव ने कहा कि यूपी के कुछ छोटे



**सपा संग सीट बंटवारे पर होगा समझौता : अविनाश पांडेय**

दलों से भी गठबंधन में शामिल होने के लिए बातचीत किया जा रहा है। इसमें से कुछ बिना शर्त शामिल हो रहे हैं और कुछ को कुछ उम्मीदें हैं और इसलिए थोड़ा समय लग रहा है, लेकिन इस महीने के अंत तक सब कुछ सुलझा लिया जाएगा।

**सोनिया गांधी पार्टी की स्तंभ**

अविनाश पांडेय ने कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पार्टी की मजबूत स्तंभ हैं। जैसा कि आपने उनका पत्र पढ़ा होगा, जिसमें उन्होंने बहुत स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि यूपी, रायबरेली और अमेठी उनसे अलग नहीं है। वह परिवार के मुखिया के रूप में समर्थन करना जारी रखेंगी। वह लोगों को उसी तरह का मार्गदर्शन देंगी। उन्हें लगता है कि रायबरेली उनका घर है। कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता चाहते हैं कि गांधी परिवार का कोई सदस्य अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़े। अगर प्रियंका गांधी वहां से चुनाव लड़ती है तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन प्रियंका-राहुल कहां से चुनाव लड़ेंगे, इसका निर्णय उन्हें ही लेना है। लोगों की भावनाओं का ध्यान रखते हुए ही राहुल और प्रियंका को कोई निर्णय लेना चाहिए। हमे विश्वास है कि वह उचित निर्णय लेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने सार्वजनिक और व्यक्तिगत बातचीत में भी उत्तर प्रदेश में यात्रा का स्वागत किया है और संभवत: अमेठी-रायबरेली की बैठकों में भी वह इसमें शामिल भी हो सकते हैं।

## जयंत चौधरी का कदम दुर्भाग्यपूर्ण

कांग्रेस महासचिव ने जयंत चौधरी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के इंडिया गठबंधन से बाहर निकलने को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बताया। साथ ही विश्वास जताया कि इस महीने के अंत में यात्रा पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भी गुजरेगी, जिससे विपक्षी गुट एकजुट हो जाएगा। वहां से लोगों का समर्थन मिल रहा है। रालोद के बाहर निकलने के बाद सीटों का निर्धारण नए सिरे से करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। अब तक हमने जो भी चर्चा की है, निश्चित रूप से अब पूरी चीज को फिर से व्यवस्थित करने के लिए कुछ बदलाव होंगे और इसीलिए इसमें कुछ समय लग रहा है, लेकिन बहुत जल्द हम संयुक्त रूप से उम्मीदवारों की सूची लेकर आएंगे।

# झारखंड में सामाजिक न्याय की अपनी यात्रा रखेंगे जारी : खड़गे

**रांची,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से दिल्ली में उनके निवास पर झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन झारखंड के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शिष्टाचार मुलाकात की। खड़गे ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की और झारखंड के नेताओं के साथ मिलकर हमने पुन: साथ मिलकर तानाशाही सरकार से लड़ने का संकल्प लिया। हम झारखंड में प्रगतिशील जन-कल्याणकारी पर सामाजिक न्याय की अपनी यात्रा जारी रखेंगे। खड़गे ने कहा के अंतिम पायदान तक जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड राज्य में चल रहे जन कल्याणकारी योजनाओं , आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप ,संवर्धन योजना, साइकिल के लिए डीबीटी, सामुदायिक व व्यक्तिगत वन पट्टा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, केसीसी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, की जानकारी दी।



■ **चम्पाई सोरेन ने खड़गे से की शिष्टाचार मुलाकात**

## चम्पाई सोरेन ने झारखंड भवन की किया अवलोकन

**नई दिल्ली** झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन इस समय दिल्ली में बन रहे झारखंड भवन का अवलोकन किया। दिल्ली के केंद्र बिंदु कनाट प्लेस में बन रहे नए झारखंड भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अभी झारखंड भवन वसंत विहार में अवस्थित है। नए भवन को केंद्र में होने से सभी लोगों के लिए सुगमता बढ़ जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत समय से झारखंड भवन को दिल्ली के केंद्र में होने की आवश्यकता थी। अब ये आवश्यकता पूरी हो रही है। नया झारखंड भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। हमें आशा है जल्द ही इसको क्रियान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर झारखंड के मुख्य स्थानिक आयुक्त के श्रीनिवासन और झारखंड भवन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# सेल्वापेरुन्थागई बने टीएनसीसी के अध्यक्ष

**चेन्नई,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु में एक आश्चर्यजनक घटनाक्रम में कांग्रेस आलाकमान ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले अपने विधायक दल के नेता के. सेल्वापेरुन्थागई को प्रदेश कांग्रेस समिति (टीएनसीसी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।

सेल्वापेरुन्थागई मौजूदा टीएनसीसी प्रमुख के.एस. अलागिरी का स्थान लेंगे। वर्ष 2019 में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का पदभार संभालने वाले श्री अलागिरी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि वे पार्टी के नए राज्य प्रमुख को पूरा सहयोग देंगे।

सीएलपी के उपनेता राजेश कुमार को सेल्वापेरुन्थागई के स्थान पर विधानसभा में विधायक दल का नेता बनाया गया है। गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस में बदलाव की खबरें काफी समय से आ रही थी, लेकिन लेकिन पार्टी इससे इनकार कर रही थी। लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा नजदीक आने के साथ ही सेल्वापेरुन्थागई को इस पद पर नामांकित करके पार्टी ने सबको आश्चर्यचकित कर दिया है।

# संदेशखाली के मुख्य आरोपी को आठ दिन की पुलिस रिमांड

**कोलकाता,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की एक स्थानीय अदालत ने संकटग्रस्त संदेशखाली में कथित सामूहिक यौन उत्पीड़न और आदिवासी लोगों की जमीनें हड़पने के तीन प्रमुख आरोपियों में से एक एवं तृणमूल कांग्रेस के गिरफ्तार नेता शिबू प्रसाद हाजरा को रविवार को आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। अभियोजन पक्ष ने शनिवार को गिरफ्तार किए गए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के ब्लॉक स्तर के नेता हाजरा को बशीरहाट उप-विभागीय अदालत में पेश किया, जिसके बाद अदालत ने आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश सुनाया। उस पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत यौन उत्पीड़न और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है। बशीरहाट के पुलिस अधीक्षक एचएम रहमान ने संवाददाताओं को बताया कि उत्तर 24 परगना जिले में एक मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष एक पीड़ित महिला द्वारा दिए गए बयान के बाद हाजरा को गिरफ्तार किया गया था। एक अन्य मुख्य आरोपी और अपराधों का कथित मास्टरमाइंड शाहजहां शेख अब भी फरार है। संदेशखाली की कई महिलाओं ने मीडियाकर्मियों के सामने दावा किया है कि शाहजहां कथित यौन शोषण और क्षेत्र में आदिवासी लोगों की जमीन जबरन हड़पने के मामलों का मास्टरमाइंड था। श्री रहमान ने हालांकि स्पष्ट किया कि शाहजहां के खिलाफ कोई शिकायत नहीं है।



**पीड़ित महिला के बयान के बाद हाजरा को किया गिरफ्तार**

**चिंता** *जम्मू कश्मीर में घुसपैठ की गतिविधियों में मदद के लिए पाकिस्तान का नया पैंतरा*

# पीओके में नियंत्रण रेखा के पास दूरसंचार टॉवरों में की वृद्धि

**जम्मू, 18 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नियंत्रण रेखा के पास हाल के दिनों में दूरसंचार टावरों की संख्या में वृद्धि की गई है। आतंकवादियों और उनके मददगारों को घुसपैठ की गतिविधियों में मदद करने के लिए पाकिस्तान ने यह नई चाल चली है। जम्मू संभाग के पीर पंजाल के दक्षिण क्षेत्र में आतंकवादी गुट अत्यधिक।**

एन्क्रिप्टेड वाईएसएमएस सेवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। वाईएसएमएस एक ऐसी तकनीक है, जिससे स्मार्ट फोन और रेडियो सेट को मर्ज कर गुप्त संदेश भेजे जा सकते हैं। इन संदेशों को पकड़ (डिकोड) पाना कर आसान नहीं रहता है। अधिकारियों ने कहा कि इन क्षेत्रों में हाली ही के घुसपैठ और आतंकी हमलों के पैटर्न के अध्ययन के बाद यह बात सामने आई है। इस तकनीक की मदद से पीओके में आतंकी संगठन का हैंडलर एलओसी के पार इस्तेमाल होने वाले टेलीकॉम नेटवर्क पर जम्मू संभाग में घुसपैठ करने वाले समूह और उसकी रिसेप्शन पार्टी से जुड़ा होता है। ऐसा सेना या बीएसएफ के जवानों से बचने के लिए जाता है।

टेलीकॉम सिग्नल को बढ़ावा देने की परियोजना पूरी तरह से पाकिस्तानी सेना अधिकारी मेजर जनरल उमर अहमद शाह के नेतृत्व वाले विशेष संचार संगठन (एससीओ) को सौंप दी गई है। अहमद शाह के बारे में माना जाता है कि वह पहले पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी आईएसआई के साथ काम करता था। एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास आतंकियों की मदद के लिए स्थापित किए जा रहे दूरसंचार टावरों का रणनीतिक प्लेसमेंट संयुक्त राष्ट्र के तहत अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) के संविधान के अनुच्छेद 45 का उल्लंघन है। आईटीयू के संविधान के अनुच्छेद 45 में सभी 193 सदस्य देशों को पहचान संकेतों के प्रसारण या प्रसार को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता के लिए कहा गया है। साथ ही ऐसे संकेतों को प्रसारित करने वाले अपने अधिकार क्षेत्र के तहत स्टेशनों का पता लगाने और पहचानने में सहयोग करने के लिए कहा गया है।

अधिकारियों ने कहा कि आईटीयू के तहत रेडियो कम्युनिकेशन ब्यूरो (बीआर) ने सभी स्टेशनों को अनावश्यक प्रसारण, या अनावश्यक संकेतों का प्रसारण, या गलत या भ्रामक संकेतों का प्रसारण, या बिना पहचान के संकेतों का प्रसारण करने से मना किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले को संबंधित अंतरराष्ट्रीय मंच पर उठाने के लिए मंत्री स्तर पर चर्चा की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि नए टेलीकॉम टावर कोड-डिवीजन मल्टीपल एक्सेस (सीडीएमए) तकनीक पर काम कर रहे हैं और एन्क्रिप्शन मुख्य रूप से वाईएसएमएस संचालन को पूरा करने के लिए एक चीनी फर्म द्वारा किया गया है।



■ **एन्क्रिप्टेड वाईएसएमएस सेवाओं का इस्तेमाल कर रहे आतंकी गुट**

उल्टा पुल्टा

एक दिन भगवान ने एक आदमी की मेमोरी डिलीट कर दी। फिर उससे पूछा क्या तुम्हें कुछ याद है? आदमी ने अपनी पत्नी का नाम बता दिया। भगवान हंसकर बोले-पूरा सिस्टम फॉमेंट कर दिया पर वायरस फिर भी रह गया।

# महिलाओं की चिंताओं को दूर करने में मदद करेंगी एडब्ल्यूपीपी : एलजी

## श्रद्धानंद मार्ग व खान मार्केट में दो महिला पुलिस चौकियों का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस की तरफ से श्रद्धानंद मार्ग और खान मार्केट एरिया में दो महिला पुलिस चौकियां एडब्ल्यूपीपी बनाई गई हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रविवार को इनका उद्घाटन किया। इस दौरान उपराज्यपाल के आलावा दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा के साथ पुलिस के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। उपराज्यपाल ने इस कार्य को दिल्ली पुलिस के द्वारा किया गया अच्छा कदम बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली का रेड लाइट एरिया ऐसा एरिया है, जहां महिला किसी को भी अपनी बात नहीं बता सकती। लेकिन अब दिल्ली पुलिस के द्वारा इस चौकी को स्पेशल बनाया गया है। इसमें महिला इंचार्ज और महिला पुलिस कर्मी मौजूद रहेंगी। उधर, एलजी ने एक्स कर बताया कि आज मैंने श्रद्धानंद मार्ग और खान मार्केट में 2 महिला पुलिस चौकियों का उद्घाटन किया। सभी आवश्यक गैजेट और विशेष रूप से प्रशिक्षित महिला कर्मियों से सुसज्जित, ये एडब्ल्यूपीपी महिलाओं की लगातार चिंताओं को दूर करने में मदद करेंगी। इस पुलिस चौकी में महिला आकर अपनी बात बिना किसी डर के बता सकती है। इसके साथ ही दूसरा पुलिस बूथ खान मार्केट में बनाया गया है। उपराज्यपाल ने आगे कहा कि 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर महिलाओं का प्रदर्शन अद्भुत था। उसी से प्रेरणा लेकर यह तय किया था क्यों न हम दिल्ली में महिला पुलिस पोस्ट शुरू करे। आज इसकी शुरुआत हो गई है, दूसरी शुरुआत अभी खान मार्केट से होने वाली है।



**दिल्ली का रेड लाइट एरिया ऐसा है जहां महिला किसी को भी अपनी बात नहीं बता सकती : विनय कुमार सक्सेना**

### चौकी बनने से महिलाओं को सुरक्षा दे पाएंगे हम लोग : हर्षवर्धन सिंह

सेंट्रल दिल्ली के डीसीपी एम हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि दिल्ली पुलिस के द्वारा दो महिला चौकी को बनाया गया। इस चौकी में महिला स्टाफ रहेंगे। साथ ही पांच महिला स्कूटी भी थाने पर मौजूद रहेंगी, ताकि अगर महिलाओं को किसी तरह की दिक्कत या परेशानी हो तो तुरंत उनके पास पहुंचा जा सकेगा। खास तौर पर महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस पहल को शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस चौकी बनने से महिलाओं को हम लोग सुरक्षा दे पाएंगे।

# सीनियर छात्र की चाकू गोदकर हत्या

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। दक्षिण दिल्ली के नेब सराय स्थित सरकारी स्कूल में परेशान करने से हताश 10वीं कक्षा के तीन छात्रों ने सीनियर छात्र की चाकू गोदकर हत्या कर दी। आरोपियों ने रोहन (17) पर करीब 24 वार किए। पुलिस ने 15 व 16 साल के तीनों छात्रों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि स्कूल के अलावा रोहन दोस्तों के बीच उन्हें जलील करता रहता था। इससे हताश होकर तीनों ने निजी स्कूल के बाहर छात्र की हत्या कर दी। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान के अनुसार, गत बृहस्पतिवार को सूचना मिली थी कि एमएनडीपी स्कूल, संगम विहार के पास एक छात्र को चाकू मार दिया गया है। पुलिस को घटलास्थल पर दो चाकू मिले। घायल को सफदरजंग अस्पताल ले जाया जा चुका था। अस्पताल पहुंचाने पर पुलिस को पता चला कि रोहन के पेट में चाकू के कई वार किए गए हैं। इलाज के दौरान कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। लोकल इंटेलिजेंस के अलावा सीसीटीवी कैमरों से पड़ताल हुई। इसके बाद सीसीटीवी से आरोपियों की पहचान हुई। देर रात को तीनों को दबोच लिया गया। एक आरोपी ने बताया कि रोहन जिस स्कूल में 11वीं में पढ़ता है, वह उसी स्कूल में 10वीं में पढ़ता है।

# देश की जनता को सार्वजनिक हीनभावना से निकाल बाहर : शाह

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते दस साल के शासन के दौरान देश को गरीबी, भ्रष्टाचार, जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टीकरण से मुक्ति दिलाने का काम किया है जबकि आगामी लोकसभा चुनावों में कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन इन्हीं नासूरों को फिर से देश में जगह दिलाने के लिए लड़ रहे हैं। शाह ने कहा कि मोदी ने अपने आचरण एवं कार्यों से देश की जनता को सार्वजनिक हीनभावना से बाहर निकाला और गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलाई है और विकास को केन्द्र में रख कर 'पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस' यानी कार्यप्रदर्शन की राजनीति को स्थापित किया है। शाह यहां भारत मंडपम में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन 'भाजपा देश की आशा और इंडी गठबंधन, कांग्रेस की हताशा' प्रस्ताव को प्रस्तुत करते हुए यह बात कही।

इस मौके पर प्रधानमंत्री श्री मोदी, भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय मंत्रीगण एवं पार्टी के करीब 12 हजार कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रस्ताव का अनुमोदन केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया। उन्होंने कहा कि बीते 75 वर्ष में इस देश ने 17 लोकसभा चुनाव, 22 सरकारें और 15 प्रधानमंत्री देखें हैं। देश में हर सरकार ने अपने समय पर समयानुकूल विकास करने का प्रयास किया है। लेकिन आज मैं बिना किसी कन्फ्यूजन के कह सकता हूं कि समग्र विकास, हर क्षेत्र का विकास और हर व्यक्ति का विकास करने का काम केवल नरेन्द्र मोदी के 10 वर्षों में हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा राष्ट्रीय सम्मेलन ऐसे समय में है जब चुनाव नजदीक हैं। इस सम्मेलन के बाद हम मोदी जी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के संकल्प के साथ अपने निर्वाचन क्षेत्रों में वापस जाएंगे। दलित, आदिवासी और पिछड़े समाज का एक वोटबैंक की तरह कांग्रेस और इंडी अलायंस बहुत उपयोग किया। लेकिन उन्हें पहली बार सम्मान और हिस्सेदारी देने का काम भाजपा की मोदी सरकार ने किया।




■ भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में बोले गृह मंत्री

## सार संक्षेप

### आप-कांग्रेस ने आपसी सहमति से लिया पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** विपक्षी इंडिया गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं होने की अफवाहों को खारिज करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि पंजाब में लोकसभा चुनाव अकेले-अकेले लड़ने का आप और कांग्रेस का फैसला परस्पर सहमति से लिया गया था और उनके बीच कोई मतभेद नहीं हैं। दोपहर के भोजन के लिए कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी से मुलाकात करने वाले केजरीवाल ने पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने के आप के फैसले के बारे में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह फैसला आपसी सहमति से लिया गया है और इस में कोई रंजिश नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप दिल्ली में कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत कर रही है क्योंकि इसके बिना भाजपा के लिए चीजें आसान हो जाएंगी। एक दशक से भाजपा राष्ट्रीय राजधानी की सभी सात संसदीय सीटें जीत रही है। इससे पहले, जब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य की सभी 13 सीटों पर आप के चुनाव लड़ने के फैसले की घोषणा की थी, तो पंजाब कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा था कि सबसे पुरानी पार्टी बिल्कुल यही चाहती है। हाल ही में एक निजी टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में बाजवा ने कहा था, पंजाब में हम आप के साथ नहीं जा सकते, क्योंकि आप सत्तारूढ़ पार्टी है और कांग्रेस विपक्ष में है। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा ने विपक्षी गठबंधन को अवसरवादी करार दिया।

### विश्व पुस्तक मेले में जुटे पुस्तक प्रेमी

**नई दिल्ली।** विश्व पुस्तक मेले में भारी संख्या में लोग पहुंचे। उत्साहित लोगों ने परिवार के साथ पहुंचकर यहां लंबी कतारों में लगकर प्रगति मैदान के अंदर प्रवेश किया। आसपास की सड़कें आगंतुकों की भारी संख्या में पहुंचने से जाम रहीं। नई दिल्ली की सभी सड़कों से मानो लोग पुस्तक मेले में जा रहे हों। रविवार को मेले के आखिरी दिन भी भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है। मेले के आखिरी दिन यहां किताबों पर भारी छूट मिल रही। कई किताबों पर 70 फीसदी तक की छूट है। मेले में साहित्यिक जगत के दिग्गजों, शिक्षकों और किताब प्रेमियों की मंडली ने किताबों और पढ़ने के प्रति अपने प्यार का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। शनिवार को मेले के एंट्री गेट पर लंबी लाइन रही। शटल सेवा के लिए लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ा, लेकिन आगंतुक देर शाम तक यहां डटे रहें। किताबों के स्टालों, अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन के मंच पर और लाइव सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हर जगह खूब भीड़ रही। लोगों ने विभिन्न मंडपों, वैचारिक चर्चाओं, चित्र प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। बच्चों के मंडप में कहानी कहने-सुनाने, चित्रण, सुलेख, कला, नाटक में हिस्सा लेने के लिए भारी संख्या में बच्चे आए। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को ब्रेल किताबें बांटी गईं। हॉल-1 में यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर बच्चों को ऑडियो, ईबुक्स और मुफ्त में ब्रेल किताबें दी गईं। वसुंधरा बहुगुणा ने असम के माजुली द्वीप की पौराणिक कहानी सुनाई। बहुभाषी भारत, फेस्टिवल ऑफ फेस्टिवल्स में पोएट्री थ्रू द लेंस ऑफ इंडिया पर एक चर्चा सत्र आयोजित हुआ। भारत लिटरेचर फेस्टिवल में भारत-पाक संबंधों में कूटनीति विषय पर चर्चा हुई। प्रसिद्ध टीवी एंकर अदिति त्यागी ने पाकिस्तान में पूर्व भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसारिया से चर्चा की। बिसारिया ने इस बीच अपनी किताब एंगर मैनेजमेंट- द ट्रबल्ड डिप्लोमैटिक रिलेशनशिप बिटवीन इंडिया एंड पाकिस्तान पर चर्चा की। इतिहास, विदेश नीति और माइथोलॉजी की किताबें युवाओं की विशेष पसंद बनी हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर की किताब हवाई भारत मैटर्स, अक्षत गुप्ता की हिडन हिंदू युवा ढूंढ रहे।

# जेन नेक्स्ट वर्चुअल डिजाइन फेस्टिवल आयोजित

## तीन मास्टर कक्षाओं में एक हजार से अधिक हुए पंजीकरण

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। कॉलेज दुनिया और एआईडीएटी के बीच एक सहयोग, जेन नेक्स्ट वर्चुअल डिजाइन फेस्टिवल 2024, जनवरी में अपने उद्घाटन के बाद से किसी जीत से कम नहीं रहा है। जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी मुंबई, मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर और वेदात्य इंस्टीट्यूट गुरुग्राम जैसे संस्थानों के साथ साझेदारी में आयोजित तीन मास्टर कक्षाओं में 1000 से अधिक पंजीकरण हुए और 800 से अधिक ने उपस्थिति दर्ज कराई। वर्चुअल डिजाइन फेस्टिवल जनवरी, 2024 में शुरू हुआ और जून, 2024 तक चलेगा। प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय स्तर के संकाय के नेतृत्व में सत्रों में भाग लिया, जिसमें डिजाइन क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण कौशल-जैसे डिजाइन में एआई एकीकरण को नेविगेट करना, फैशन करियर पथ की खोज करना, यूएक्स को समझना, उत्पाद डिजाइन क्षमताओं का सम्मान करना और टिकाऊ प्रथाओं को अपनाना आदि पर चर्चा की गई। एक प्रतिभागी सुमित झा ने कहा कि यह महोत्सव भारत में डिजाइन शिक्षा के बढ़ते महत्व का एक आदर्श उदाहरण है।

■ आठ सौ से अधिक ने दर्ज की उपस्थिति

उद्योग के विशेषज्ञों से सीखने और उत्साही लोगों के साथ जुड़ने का अवसर इच्छुक डिजाइनरों के लिए अमूल्य है। एक अन्य प्रतिभागी आकृति खन्ना ने कहा कि यह मंच महत्वाकांक्षी डिजाइनरों को अपनी प्रतिभा दिखाने और सलाहकारों से जुड़ने के लिए एक अद्वितीय स्थान प्रदान करता है।

कौशल को बढ़ाने और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए कई अवसर प्रदान करता है। मास्टर कक्षाएं उच्च शिक्षा की चुनौतियों के लिए तैयारी के लिए डिज़ाइन दिग्गजों का मार्ग दर्शन। डिज़ाइन प्रतियोगिताएं, रचनात्मकता की सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका करियर मार्गदर्शन अपनी रचनात्मक यात्रा को आकार देने के लिए डिज़ाइन आइकन के साथ संबंध बनाने का अवसर।

### इच्छुक डिजाइनरों के लिए नामांकन खुला

अपनी क्षमता को उजागर करने के इच्छुक डिजाइनरों के लिए नामांकन खुला है। बस अपनी अग्रिम पंक्ति की सीट सुरक्षित करने के लिए चरणों का पालन करें और अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मासिक प्रतियोगिताओं में भाग लें। इस फेस्टिवल के संयोजन में एआईडीएटी ने अखिल भारतीय डिज़ाइन एप्टीट्यूड टेस्ट की शुरुआत की है, जो प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में प्रतिष्ठित डिज़ाइन कार्यक्रमों के लिए आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाता है। और डिजाइन के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा सुनिश्चित करता है।

# साहित्य कला परिषद का आर्टिस्ट कैंप वॉयस ऑफ कलर्स 21 फरवरी तक

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। साहित्य कला परिषद एनसीटी दिल्ली सरकार के कला और संस्कृति विभाग ने रचनात्मकता एवं समृद्ध कलात्मक विविधता को प्रदर्शित करने वाले अनूठे आर्टिस्ट कैंप वॉयस ऑफ कलर्स के दूसरे संस्करण का उद्घाटन रविवार को जोरबा द बुद्धा में किया। कैंप का समापन 21 फरवरी को होगा। साहित्य कला परिषद के कार्यक्रम अधिकारी विनीत पालीवाल द्वारा क्यूरेटेड वॉयस ऑफ कलर्स अजय समीर, धर्मेंद्र राठौड़, हेमराज मनोज अग्रवाल, मिलन शर्मा,रितु कामथ, साबिया, श्रीधर अय्यर और यूसुफ जैसे प्रतिष्ठित कलाकारों के लिए सुनहरा मंच प्रदान कर रहा है। कैंप में विभिन्न शैलियों एवं आकारों में इन कलाकारों का रचना-संसार कला-समीक्षकों को बेहतरीन कला-अनुभव प्रदान कर रहा है। इसमें चार चांद लगा रही है जोरबा द बुद्धा की सुरम्य सेटिंग, जहां कला और रचनात्मकता का आकर्षण आपस में जुड़े हुए हैं। साहित्य कला परिषद की सचिव डॉ. मोनिका प्रियदर्शिनी ने कैंप की शुरुआत करते हुए कहा कि वॉयस ऑफ कलर्स कलाकारों का शिविर है जो भारत के कुछ सबसे सफल कलाकारों की प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रदर्शित करता है। रचनात्मक विविधता और सांस्कृतिक विविधता की भावना हमारे कलाकार शिविर में समाहित है। शिविर समाप्त होने के बाद हम जनता के सामने कलाकृति का प्रदर्शन करेंगे।



# शाहदरा जिले की नौ प्रमुख सड़कों का होगा सौंदर्यीकरण

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। केजरीवाल सरकार की पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने शाहदरा जिले की कई सड़कों के सौंदर्यीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए परियोजनाओं को मंजूरी दी है। दिल्ली सरकार की इस पहल का उद्देश्य दिल्लीवासियों को आवागमन की बेहतर सुविधा देना और आसपास के इलाकों से इंटर कनेक्टिविटी को बढ़ाना है। इसके तहत शाहदरा जिले की प्रमुख नौ सड़कों का सौंदरीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। परियोजनाओं को मंजूरी देते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार वैश्विक मानकों का पालन करते हुए एक फ्लेक्सिबल और सुरक्षित परिवहन नेटवर्क तैयार करने पर जोर दे रही है। इस परियोजना के जरिए दिल्ली की सड़कें और मजबूत होंगी। साथ ही यह दिल्ली सरकार की दिल्लीवासियों को विश्व स्तरीय मानकों का सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर देने की प्रतिबद्धता को भी दिखाता है। इन सड़कों के मजबूतीकरण से इलाके के हजारों लोगों को फायदा मिलेगा, सड़कों से भीड़ कम होगी और मेन रोड से कॉलोनियों तक इंटर कनेक्टिविटी बढ़ेगी। मंत्री आतिशी ने बताया कि इन सड़कों के निर्माण और मरम्मत का काम बहुत पहले किया गया था। पीडब्ल्यूडी ने विशेषज्ञों की सहायता से इन सड़कों का अच्छे से मूल्यांकन किया है और जल्द से जल्द इनकी मरम्मत शुरू करने के निर्देश दिए हैं।



■ पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने योजना को दी मंजूरी

मंत्री आतिशी से हाई क्वालिटी के सड़क निर्माण के लिए वैश्विक मानकों का पालन करने के साथ-साथ यह भी निर्देश दिया हैं कि सड़क निर्माण या मरम्मत कार्य के दौरान आने जाने वाले यात्रियों को कम से कम असुविधा हो। वैश्विक मानकों का खास ध्यान रखते हुए और दिल्लीवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार इस परियोजना के जरिए न केवल सड़कों का निर्माण कर रही है, बल्कि जनता के लिए एक मजबूत और सुरक्षित ट्रांसपोर्ट नेटवर्क बनाने पर भी जोर दे रही है। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार दिल्ली की सड़कों को बेहतर बनाने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। शाहदरा रोड डिवीजन की इन सड़कों का होगा मरम्मत।

टेलीफोन एक्सचेंज आर-ब्लॉक रोड से होते हुए जीटी रोड से रोड नंबर 64 तक। एलआईसी रोड (मलेरिया कार्यालय एमसीडी से जी.टी. रोड तक)। डिवाइडर रोड से पम्मी स्वीट के पास गुरुद्वारा रोड तक की सड़क। हंस राज पब्लिक स्कूल दिलशाद गार्डन के सामने वाली सड़क।

# सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की मुख्य परीक्षा आज से

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा चल रही हैं। सोमवार से मुख्य परीक्षा शुरू हो रही है। इसमें 10वीं कक्षा का संस्कृत कम्युनिकेटिव व संस्कृत विषय की परीक्षा है। वहीं, 12वीं कक्षा की हिंदी इलेक्टिव व हिंदी कोर की परीक्षा है। ऐसे में छात्रों ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। यह परीक्षा सुबह 10.30 बजे शुरू होंगी। बोर्ड ने छात्रों को परीक्षा केंद्र समय पर पहुंचने की सलाह दी है। इसके अलावा छात्रों को एडमिट कार्ड व जरूरी दस्तावेज रखने की हिदायत दी है, जिससे छात्रों को परीक्षा केंद्र जाने के अंतिम समय में किसी तरह की परेशानी न हो। मुख्य परीक्षा को लेकर कुछ छात्रों में भय है। हालांकि, छात्र परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए मेडिटेशन का सहारा ले रहे हैं। साथ ही, योग कर रहे हैं। वहीं, छात्र सोशल मीडिया से दूरी बना रहे हैं। जिससे परीक्षा पर कोई असर न पड़े। सरोजिनी नगर के निवासी दिव्यांशु रावत ने बताया कि उनका सोमवार को हिंदी का पेपर है। इसके लिए वह बीते एक महीने से इस हिन्दी पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। यह स्कोरिंग विषय है, जिसमें अच्छे अंक लाए जा सकते हैं। वह बताते है कि उन्होंने दो महीने पहले ही सोशल मीडिया से दूरी बना ली थी, ताकि परीक्षा की तैयारी पर कोई असर न पड़े। बदरपुर के छात्र आर्यन ने बताया कि वह 10वीं कक्षा के बोर्ड के छात्र हैं। संस्कृत की परीक्षा है। जिसके लिए उनके अंदर थोड़ी चिंता है। दो बार पुस्तक की रिवीजन कर ली है। वह बताते हैं कि अच्छे नंबर से उत्कीर्ण होना है। 11वीं कक्षा में उन्हें कॉमर्स विषय लेना है। जिसके चलते वह पिछले एक वर्ष से तैयारी कर रहे हो। उन्होंने बताया कि 10वीं कक्षा की परीक्षा से भविष्य के रास्ते खुलते हैं। नजफगढ़ निवासी सूरज श्रीवास्तव ने बताया कि अधिक से अधिक सैंपल पेपर्स हल किए हैं। इससे आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। साथ ही, परीक्षा के पैटर्न को समझने में आसानी हुई है। सुबह जल्दी उठकर मेडिटेशन करते हैं।





■ शिक्षा निदेशालय ने जारी किए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

आयोजन | प्रगति मैदान में विश्व पुस्तक मेला आयोजित

# पुस्तक इंडियन हिस्टो मैप का किया विमोचन

**नई दिल्ली, 18 फरवरी (देशबन्धु)। कई पुस्तकों के लेखक और जाने माने पत्रकार दीपक कुमार की नई पुस्तक इंडियन हिस्टो मैप का विमोचन दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे विश्व पुस्तक मेले में हुआ। पुस्तक का लोकार्पण अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बालमुकुंद पांडेय ने किया। कार्यक्रम का आयोजन पुस्तक के प्रकाशक किताब वाले के आयोजकों की ओर से किया गया था।**

पब्लिशर ने मंच पर बालमुकुंद पांडे का अभिनंदन किया। इस अवसर पर बोलते हुए बालमुकुंद पांडे ने कहा पत्रकार दीपक कुमार अपने काम से जुनून की हद तक प्रेम करते हैं। पुस्तक लिखने के दौरान छोटी-छोटी बातों को पूछने के लिए भी कई बार मिलने आते थे। और उनका उत्साह देखने लायक होता था। बहुत ही गोपनीय ढंग से उन्होंने इस पुस्तक पर काम किया है। वरिष्ठ हैं, हमारे लिए धरोहर हैं और ईश्वर इनको लंबी आयु दें। उन्होंने इस अवसर पर दीपक कुमार को उनके आने वाले नए प्रोजेक्ट प्रतिरोध का इतिहास के लिए शुभकामनाएं देते हुए दीपक कुमार की प्रशंसा की ओर कहा कि निस्वार्थ होकर तन-मन-धन के साथ देश के विकास के लिए ऐसे लाखों कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। उन्होंने इस पुस्तक को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की बात करते हुए एक सुझाव भी दिया कि एक ऐसी पुस्तक भी छापी जानी चाहिए जिसमें यह नक्शे रंगीन हों। इस अवसर पर अपनी पुस्तक के संदर्भ में रोशनी डालते हुए लेखक दीपक कुमार ने बताया के 1993 में मेरी पुस्तक का विमोचन अशोक सिंघल जी ने किया था। उस समय वह विश्व हिन्दू परिषद् के महामंत्री थे। उस कार्यक्रम में ठाकुर राम सिंह भी उपस्थित थे और उन्होंने मुझसे कहा था आज तक के भारत के इतिहास की वंशवली तैयार करो। मैंने उनसे कहा था के मैं संस्कृत नहीं जानता लेकिन मैं इस पर अवश्य काम करूंगा। इस विषय पर मैं धीरे-धीरे काम करता रहा और आज जो वंशावली तैयार हुई है वो ए-4 साइज के 2800 पेज की है जिसे मैंने क्यूआर कोड में दिखाया है। इसके अलावा मैंने पुस्तक को आठ भागो मैं विभाजित किया है।




■ बालमुकुंद पांडेय ने किया दीपक कुमार की पुस्तक का विमोचन

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-मायचा की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-एम.ए.आई.01201, भूखण्ड संख्या-180, क्षेत्रफल-340 वर्ग मीटर श्री फकीर चन्द्र पुत्र श्री सैला, निवासी-ग्राम-मायचा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री फकीर चन्द्र पुत्र श्री सैला की मृत्यु के उपरात इनके वारिसान श्रीमती सन्तरा देवी पत्नी स्व0 श्री धर्मवीर, श्रीसतपाल भाटी, हरेंद्र भाटी पुत्रगण स्व0 श्री धर्मवीर श्रीमती बबीता (विवाहित), श्रीमती कविता (विवाहित) पुत्रगण स्वर्गीय श्री धर्मवीर पौत्रगण/पौत्रीगण स्वर्गीय श्री फकीर चंद्र व श्रीमती विमलेश पत्नी स्व० श्री चन्द्रपाल, श्री कुनाल ना०बा०, यश ना०बा० पुत्रगण स्व० श्री चन्द्रपाल संरक्षिका श्रीमती विमलेश माता स्वयं पुत्रवधु/पौत्रवधु/परपौत्र स्वर्गीय श्री फकीर चंद, निवासी-ग्राम-मायचा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र० में से श्रीमती सन्तरा देवी पत्नी स्व० श्री धर्मवीर व श्रीमती विमलेश पत्नी स्व० श्री चन्द्रपाल, श्री कुनाल ना०बा०, यश ना०बा० पुत्रगण स्व० श्री चंद्रपाल संरक्षिका श्रीमती विमलेश माता स्वयं पुत्रवधु/पौत्रबधु/परपौत्र स्वर्गीय श्री फकीर चंद, निवासी-ग्राम-मायचा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके वारिस श्रीमती सन्तरा देवी पत्नी स्व० श्री धर्मवीर व श्रीमती विमलेश पत्नी स्व० श्री चन्द्रपाल, श्री कुनाल ना०बा०, यश ना०बा० पुत्र स्वर्गीय श्री चंद्रपाल संरक्षिका श्रीमती विमलेश माता स्व. पुत्रवधू/पौत्रवधु/परपौत्र स्वर्गीय श्री फकीर चन्द, निवासी-ग्राम-मायचा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र० के पक्ष में सह. आवटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

केंद्र सरकार के सरस आजीविका मेले का आयोजन प्रतिवर्ष देशभर के सभी राज्यों में किया जाता है। इसी कड़ी में नोएडा में यह चौथा आयोजन है। उन्होंने बताया कि 16 फरवरी से 4 मार्च 2024 तक चलने वाले इस उत्सव में नोएडा के नोएडा हाट में मौजूद करीब 29 राज्यों के 400 से अधिक महिला शिल्प कलाकार, जो परंपरा, हस्तकला एवं ग्रामीण संस्कृति तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, अपनी कला का प्रदर्शन कर रही हैं।
**चिरंजीलाल कटारिया, एनआईआरडीपीआर सहायक निदेशक**

## इस साल 67 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार आज लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

- ■ प्राधिकरण को मिलेगा 3456 करोड़ का राजस्व, अधिकांश कंपनियां फंक्शनल के लिए करेंगी अप्लाए
- ■ इस बार 73 हजार करोड़ रुपए के ग्राउंड तैयार होगा भूमि पूजन

**नोएडा,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। इस साल 67 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके लिए कंपनियां धरातल पर उतर चुकी है। इन कंपनियों को वित्तीय वर्ष 2022-23 में भूमि आवंटन किया गया था। इस दौरान प्राधिकरण की सभी श्रेणियो में कुल 4 लाख 82 हजार 801 वर्गमीटर जमीन 414 कंपनियों को आवंटित की गई। इससे प्राधिकरण को कुल 3456 करोड़ का राजस्व और 20783 करोड़ का निवेश होगा। वहीं 2024 में जीबीसी में करीब 73 हजार करोड़ रुपए के निवेश का ग्राउंड तैयार कर लिया गया है। जिनका भूमि पूजन आज लखनऊ में किया जाएगा।

**श्रेणी बार समझते है कितनी कंपनियों को प्राधिकरण ने दी जमीन**

औद्योगिक क्षेत्र में 59 कंपनियों को 2 लाख 21 हजार 898.37 वर्गमीटर जमीन का आवंटन किया। इससे प्राधिकरण को 570 करोड़ रुपए का राजस्व मिलेगा। वहीं 3500 करोड़ रुपए का निवेश होगा। लगभग 17 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी तरह संस्थागत में 8 आवंटन 26 हजार वर्गमीटर जमीन पर किए गए। इससे 130 करोड़ का राजस्व और 283 करोड़ का निवेश के साथ 2172 लोगों को रोजगार मिलेगा। वहीं ग्रुप हाउसिंग के लिए 4 कंपनियों को 77 हजार वर्गमीटर जमीन अलाट की गई। इससे 635 करोड़ का राजस्व और 3600 करोड़ का अनुमनित निवेश होगा। करीब 2950 लोगों को रोजगार मिलेगा। कामर्शियल में सर्वाविधक 45 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसमें 49 कंपनियों को 95764 वर्गमीटर जमीन अलाट की गई। 1495 करोड़ का राजस्व और 13400 करोड़ रुपए का निवेश होगा।

**इन कंपनियों ने धरातल पर उतारी इकाईयां**

- >> सेक्टर-16बी मैक्स वेंचर्स निवेश 650 करोड़ 1500 लोगों को रोजगार
- >> सेक्टर-142 सागर टेक्नोलॉजी 150 करोड़ का निवेश 1000 लोगों को रोजगार
- >> सेक्टर-142 सीटीए साफ्टटेक 400 करोड़ का निवेश 500 लोगों को रोजगार
- >> सेक्टर-155,156 दो प्लाट सुरभी सेटकॉम 300 करोड़ का निवेश 2 हजार लोगों को रोजगार
- >> सेक्टर-155 एफलेटस ग्राफिक 93.7 करोड़ 450 लोगों को रोजगार
- >> सेक्टर-142 लॉजिक्स मीडिया 125 करोड़ का निवेश 300 लोगों को रोजगार
- >> सेक्टर-67 ओएसी 1000 करोड़ का निवेश 4000 लोगों को रोजगार
- >> सेक्टर-156 मदर्सन 400 करोड़ का निवेश 450 रोजगार।

**फंक्शनल सर्टिफिकेट के लिए करेंगे अप्लाई**

इनमें से अधिकांश का निर्माण पूरा हो चुका है या अंतिम चरण में है। इकाई शुरू करते ही कंपनियां प्राधिकरण में फंक्शनल सर्टिफिकेट के अप्लाई करेंगी। इसके साथ ही इन कंपनियों में करीब 67 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

## नोएडा हाट में 17 दिवसीय सरस मेले का आज उद्घाटन करेंगे केंद्रीय मंत्री

**नोएडा,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में केंद्र सरकार का चौथा सरस आजीविका मेला 16 फरवरी से प्रारंभ हो गया है, जो 4 मार्च तक रोजाना सुबह 11 से रात साढ़े नौ बजे तक चल रहा है। मेले का विधिवत उद्घाटन सोमवार को दोपहर 3 बजे किया जाएगा। इसमें केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री गिरिराज सिंह मुख्य अतिथि होंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के तौर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ग्रामीण विकास एवं इस्पात फग्गन सिंह कुलस्ते व केंद्रीय ग्रामीण विकास, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति उपस्थित रहेंगी। उद्घाटन अवसर पर यहां ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के सचिव शैलेश कुमार सिंह, अपर सचिव चरणजीत सिंह तथा संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा के सहित ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा समर्थित इस सरस आजीविका मेला 2024 में ग्रामीण भारत की शिल्प कलाओं का मुख्य रूप से प्रदर्शन किया जा रहा है । सरस आजीविका मेले में रविवार को नोएडावासियों ने जमकर खरीदारी की। राजस्थान के रूपन स्वयं सहायता समूह की सोनू माली ने बताया उनके उत्पादों में गुलाब जल पान मुखवास अजवाइन अर्क जीरा अर्क एवं आंवला कैंडी शामिल हैं । इसके साथ ही उत्तर प्रदेश तमिलनाडु मध्य प्रदेश बिहार तथा पंजाब के उत्पाद भी लोगों को खासे पसंद आये। सरस मेले में सोमवार को मशहूर पंजाबी सिंगर जस्सी गिल तथा बब्बल राय का लाइव कॉन्सर्ट भी आयोजित होगा।

**लाइव कॉन्सर्ट में समां बंधेंगे जस्सी गिल और बबल राय**

एनआईआरडीपीआर के सहायक निदेशक चिरंजीलाल कटारिया ने बताया कि केंद्र सरकार के सरस आजीविका मेले का आयोजन प्रतिवर्ष देशभर के सभी राज्यों में किया जाता है। इसी कड़ी में नोएडा में यह चौथा आयोजन है। उन्होंने बताया कि 16 फरवरी से 4 मार्च 2024 तक चलने वाले इस उत्सव में नोएडा के नोएडा हाट में मौजूद करीब 29 राज्यों के 400 से अधिक महिला शिल्प कलाकार, जो परंपरा, हस्तकला एवं ग्रामीण संस्कृति तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, अपनी कला का प्रदर्शन कर रही हैं। इसके साथ ही 85 से ज्यादा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। सरस मेले वर्ष 1999 से निरंतर आयोजित हो रहे हैं। इन मेलों के माध्यम से लाखों महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। यही नहीं स्थानीय स्तर पर भी मेले में इस बार हैंडलूम तथा हैंडीक्राफ्ट के उत्पाद शामिल किए गए है, जो लोगों को आकर्षित करेंगे। बच्चों के खेलकूद व मनोरंजन के लिए भी संसाधन मौजूद रहेंगे। इंडिया फूड कोर्ट सरस आजीविका मेले में आकर्षण का केंद्र रहेगा। जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों के व्यंजन परोसे जा रहे हैं। इस बार महत्वपूर्ण इंडिया फूड कोर्ट में देश भर के 20 राज्यों की 80 गृहणियों का समूह ने अपने प्रदेश के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टाल लगाए हैं जिसमें हर प्रदेश के क्षेत्रीय व्यंजनों के स्वाद का अनोखा आनंद प्राप्त होगा। राजस्थानी कैर सागरी गट्टे की सब्ज़ी से लेकर बंगाल की फिश करी, तेलंगाना का चिकन, बिहार की लिट्टी चोखा, पंजाब का सरसों का साग व मक्के की रोटी, प्राकृतिक खाद्य उत्पाद, हरियाणा के बाजरे व ज्वार के लड्डू बिस्कुट, कर्नाटक व जम्मू कश्मीर के ड्राई फ्रूट सहित पूरे भारत के पकवान मौजूद हैं।

## सार संक्षेप

### पुलिस भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थी की तबियत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती



**बुलंदशहर।** औरंगाबाद उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के दौरान लखावटी अमर सिंह इंटर कॉलेज में परीक्षा दे रही एक अभ्यर्थी की तबीयत अचानक बिगाड़ गई। केन्द्र से सूचना मिलने पर औरंगाबाद कोतवाल विनोद यादव ने तत्काल सीएचसी लखावटी में भर्ती कराया है। जहां अभ्यर्थी का इलाज चल रहा है। फिलहाल अभ्यर्थी की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। कोतवाल औरंगाबाद विनोद यादव ने अभ्यर्थी के परिजनों को सूचना दे दी। अभ्यर्थी के परिजन लखावटी सीएचसी पहुंच गए हैं।

### विश्व जैन संगठन में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप में 250 लोगों ने कराई जांच




अपने 19वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में धर्मशिला नारायणा अस्पताल, वसुंधरा एन्क्लेव दिल्ली के सहयोग से रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, सेक्टर 50, नोएडा मे किया गया। इस कैंप का उद्घाटन विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन और परम संरक्षक जैन मंदिर दिनेश जैन ने किया। इस शिविर में निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। डॉक्टरों और नर्सों की अनुभवी टीम ने प्रारंभिक कैंसर पहचान स्क्रीनिंग, रक्त शर्करा, रक्तचाप, मेमोग्राफी, पेप, आरबीएस, बीएमडी, ईसीजी, पीएफटी आदि विभिन्न परीक्षण किए। इन परीक्षणों का लाभ 21 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों द्वारा मुफ्त में लिया गया। विश्व जैन संगठन नोएडा ब्रांच के अध्यक्ष के के जैन ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर सुबह 9.30 बजे शुरु हुआ और दोपहर 1.30 बजे तक चला। वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं सहित 250 से अधिक लोगों ने शिविर की सुविधाओं का लाभ उठाया। चेकअप कराने आए लोगों ने शिविर के आयोजकों के प्रयासों के लिए की सराहना की।

### हृदय की बीमारी से जूझ रही युवती को कर्ज दिलाने का झांसा देकर 2 लाख ठगे

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने सेक्टर 12 की रहने वाली हृदय की बीमारी से जूझ रही युवती को घर बैठे लोन दिलाने का झांसा देकर उसके साथ दो लाख 524 रुपये की ठगी कर ली है। जालसाजों ने युवती से अलग-अलग प्रकार की फीस का झांसा देकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। इसको लेकर पीड़िता युवती ने सेक्टर 24 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में सेक्टर 12 की रहने वाली उपासना सजवान ने बताया कि वह अपने माता - पिता के साथ रहती है। काफी समय से वह हृदय की बीमारी से जूझ रहीं है। उन्होंने बताया कि उनको इलाज और अन्य कुछ जरूरी काम के लिए तत्काल रुपए की जरूरत थी।

## नहीं हुई हाईपावर कमेटी की बैठक, किसान आक्रोशित, आज पंचायत में लेंगे फैसला

**नोएडा,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा में प्राधिकरण और एटीपीसी के अलावा ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण पर चल रहे किसानों की मांगों को लेकर कोई औपचारिक हल नहीं निकल सका है। दरअसल 13 फरवरी को सूरजपुर मुख्यालय में आयोजित हुई तीनों प्राधिकरण के सीईओ, डीएम और सीपी के साथ बैठक में किसानों को आश्वस्त किया गया था कि उनकी मांगों को पूरा करने के लिए एक हाई पावर कमेटी बनाई जा रही है। 18 फरवरी को उनके साथ बैठक की जाएगी।



लेकिन पूरा दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन की ओर से किसानों के लिए कोई कॉल नहीं आई। जिससे किसानों में आक्रोश है। किसान पहले ही कह चुके है कि यदि हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो दिल्ली दूर नहीं। दिल्ली कूच करेंगे और इसकी जिम्मेदारी यहां के प्रशासन और प्राधिकरण की होगी। इसको लेकर सोमवार को ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण पर एक पंचायत आयोजित की जा रही है। जिसमें तीनों संगठन भारतीय किसान परिषद, जय जवान किसान मोर्चा और अखिल भारतीय किसा सभा के बैनर तले हजारों की संख्या में किसान एकत्रित होंगे। इसी पंचायत में आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। आगे क्या करना है इसका ऐलान भी किया जाएगा।

## मार्च माह में बुक्स एक्सचेंज फेयर का होगा आयोजन

**नोएडा,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। गौतमबुद्धनगर पेरेंट्स वेल्फेयर सोसाइटी (जीपीडब्ल्यूएस) के पदाधिकारियों ने सेक्टर 137 में स्कूलों के सत्र के अंत में प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले बुक्स एक्सचेंज फेयर की तैयारी एवं बोर्ड की परीक्षा के समय विद्यार्थियों को एनसीआर में किसान आंदोलन से उत्पन्न होने कठिनाइयों व उच्चतम न्यायालय द्वारा अभिभावकों को कोरोना काल की फीस का 15प्रतिशत को समायोजित या वापिस करने के आदेश को लागू करने एवं विद्यार्थियों की समस्याओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। संस्थापक मनोज कटारिया ने बताया कि बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे पिछले 2 वर्षों में अभिभावकों की अपने बच्चों की पुस्तकों पर होने वाले भारी व्यय से बचाने के लिए मार्च माह में बुक्स एक्सचेंज फेयर का आयोजन किया जाता है। अब तीसरी बार भी इसका आयोजन मार्च माह में ही किया जाएगा। इसी कारण आज इस बैठक का आयोजन किया गया। फीस का 15 प्रतिशत फीस का समायोजन या रिफंड सभी स्कूलो द्वारा किया गया है या नहीं इसके लिए जीपीडब्ल्यूएस शीघ्र ही एक गूगल सर्वे करने की सहमति बनी है। यदि किसी स्कूल द्वारा न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किया है या किसी अभिभावक को इस आदेश द्वारा कोई राहत नहीं मिली है तो उसे जिला प्रशासन के संज्ञान में लाया जाएगा। बैठक में जीपीडब्ल्यूएस के संस्थापक मनोज कटारिया के साथ अध्यक्ष कपिल शर्मा, उपाध्यक्ष पल्लवी राय, कोषाध्यक्षा गीता विदयार्थी, सचिव धर्मेंद्र नंदा सह कोषाध्यक्ष विजय श्रीवास्तव, संगठन सचिव जे एस बेदी, अमित ऋषि आदि मौजूद रहे तथा सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किये।

## सूरजमान की हत्या में प्रयुक्त पिस्टल बरामद

**नोएडा,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। जनवरी में सेक्टर-104 में दिनदहाड़े हुई एयरलाइंस कर्मी की हत्या के मामले में रिमांड पर लिए गए दोनों शूटरों की निशानदेही पर नोएडा पुलिस ने सेक्टर-96 में बंद पड़े प्राधिकरण के नलकूप की बिल्डिंग के पीछे से घटना में बरामद पिस्टल बरामद कर ली है। हत्या में शामिल दोनों बदमाशों को बीते माह दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था जिन्हें नोएडा पुलिस ने 48 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया है।

पुलिस के मुताबिक रिमांड पर लिए गए अब्दुल कादिर और कुलदीप ने पुलिस को बताया कि वारदात के पहले तीसरे शूटर ने दिल्ली जेल में बंद रोहित मुई नाम के व्यक्ति से सिग्नल ऐप पर बात की थी। उसे सूरज मान का फोटो भेजा। वहां से स्वीकृति मिलते ही तीसरे शूटर और कुलदीप ने एयरलाइंस कर्मी को गोलियों से भून डाला। पहली गोली तीसरे शूटर ने चलाई थी जिसके नाम को लेकर अभी भी संशय बना हुआ है। वारदात के समय अब्दुल कादिर बाइक स्टार्ट कर खड़ा था बाकी दोनों बदमाश फायरिंग कर रहे थे। बदमाशों ने भागते समय प्राधिकरण के नलकूप की बिल्डिंग के पीछे नाइन एमएम की पिस्टल फेंक दी थी। कुलदीप और अब्दुल पूर्व में गैंगस्टर कपिल मान के साथ दिल्ली जेल में बंद थे। ऐसे में दोनों एक दूसरे से परिचित थे। तीसरे शूटर के बारे में कुलदीप और अब्दुल को भी ज्यादा जानकारी नहीं है। तीसरा शूटर रोहित मुई ने उपलब्ध कराया था। बाकी के दोनों शूटर का इंतजाम नवीन शर्मा नाम के व्यक्ति ने किया था, जिसे नोएडा पुलिस मुठभेड़ के दौरान पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। अब नोएडा पुलिस इस मामले में रोहित को भी आरोपी बनाएगी। उसे जल्द ही पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेने की बात कही जा रही है। इसके लिए नोएडा पुलिस इसी सप्ताह संबंधित न्यायालय में अर्जी लगाएगी।

## गाजियाबाद : पुलिस भर्ती परीक्षा सकुशल सम्पन्न

**गाजियाबाद,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। दो दिवसीय उत्तर-प्रदेश पुलिस परीक्षा कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच रविवार को सकुशल सम्पन्न ही गई। 82.67 प्रतिशत उम्मीदवार परीक्षा में हुए शामिल हुए। गाजियाबाद में परीक्षा सम्पन्न कराने लिए कुल चयनित 44 सेन्टरों में 17 व 18 फरवरी को यूपी पुलिस कॉस्टेबल भर्ती के लिए उम्मीदवारों द्वारा परीक्षाएं दी गई। जिसमें 17 फरवरी को प्रथम पारी में कुल उम्मीदवार 22920 में से 19845 परीक्षार्थियों, द्वितीय पारी में कुल उम्मीदवार 22920 में से 19504 परीक्षार्थियों ने परीक्षाएं दी गई वहीं 18 फरवरी को प्रथम पारी में कुल उम्मीदवार 22920 में से 18742 परीक्षार्थियों, द्वितीय पारी में कुल उम्मीदवार 22920 में से 18202 परीक्षार्थियों ने परीक्षाएं दी। इन दो दिनों में कुल 76293 उम्मीदवारों ने परीक्षाएं दी, जो 82.67 प्रतिशत रहा। परीक्षा सकुशल सम्पन्न होने के बाद जिला प्रशासन व पुलिस ने राहत की सांस ली।



■ 82.67 प्रतिशत उम्मीदवार परीक्षा में हुए शामिल



## जिलाधिकारी ने किया पीडब्लूडी गेस्ट हाउस के निर्माण कार्य का निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने रविवार को पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य से सम्बंधित सभी अधिकारी लगातार निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण करते रहे और उन्हें अपडेट करते रहे। निर्माण कार्य मजबूती, पूर्ण गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान एडीएम सिटी शगम्भीर सिंह, एडीएम एलए राजेश कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट अजय कुमार, एसडीएम न्यायिक मोदीनगर राजेन्द्र शुक्ला, नायब तहसीलदार, पीडब्लूडी अधिकारियों सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

■ निर्माण कार्य मजबूती एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए : इन्द्र विक्रम सिंह

## पुलिस परीक्षा भर्ती में पकड़ा गया फर्जी साल्वर




**नोएडा,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस ने उत्तर प्रदेश भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस -2023 की सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा में फर्जी कूटरचित आधार कार्ड तैयार कर परीक्षा देने आया फर्जी परीक्षार्थी को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से एक कूटरचित आधार कार्ड, एक प्रवेश पत्र बरामद किया है। पकड़े गए फर्जी परीक्षार्थी की पहचान भानू कौशिक पुत्र रामवीर शर्मा निवासी जेवर हुई है। वह दूसरी पाली में परीक्षा केन्द्र नेहरू इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-11 से गिरफ्तार किया गया है। इसके कब्जे से एक फर्जी कूटरचित आधार कार्ड प्रवेश पत्र बरामद हुए। भानू कौशिक ने पूछताछ में बताया कि साल 2017 में एक कोचिंग सेंटर जगतफार्म ग्रेटर नोएडा में शुरू किया था। कोरोना काल में बन्द हो गया था, जिसमें मुझे काफी नुकसान हुआ। इस कारण आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। उसी दौरान मेरी पत्नी की डिलीवरी हुई थी, तब मैने योगेश से 95 हजार उधार लिया था। आर्थिक तंगी के कारण रुपये वापस नहीं कर पाया था। परीक्षार्थी योगेश सिंह पुत्र किशन सिंह निवासी मकान नंबर 222 ग्राम मगरौली रोड थाना जेवर जिला गौतमबुद्धनगर मेरे पास आया और मुझे अपनी बजाय परीक्षा देकर पास कराने के लिए कहा कि यदि तुम मेरी जगह परीक्षा पास करा दोगे तो मैं तुम्हारे से रुपये भी वापस नही लूंगा। यही नहीं तुम्हे 3 लाख रुपए और दूंगा। इसके पश्चात हम दोनों ने योगेश सिंह के आधार कार्ड पर अपना फोटो लगाकर फर्जी तरीके से तैयार कराया और आज में योगेश सिंह के साथ परीक्षा देने आया हूं। अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

## विश्व पुस्तक मेले में कथा रंग का रहा दबदबा

**गाजियाबाद,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में गाजियाबाद की साहित्यिक संस्था 'कथा रंग' के लेखकों व साहित्यकारों का खासा दबदबा रहा। एक सप्ताह चले इस मेले में 'कथा रंग' से जुड़े सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार सुभाष चंदर, पंकज प्रसून, वंदना यादव, निधि अग्रवाल, रिंकल शर्मा व रेनू अंशुल सहित कई सदस्यों की विभिन्न पुस्तकों का लोकार्पण देश के दिग्गज साहित्यकारों ने किया। मेले का आखिरी दिन भी कथा रंग से जुड़े दिग्गज रचनाकारों की पुस्तकों के लोकार्पण के नाम रहा। सुबह के प्रथम सत्र का शुभारंभ अद्विक प्रकाशन द्वारा प्रकाशित चर्चित व्यंग्यकार सुभाष चंदर के हास्य कथा संग्रह 'दाने अनार के' के विमोचन से हुआ। व्यंग्यकार गिरीश पंकज ने कहा कि सुभाष चंदर को इस दौर के अग्रणीय रचनाकार होने का गौरव इसलिए हासिल है कि वह व्यंग्य एवं हास्य को अलग-अलग तरह से गढ़ते हैं। इसके साथ ही अद्विक प्रकाशन द्वारा प्रकाशित गिरीश पंकज के व्यंग्य संग्रह 'चयनित व्यंग्य', पंकज प्रसून के व्यंग्य संग्रह 'झूठ बोलना पाप है' व जे. पी. पांडेय के बाल कथा संग्रह 'नीली राजकुमारी' का लोकार्पण सुभाष चंदर, आलोक यात्री, रामनाथ त्रिपाठी, शंभू नाथ मिश्रा, गोपेश्वर दत्त पांडे, रजनीकांत शुक्ला, प्रोफेसर हर्षबाला शर्मा के कर कमलों द्वारा हुआ। हॉल नंबर 2 के लेखक मंच पर आयोजित लोकार्पण समारोह के अतिथि आलोक यात्री ने कहा कि सुभाष चंदर हास्य एवं व्यंग्य के न सिर्फ सशक्त हस्ताक्षर हैं, बल्कि व्यंग के इतिहास को संजोने का महत्वपूर्ण काम भी उन्होंने किया है। इसके अलावा अद्विक प्रकाशन के स्टॉल पर चर्चित लेखिका वंदना यादव के बाल कथा संग्रह 'पिकनिक और अन्य कहानियां' का लोकार्पण सुभाष चंदर, गिरीश सिकंदर यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रकाशक अशोक गुप्ता, अनिल मीत, शिवराज सिंह, अरुण जैमिनी, राजीव तनेजा, अर्पण जैन 'अविचल', उत्कर्ष गर्ग व जोया सहित बड़ी संख्या में पाठक व श्रोता मौजूद थे। इसके अलावा प्रकाशक 'किताबवाले' के स्टाल पर गिरीश पंकज के संग्रह 'मेरी प्रिय हास्य रचनाएं', प्रभा ललित सिंह के उपन्यास 'युग योद्धा योगी', डॉ. प्रमिला वर्मा की पुस्तक 'रुक जाओ वैदेही' एवं संतोष श्रीवास्तव की पुस्तक 'कर्म से तपोवन तक' का विमोचन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। रविवार को ही लेखिका रिंकल शर्मा की पुस्तक '21 श्रेष्ठ नारीमन की कहानियां, दिल्ली' का विमोचन हास्य कवि पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा ने किया। पुस्तक में शामिल सभी कहानियां स्त्री मनोभावों और स्त्री विमर्श से जुड़ी हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण शुक्ल ने किया। इस अवसर पर अनिल अग्रवंशी, शिवराज सिंह, रेनू सैनी, नेहा वैद्य, अंजलि त्यागी, अमित शर्मा, नीना महाजन, रेनू अंशुल, कीर्ति रतन, रणविजय राव, राकेश कुशवाह, उत्कर्ष गर्ग, अंशुल अग्रवाल, डॉ. खुशी आलम, अशोक कुमार गुप्ता, अरुण कुमार जैमिनी एवं व्योमा मिश्र उपस्थित थे।



■ सुभाष चंदर, वंदना यादव, निधि अग्रवाल, रिंकल शर्मा व अंशुल की पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

## आईएमएस-डीआईए ने किया ईएसएससीए के साथ एमओयू साइन

**नोएडा,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। आईएमएस-डीआईए और ईएसएससीए ने वैश्विक फैशन डिजाइन और लग्जरी प्रबंधन में पीजीडी पाठ्यक्रम के लिए एमओयू साइन किया। संस्थान द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन कार्यक्रम के दौरान आईएमएस के प्रेसिडेंट राजीव कुमार गुप्ता, चेयरमैन शिल्पी गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट चिराग गुप्ता एवं ईएसएससीए के महानिदेशक चेरियन जेन ने गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिए आपसी सहमति व्यक्त की। एमओयू की जानकारी देते हुए आईएमएस-डीआईए की निदेशिका डॉ. अनुराधा मोदक देबनाथ ने बताया कि इस एमओयू के माध्यम से छात्रों को फैशन और लाइफस्टाइल लग्जरी ब्रांड प्रबंधन में पीजीपी पाठ्यक्रम के लिए शंघाई और पेरिस में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। डॉ. अनुराधा मोदक देबनाथ ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह हमारे लिए सम्मान की बात है कि आने वाले समय में आईएमएस-डीआईए के छात्र अंतरराष्ट्रीय मानक के पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर सकेंगे। यह पाठ्यक्रमों छात्रों के कौशल विकास में सहायक होगी, साथ ही इसे पूरा करने से छात्रों को आकर्षक प्लेसमेंट में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि आईएमएस-डीआईए पूर्णकालिक पीजीडी कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक माहौल प्रदान करेगा। जिससे छात्रों को भविष्य में शंघाई एवं पेरिस में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। डॉ. देबनाथ ने कहा कि अभी हाल ही में संस्थान के प्रतिनिधि के तौर पर मैंने ईएसएससीए हेडक्वार्टर पेरिस का विजिट किया, जहां हमने इस प्रोग्राम की विस्तृत चर्चा की। डॉ. देबनाथ ने बताया कि आईएमएस-डीआईए का यह अनूठा पहल है। जिससे छात्रों को दुनिया भर में डिजाइन और फैशन के लिए मशहूर शहर से सीधा संपर्क कराएगा। यह कार्यक्रम अग्रणी फैशन और लक्जरी ब्रांडों के साथ सीधा प्लेसमेंट का मौका प्रदान करेगा।



उवाच “

भारत में ट्रैवल और टूरिज्म इंडस्ट्री ने 2023 में एक ऐसा साल देखा जो अपने में एक मील का पत्थर है। इस अवधि में इस इंडस्ट्री में जोरदार ग्रोथ देखने को मिली और यह इंडस्ट्री लगभग 16.5 लाख करोड़ रुपए की हो गई। इससे इसकी लोकप्रियता का पता चलता। यह इंडस्ट्री देश की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभा रही है।

**योगेश मुद्रास, भारत में इंफॉर्मा मार्केट्स प्रबंध निदेशक**



# जिले के तीनों प्राधिकरण की दो लाख करोड़ की परियोजनाओं का आज होगा शुभारंभ

**ग्रेटर नोएडा,**18 फरवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को लखनऊ को जीबीस 4.0 में 10 लाख करोड़ की 14 हजार परियोजना का शुभारंभ करेंगे। जिससे 35 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास की दो लाख करोड़ रूपए से ज्यादा की परियोजनाओं धरातल पर आएगी। जिसमें करीब पांच लाख लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है। प्रदेश में जितने करोड़ की परियोनाएं धरातल पर उतर रही है उसमें सबसे ज्यादा हिस्सेदारी गौतमबुद्धनगर जिले के तीनों प्राधिकरण की की हैं।





- **तीनों प्राधिकरण में परियोजनाएं धरातल पर आने से पांच लाख लोगों को मिलेगा रोजगार**
- **पूरे प्रदेश में होने वाले निवेश में गौतमबुद्धनगर जिला होगा अव्वल**

### यमुना प्राधिकरण 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं शामिल

यमुना प्राधिकरण ने 21 फरवरी 2018 में उप्र इंटरनेशनल ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में 45148 करोड़ रुपए के निवेश वाली 281 परियोजनाओं का एमओयू किया था। यह आंकड़ा 60 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। जबकि प्राधिकरण को 43750 करोड़ रुपए के निवेश को धरातल पर उतारने का लक्ष्य मिला है। पिछले साल लखनऊ में हुई ग्लोबल इनवेस्टर समिट में यमुना प्राधिकरण ने कंपनियों के साथ ग्लोबल समिट में 1.82 लाख करोड़ रुपए के एमओयू किए थे। इन एमओयू में कितने धरातल पर उतरे हैं, इसको लेकर प्रदेश सरकार 15 फरवरी के बाद ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी करेगी। जीबीसी को लेकर प्राधिकरण को प्रदेश सरकार ने 43750 करोड़ रुपए के निवेश को धरातल पर उतारने का लक्ष्य दिया है। प्राधिकरण ने अब तक 45148 करोड़ रुपए के निवेश वाली 281 परियोजनाओं धरातल में उतारना शुरू कर दिया है। यह लक्ष्य का 103 प्रतिशत है। जीबीसी में उसी परियोजना को शामिल किया जाता है, जिसका नक्शा पास हो चुका होता है। प्राधिकरण क्षेत्र में एक्सआईएचआई टेक्नोलॉजी प्रालि, यूफ्लेक्स लिमिटेड, धरमपाल सत्यपाल लिमिटेड, पेरोस्फेयर इंडिया, जयश्री कृष्णा इंपैक्स, हल्दीराम स्नैक्स प्रालि, न्यूजेन सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी लिमिटेड, फनजू ट्वाय, वीवो मोबाइल इंडिया लिमिटेड, वल्स डेवलपर्स प्रालि, क्यू लाइन बायोटेक प्रालि, याशिका इनफोट्रॉनिक्स, नोएडा एयरपोर्ट में होटल और कार्गो एंड लॉजिस्टिक हब परियोजना में काम शुरू होगा। इसमें से कई का काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा यमुना प्राधिकरण ने टॅवाय पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, अपैरल पार्क, एमएसएमई पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क आदि में कंपनियां काम शुरू करेंगी।

### ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का भी 60 हजार करोड़ की परियोजना शामिल

पिछले इंवेस्टर्स समिट में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को 38 औद्योगिक इकाईयों ने 7436 करोड़ रूपए के निवेश का लक्ष्य मिला था। अब यह ऑकड़ा बढ़कर 60 हजार करोड़ रूपए का हो चुका है। फरवरी 2018 के ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में ग्रेटर नोएडा में अडानी ग्रुप ने लाजिस्टिक हब में निवेश के लिए रूचि दिखाई है। इसके अलावा इलेक्ट्रानिक मैन्यूफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग में निवेश को लेकर कई कंपनियों ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया था। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में निवेश को लेकर कई कंपनियों ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया है। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने दादरी के मल्टी मॉडल लाजिस्टिक हब के लिए जमीन चिन्हित कर रखा था। लाजिस्टिक हब के पास 600 एकड में इन्टीग्रेटिड औद्योगिक टाउनशिप का विकास किया जा रहा है। अडानी ग्रुप ने इंवेस्टर्स समिट के दौरान प्रदेश में 35 हजार करोड़ रूपए के निवेश को लेकर एमओयू साइन किया है। जिसमें अडानी ग्रुप मल्टी माडल लाजिस्टिक हब में भी निवेश करेगा। मल्टी माडल लाजिस्टिक हब का निर्माण बोडाकी रेलवे स्टेशन के पास किया जा रहा है। हालांकि यह परियोजना अभी धरातल पर नहीं आ पाई है। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने लक्ष्य के विपरीत 150 कंपनियां 60 हजार करोड़ रूपए के निवेश को धरातल पर उतारने का खाका तैयार कर लिया है। वहीं नोएडा में 93 कंपनियां का 73000 करोड़ रूपए का निवेश धरातल पर लाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने खाका तैयार किया है।

## जीएनआईओटी के 24वें संस्थापक दिवस पर शिक्षक, विद्यार्थी हुए सम्मानित




**ग्रेटर नोएडा,**18 फरवरी (देशबन्धु)। जीएनआईओटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में संस्थापक दिवस का आयोजन किया गया। हर वर्ष की तरह संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय कृष्ण लाल गुप्ता की जन्मतिथि पर आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन डॉ. राजेश गुप्ता, वाइस चेयरमैन गौरव गुप्ता, जे. एस. रावल मैनेजमेंट सदस्य, स्वदेश सिंह सीईओ, जिम्स इंस्टीट्यूट के साथ-साथ सभी संस्थानों के निदेशकों द्वारा मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलित करते हुए किया। इस दौरान संस्थान के लिए योगदान करने वाले शिक्षक एवं विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि आईपीएस शक्ति मोहन अवस्थी ने संस्थापक स्वर्गीय कृष्ण लाल गुप्ता को नमन करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए संस्थापकों ने शिक्षा को सिर्फ पुस्तकों की ज्ञानप्राप्ति तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्होंने हमें एक समाज सेवा का भाव भी सिखाया। गेस्ट ऑफ ऑनर रहे एसीपी ग्रेटर नोएडा आर के तिवारी ने संस्थापक दिवस पर सभी विद्यार्थियों को एकेडेमिक्स, अनुसन्धान, सामाजिक, सांस्कृतिक, अनुशाशन, फोटोग्राफी, खेल व अन्य क्षेत्रों में उनके उत्तम प्रदर्शन से सम्मानित होने पर आशीर्वाद देते हुए कहा कि भविष्य मे भी उत्कृष्टता को बनाए रखेंगे और संस्थान को उन्नति के पथ पर अग्रसारित करेंगे। डॉ. राजेश गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं जी.एन.आई.ओ.टी ग्रुप से जुड़े हर एक व्यक्ति के योगदान को सराहा एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी अतिथियों का हृदय से धन्यवाद किया।

## आईवीपीएल में दिग्गज खिलाड़ी ग्रेनो में दिखाएंगे जलवा




- **शहीद विजय सिंह स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में 23 फरवरी से 3 मार्च तक आईवीपीएल लीग का होगा आयोजन**
- **वीरेंद्र सहवाग, सुरेश रैना, क्रिस गेल, प्रवीण कुमार, हर्शल गिब्स, रजत भाटिया दिखाएंगे जलवा**
- **प्रीमियर लीग में राजस्थान लीजेंड्स, रेड कार्पेट दिल्ली, मुंबई चैंपियंस, वीवीआईपी यूपी, छत्तीसगढ़ वॉरियर्स और तेलंगाना टाइगर्स**

**ग्रेटर नोएडा,**18 फरवरी (देशबन्धु)। बहुप्रतीक्षित इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) का पहला संस्करण देहरादून में होने वाला था, अब 23 फरवरी से 3 मार्च तक ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित किया जा रहा है। बोर्ड फॉर वेटरन क्रिकेट इन इंडिया (बीवीसीआई) और 100 स्पोर्ट्स से आईवीपीएल प्रबंधित है। प्रेस वार्ता में प्रवीण त्यागी, वेटरन क्रिकेट बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष और सुधीर कुलकर्णी सचिव ने जानकारी दी। प्रवीण त्यागी बीवीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष और आईवीपीएल के अध्यक्ष ने कहा कि हमें इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग के लिए नए स्थल शहीद विजय की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स निश्चित रूप से अपनी मनमोहक सुंदरता से प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर देगा। यह स्टेडियम कुछ साल पहले अफगानिस्तान क्रिकेट टीम का घरेलू मैदान भी था। सुधीर कुलकर्णी, सचिव बीवीसीआई ने कहा कि हम इंडियन के पहले संस्करण के लिए उत्साहित हैं। इस प्रीमियर लीग में दुनिया भर के बड़े खिलाड़ी खेल प्रेमियों को रोमांचित करेंगे, जिसमें वीरेंद्र सहवाग, सुरेश रैना, क्रिस गेल, प्रवीण कुमार, हर्शल गिब्स, रजत भाटिया और कई अन्य खिलाड़ी ग्रेटर नोएडा में लीग में खेलने को लेकर उत्साहित हैं। 100 स्पोर्ट्स के संस्थापक रवीन्द्र भाटी ने कहा कि हम यहां आईवीपीएल का प्रबंधन करने को लेकर उत्साहित हैं ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स अत्याधुनिक सुविधाएं और सुरम्य वातावरण निस्संदेह प्रशंसकों के अनुभव को बढ़ाएगा। इस प्रीमियर लीग में राजस्थान लीजेंड्स, रेड कार्पेट दिल्ली, मुंबई चैंपियंस, वीवीआईपी यूपी, छत्तीसगढ़ वॉरियर्स और तेलंगाना टाइगर्स नाम की छह टीमें 'ओल्ड इज गोल्ड' के खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे, जिसमें पहला मैच 2-30 बजे से शुरु होगा और दूसरा मैच 7 बजे सायं शुरु होगा। कुल 18 मैच खेले जाएंगे। इस दौरान चैम्पियन टीम को 31 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। उद्घाटन मैच में केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी के आने की सम्भावना है। बुक माई शो से टिकट की बुकिंग की जाएगी। खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग की टीम तैनात रहेगी।

## दक्षिण एशिया की ट्रैवेल प्रदर्शनी 22 फरवरी से, एक्सपोमार्ट में होगा शुरू

**ग्रेटर नोएडा,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। इंफॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया, दक्षिण एशिया की ट्रैवल प्रदर्शनी साटे का आयोजन इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में 22 से 24 फरवरी के बीच आयोजित कर रहा है। साटे भारतीय और ग्लोबल ट्रैवल और पर्यटन बाजार से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। यह इसका 31वां संस्करण है। इसकी पहचान एपीएसी रीजन के सबसे बड़े शो में से एक के रूप में हैं। साटे ने घरेलू, रीजनल, इनबाउंड और आउटबाउंड पर्यटन को विकसित करने में जो 360-डिग्री भूमिका निभाई है।

साटे -2024 में 1500 से अधिक प्रदर्शकों, 800 से अधिक मेजबान अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खरीदारों और 120 से अधिक भारतीय शहरों, कस्बों के एजेंटों, ऑपरेटरों, पेशेवरों की भागीदारी की संभावना है। यह शो पर्यटन व्यवसाय के अवसरों का पता लगाने और इस इंडस्ट्री के उभरते परिदृश्य के बारे में विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए यात्रा, पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री के संपूर्ण वैल्यू चेन को एक मंच पर लाता है। 2028 तक भारत की विजिटर एक्सपोर्ट आय 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत में इंफॉर्मा मार्केट्स के प्रबंध निदेशक योगेश मुद्रास ने कहा कि भारत में ट्रैवल और टूरिज्म इंडस्ट्री ने 2023 में एक ऐसा साल देखा जो अपने में एक मील का पत्थर है। इस अवधि में इस इंडस्ट्री में जोरदार ग्रोथ देखने को मिली और यह इंडस्ट्री लगभग 16.5 लाख करोड़ रुपए की हो गई। इससे इसकी लोकप्रियता का पता चलता। यह इंडस्ट्री देश की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभा रही है।

## बारातियों से मारपीट, 3 घायल, मुकदमा दर्ज

**रबूपुरा,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। कस्बा स्थित वैवाहिक स्थल में मामूली कहासुनी के बाद कुछ युवकों ने बारातियों पर हमला करते हुए जमकर मारपीट की। जिसमें दूल्हा पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने शिकायत पर करीब एक दर्जन युवकों के खिलाफ के मुकदमा दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का दावा है अन्य अभियुक्तों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ककोड़ कोतवाली क्षेत्र के गांव कपना निवासी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 15 फरवरी को उनके गांव के लड़के की रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के रौनीजा गांव से शादी थी। शादी का कार्यक्रम रबूपुरा स्थित एक मैरिज होम में था। शादी समारोह कार्यक्रम में उसका भाई विपिन, हरीश उर्फ नरेंद्र व पवन कुमार भी अन्य बारातियों के साथ शामिल हुए थे।

इसी दौरान गांव रौनीजा निवासी एक युवक की रबूपुरा निवासी युवक से मामूली कहासुनी हो गई। आरोप है इसी बात पर नाराज होकर कस्बे के मोहल्ला मीणा ठाकुरान निवासी सचिन, शिवराम, दीपक, प्रवेश, सुखवीर, दीपक, अंकित, अर्जुन, मोहित, शिवम, व मोनू आदि हाथों में लाठी-डंडा आदि से लैस होकर शादी समारोह में पहुंचे और बारातियों पर हमला कर दिया। घटना में विपिन हरीश व पवन घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने बामुश्किल मामला शांत कराया। जिसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी वहां से चले गए।

कोतवाली प्रभारी राघवेंद्र सिंह का कहना है कि शिकायत अनुरूप 11 नामजद के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर सचिन, प्रवेश, अंकित और शिवम को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## शोध विद्यार्थियों के उन्मुखीकरण में प्रोद्योगिकी को अपनाने पर दिया गया जोर

**ग्रेटर नोएडा,**18 फरवरी (देशबन्धु)। गलगोटिया विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और अनुसंधान वातावरण में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए पीएचडी स्कॉलर्स के लिए एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भावी पर्यवेक्षकों के साथ बातचीत करने और साथी विद्वानों के साथ जुड़ने के लिए एक मंच प्रदान किया।



कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान गलगोटिया विश्वविद्यालय के चांसलर सुनील गलगोटिया ने पीएचडी डिग्री के महत्व पर जोर दिया और सभी विद्वानों को गलगोटिया विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट शोध अनुभव की कामना की। गलगोटिया विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने विद्वानों को अपने काम के माध्यम से अनुसंधान और नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित किया क्योंकि यह उद्योग और शिक्षा के बीच की खाई को कम करने का एकमात्र तरीका है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि विद्वानों को निर्धारित समय में अपना काम पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित होना चाहिए। संचालन निदेशक आराधना गलगोटिया ने नए प्रवेशकों को बधाई दी और उन्हें अपने ज्ञान के शब्दों से प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर (डॉ.) राकेश गुप्ता, निदेशक जिम्स ने वास्तविक और मौलिक शोध करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस युग को डेटा और सूचना का स्वर्ण युग कहा। उन्होंने विद्वानों को बेहतर परिणामों के लिए अपने शोध में प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की सलाह दी। विवि के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) अवधेश कुमार ने पीएचडी कार्य के दौरान सफलता प्राप्त करने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया और पीएचडी डिग्री का सही अर्थ समझाया।

## जेपी पब्लिक स्कूल में बैडमिंटन बोनांजा टूर्नामेंट अभिभावक संस्करण का हुआ आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,**18 फरवरी (देशबन्धु)। खेल भावना को बढ़ावा देने और विद्यालय परिवार के भीतर पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने के लिए जेपी पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा ने बहुप्रतीक्षित बैडमिंटन बोनांजा पेरेंट्स एडिशन टूर्नामेंट की मेजबानी की। टूर्नामेंट का उद्घाटन जेपी स्कूल के वाइस चेयरमैन (एजुकेशन) डॉ. आर. एस. पंवार सहित प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने किया। स्कूल की प्रिंसिपल मीता भंडुला और हेड मिस्ट्रेस अनीता पिल्लई ने इस अवसर पर समग्र शिक्षा के पोषण में खेलों के महत्व पर जोर दिया। पुरुष एकल वर्ग में, कक्षा 11ए से अर्जुन पंवार के पिता जयदीप कुमार ने शीर्ष सम्मान हासिल किया, उसके बाद सौरभ कुमार और अजय नारंग ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। महिला एकल वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें पूजा जैन चैंपियन बनीं, जबकि रितु दत्ता और डॉ. अनुज्ञा अग्रवाल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिश्रित युगल वर्ग था, जहां माता-पिता की जोड़ियों ने असाधारण समन्वय और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। कक्षा 9डी से आदित सिंघल के माता-पिता सोमेश सिंघल और पूनम सिंघल विजयी हुए, उनके बाद डॉ. अनुज्ञा अग्रवाल और प्रशांत ने दूसरा स्थान हासिल किया। शशिकांत चौधरी और डॉ. यश ने तीसरा स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट में न केवल खेल उत्कृष्टता का जश्न मनाया, बल्कि प्रतिभागियों और दर्शकों के बीच सौहार्द और सामुदायिक भावना को भी बढ़ावा दिया। सुनील नागर स्कूल एडमिन ऑफिसर एवं खेल विभागाध्यक्ष नीरज सिंह, खेल शिक्षक कमल सिंह रावत और बैडमिंटन कोच माणिक कसाना ने कार्यक्रम को निर्बाध रूप से आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




## भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जेवर,**18 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन स्वराज के राष्ट्रीय प्रमुख सचिव जिला अध्यक्ष बुलंदशहर अशोक शर्मा के नेतृत्व में कस्बा जहांगीरपुर गौतम बुध नगर के जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा नौशाद खान के यहां एक मीटिंग का आयोजन किया अशोक शर्मा ने बताया की राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय कुलदीप पांडे जी के निर्देशानुसार किसानो की समस्याओं को लेकर m-s-p न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी मिले आयोग की सिफारिश के मुताबिक m-s-p तय हो जो किसानों पर कर्ज है उसे पूर्ण रूप से माफ किया जाए आंदोलन के समय किसानों पर लिखे गए मुकदमे वापस लिए जाएं 20-20 2021 के आंदोलन में जो किसान शहीद हुए थे सरकार द्वारा उन्हें मुआवजा दिया जाए अगर दिल्ली में जो किसान मान्य प्रधानमंत्री जी से अपनी मांगों को लेकर वार्ता करना चाहते हैं तो सरकार जल्द बात करें अन्यथा भारतीय किसान यूनियन स्वराज संयुक्त किसान मोर्चा के समर्थन में आंदोलन करने पर विवश होगी मीटिंग में आए जहांगीरपुर चौकी प्रभारी शिव प्रताप जी को माननीय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नाम संगठन के सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ज्ञापन दिया गया इस अवसर पर श्याम चौहान जिला अध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर, युवा जिला अध्यक्ष नौशाद खान, हबीब नेनुआ, सुरेश वर्मा, जितेंद्र इकबाल, अशोक कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## फूल से बनने वाली होम्योपैथी दवाओं के प्रति जागरूक करने के लिए सेमिनार का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,**18 फरवरी (देशबन्धु)। बैक्सन होम्योपैथी कॉलेज एवं अस्पताल ग्रेटर नोएडा में डॉ. समीर चौक्कर के साथ एक विशेष सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में फ्लावर रेमेडीज के चिकित्सा चमत्कारों का अन्वेषण किया गया, यह एक प्राकृतिक उपचार प्रणाली जो फूलों के अर्क का उपयोग करके विभिन्न भावनात्मक और मानसिक स्थितियों का उपचार करती है। यह सेमिनार विशेष रूप से फ्लावर रेमेडीज के उपयोग के माध्यम से मानसिक अवरोधों, अवसाद, चिंता, तनाव और अवसाद के इलाज पर केंद्रित था। डॉ. समीर चौक्कर, जिन्हें होम्योपैथी और फ्लावर रेमेडीज में 25 वर्षों से अधिक का अनुभव है, इन उपचारों का प्रभावी उपयोग कैसे किया जा सकता है, इस पर अपने विचार और व्यवहारिक सुझाव साझा किए। प्रतिभागियों को सीखने को मिला कि फ्लावर रेमेडीज उन्हें भावनात्मक संतुलन, मानसिक कुशलता, और समग्र ताकत प्राप्त करने में कैसे मदद कर सकती हैं। डॉ. समीर ने कहा कि फ्लावर रेमेडीज, शारीरिक स्तर पर सीधे ध्यान केंद्रित उपचारों के साथ अच्छे प्रदर्शन करते हैं, ताकि व्यक्तियों को शारीरिक दर्द और असहजता को दूर करने में सहायता मिल सके, उदाहरण के लिए, संक्रमण का इलाज और रक्तस्राव को नियंत्रित करने के लिए उचित मदद की खोज करनी चाहिए। सेमिनार में तीन सौ से अधिक डॉक्टर सेमिनार में व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए, जबकि भारत भर से अधिकतर 900 डॉक्टर, वेबिनार के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म माध्यम से सेमिनार में शामिल हुए। सेमिनार का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. एस.पी.एस. बक्शी जो बैक्सिन ग्रुप के सी.एम.डी. हैं, ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उपस्थित लोगों का स्वागत किया। इस दौरान डॉ. एस.पी.एस. बख्शी ने बताया कि फ्लावर रेमडीज दिमाग को पकड़ती है, इमोशन को पकड़ती है। बैक्सन अस्पताल इंटीग्रेटेड रुप से चल रहा है, किसी भी इलाज के लिए एक पैनल बैठता है, सभी मिलकर काम करते हैं। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. सीपी शर्मा ने फ्लावर रेमडीज मनुष्य के निगेटिव इमोशन को खत्म करती है, यह रुट को खत्म करती है। लोग अंदर से खुश होगें तो बीमारी स्वत: ठीक हो जाएगी। डॉ. तान्या बख्शी व डॉ. विशाल सिंह चौहान ने बताया कि फ्वलावर रेमडीज के प्रति जागरुक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. तान्या बख्शी ने बताया कि डाक्टर व आम जनता को पता लग सके कि बख्शी फ्लावर रेमडीज कैसे काम करती है। यह दवाएं मानसिक रुप से बहुत अच्छे से काम करती है।



- **सेमिनार में तेरह सौ से अधिक चिकित्सक ऑफ लाइन व ऑनलाइन हुए शामिल**
- **फूलों से बनी दवाएं मानसिक बीमारी, अवसाद, तनाव पर प्रभावकारी**

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 19 फरवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# कांग्रेस 'कमल छाप नस्ल' से निज़ात पाए

ऐसे वक्त में जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तमाम सांगठनिक तकलीफों के बावजूद देश में लोकतंत्र को बचाने एवं लोकहित की सबसे बड़ी लड़ाई लड़ रही है, कई कांग्रेसी नेता पार्टी को अलविदा कर रहे हैं। छोड़ने के अलग-अलग कारण हैं, परन्तु एक बात जो सभी में एक सरीखी है वह यह कि इन सारे नेताओं को कांग्रेस ने ऊंचे पद, रसूख, सम्मान, दौलत, शोहरत सब कुछ दिया है। कई को यह पारिवारिक विरासत के रूप में मिला तो कई अयोग्यता के बावजूद दशकों तक संगठन द्वारा ढोये जाते रहे। सत्ता सुख के आदी हो चुके ये परजीवी जाते हुए बेशक दल का नुकसान तो कर रहे हैं, परन्तु नयी पौध भी संगठन के भीतर लहलहा रही है जो हर तरह की मुश्किलों से लड़ते हुए उन लक्ष्यों की ओर सतत बढ़ रही है, जिसे पाने के लिये दल ने खुद को तकरीबन 140 साल पहले स्थापित किया था, स्वतंत्रता के लिये 60 वर्षों से अधिक लम्बी लड़ाई लड़ी और देश निर्माण में कभी सत्ता पक्ष के रूप में तो कभी विपक्ष बनकर अपनी निर्धारित जिम्मेदारियां निभाईं- संसद से लेकर विधानसभाओं और स्थानीय संस्थाओं तक; और बाहर सड़कों पर भी।

जिन विभिन्न चुनौतियों से कांग्रेस आज जूझ रही है, उनमें कुछ बाहरी तो कई अंदरूनी हैं। सत्ताएं गंवाना, चुनाव हारना, उसके नेताओं व सदस्यों का दमन-उत्पीड़न जैसे संकटों को तो वह झेल ही रही है, लेकिन जो अलग किस्म की परेशानियों से वह दो-चार हो रही है, वह है कांग्रेस में बने रहकर अन्य दलों की ओर आकर्षित होना या छोड़ना। ऐसे नेता बड़ी संख्या में हैं। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कई बार के सांसद रहे कमलनाथ ने भी संकेत दे दिये हैं कि वे कांग्रेस को टा...टा, बाय-बाय करने जा रहे हैं। अकेले नहीं, पुत्र नकुलनाथ के साथ। नाथ पिता-पुत्र फिलहाल दिल्ली में हैं। शायद वे भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं से मिलेंगे। वैसे पार्टी छोड़े जाने सम्बन्धी सवालों पर कमलनाथ ने यह कहकर शंका को बढ़ा दिया है कि 'वे वक्त आने पर पत्रकारों को सूचित करेंगे। कमलनाथ ने, जो नौ बार सांसद रहे, प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे तथा इंदिरा गांधी जिन्हें राजीव संजय के बाद अपना तीसरा बेटा कहती थी, यह नहीं कहा है कि वे पार्टी नहीं छोड़ रहे हैं। छिंदवाड़ा के उद्योगपति-नेता कमलनाथ का यह व्यवहार एक नेता के रूप में जिम्मेदारीपूर्ण नहीं कहा जा सकता।

उल्लेखनीय है कि 2019 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद राहुल गांधी ने जब पार्टी अध्यक्ष के पद से यह कहकर इस्तीफा सौंपा था कि 'चुनाव में कई बड़े नेता पार्टी को जिताने की बजाय अपने बेटों को जिताने के लिये मेहनत कर रहे थे, तो उनका संकेत कमलनाथ व उनके जैसे लोगों की ओर ही था।' बालाकोट व पुलवामा के मुद्दों पर लड़े गये उस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सीट सारी सीटें जीत गई थी, सिवाय उस सीट के जिस पर नकुलनाथ खड़े थे। कहते हैं कि भाजपा ने वहां जान-बूझकर कमजोर उम्मीदवार खड़ा किया था। 2023 के नवम्बर में जब राज्य विधानसभा के चुनाव हुए थे तो पराजय की शाम को समीक्षा की बजाय कमलनाथ अपने बेटे के साथ गुलदस्ता लेकर निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के घर पहुंचे थे। उनके साथ हास-परिहास वाले वीडियो वायरल हुए थे। उस चुनाव में पहले ही कमलनाथ ने खुद को भावी मुख्यमंत्री बतलाना शुरू कर दिया था।

कांग्रेस में कमलनाथ अकेले नहीं है। अभी मुश्किल से 3 दिन पहले ही महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी भाजपायी हो गये हैं। आदर्श हाउसिंग घोटाले के मुख्य आरोपी अशोक के पिता शंकरराव चव्हाण भी दो बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। बहुत पुरानी बात नहीं जब मुंबई प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वर्षों अध्यक्ष तथा दक्षिण मुंबई के सांसद रहे मुरली देवड़ा के बेटे मिलिंद ने भी पार्टी छोड़ी। उन्हें भी पार्टी ने इसी सीट पर लोकसभा भेजा था। पिछले कुछ समय में जिन लोगों ने दल छोड़ा, उनमें प्रमुख हैं मध्यप्रदेश के ही ज्योतिरादित्य सिंधिया (केंद्रीय मंत्री रहे माधवराव के पुत्र), जितिन प्रसाद, महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सुष्मिता देव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री आरपीएन सिंह, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के पुत्र सुनील जाखड़, जो पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष रहे, गुजरात के पाटीदार नेता हार्दिक पटेल, पार्टी के बड़े नेता कपिल सिब्बल, गुलाम नबी आजाद, कांग्रेस शासनकाल में रक्षा मंत्री रहे ए.के. एंटोनी के पुत्र अनिल, अल्पेश ठाकोर आदि। इनमें से ज्यादातर ऐसे हैं जो पार्टी एहसानों का बदला नेतृत्व, खासकर गांधी परिवार पर आरोप लगाते हुए दल से अलग होते हैं। आजाद जैसे नेता तो आलोचना की लम्बी चिट्ठी लिखकर छोड़ते हैं।

बहरहाल, इस माहौल में भी उम्दा तस्वीर यह है कि इन नेताओं के खुद से अलग होने के बावजूद दल के उत्साह में कमी नहीं आई है। राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा हर रोज अधिक समर्थक जुटा रही है। कुछ लोगों के अलग होने के बाद भी इंडिया गठबन्धन मजबूत है। यहां तक कि करीब ढाई दशक अलग रहने वाले शरद पवार उनके द्वारा स्थापित राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अपने बचे हुए धड़े का कांग्रेस में विलय का सोच रहे हैं। बुजुर्ग नेता मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में एक ऐसी नयी कांग्रेस बन रही है जिसमें क्षेत्रीय स्तर पर नया नेतृत्व उभर रहा है और जो पार्टी की धुरी को मजबूत कर रहा है। इनमें जीतू पटवारी, अजय राय, भूपेश बघेल, डीके शिवकुमार, सिद्दारमैया, रेवंता रेड्डी, वाईएस शर्मिला, नाना पटोले आदि हैं। ये नये नेता न डरते हैं न नयी चुनौतियां लेने से घबराते हैं। ये भविष्य की कांग्रेस बनाएंगे पर कांग्रेस को अपने भीतर पनपती 'कमल छाप नस्ल' से निज़ात पानी ज़रूरी है।

# कमलनाथ :अगर बीजेपी नहीं ले तो क्या कांग्रेस निकाल देगी ?

क्या

अब इस बात का कोई महत्व बचा है कि कमलनाथ बीजेपी में जाते हैं या नहीं ? या बेटे नकुलनाथ चले जाते हैं और कमलनाथ नहीं जाते ! या बीजेपी ने ही अपने नेताओं के विरोध को देखते हुए नकुल को ले लिया और कमलनाथ से कहा कि आप वहीं बने रहकर हमारी मदद करते रहिए !

इन तकनीकी सवालों का कोई मतलब नहीं ! कमलनाथ को जितना कांग्रेस का नुकसान करना था कर दिया। यह अभी हम 2018 से 2023 विधानसभा चुनाव तक मध्य प्रदेश में किए नुकसान की बात नहीं कर रहे। इन पिछले दो दिनो में कांग्रेस की मिट्टी पलीद की बात कर रहे हैं। गोदी मीडिया ने क्या क्या नहीं कहा ? मगर निर्लज्ज हो गए कांग्रेसियों पर कोई असर नहीं पड़ा।

सुना रविवार शाम को राहुल से कमलनाथ और नकुल को फोन और करवाया गया। क्या कहा क्या नहीं कहा के विस्तार में हम नहीं जा रहे मगर मीडिया को और खेल दे दिया। राहुल के मनाने से भी नहीं रुके कमलमाथ। या रुक गए तो कमल के बिना नहीं चल सकती थी कांग्रेस !

अरे जाने वाला क्या रुकता है ? अगर मजबूत आदमी होते तो अभी तक उसी कड़क अंदाज में कह देते जैसे कहा था छोड़ो अखिलेश वखिलेश या जाकर दिग्विजय और उनके लड़के जयवर्धन सिंह के कपड़े फाड़ो या यहां (भोपाल में) कोई नहीं होगी इंडिया गठबंधन की रैली ! दिल्ली आकर कह देते कि नहीं जाऊंगा। कांग्रेस ने ही सब कुछ दिया है ! मगर वे तो अपनी चुप्पी से इशारों से मामले को और हवा दे रहे हैं।

राजनीति के बारे में जो ए बी सी भी जानता है वह जानता है कि इनकी तरफ से समर्पण हो गया है। अब यह उनकी मर्जी है कि वे क्या करते हैं। खाली बेटे को लेते हैं। या पिताजी को भी लेते हैं ! या नहीं लेते। क्या बयान दिलवाना चाहते हैं। जैसे गुलाम नबी आजाद से सोनिया राहुल के खिलाफ दिलवाया था या उससे भी आगे कुछ कहलवाना चाहते हैं। यह सब उन पर निर्भर है। कमलनाथ तो सिर झुकाए फैसले की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

मगर एक कांग्रेस है। वह अभी भी उम्मीद लगाए बैठी है कि नहीं जाएंगे। अरे नहीं जाएंगे तो क्या आप मजबूत हो जाएंगे ? 2018 – 19 में मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बनाए गए थे। क्यों ? उस समय अरुण यादव प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष थे। खूब मेहनत कर रहे थे। दूसरी तरफ दिग्विजय सिंह नर्मदा परिक्रमा कर रहे थे। उन्हें जबर्दस्त समर्थन मिल रहा था। जैसे –जैसे उनकी परिक्रमा पूरी होती जा रही थी वैसे मध्य प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनता चला जा रहा था।

लेकिन अचानक खबर फैली कि राज्य में अध्यक्ष बदला जा रहा है। क्यों का जवाब किसी के पास नहीं था। मगर कौन बनेगा इसे कांग्रेस के हाईकमान के नजदीक के लोग बताने लगे थे। लोगों के अनुमान के विपरीत। अनुमान यह था कि ज्योतिरादित्य बनेंगे। युवा हैं। परिवार के नजदीक हैं और मध्य प्रदेश में सिंधिया परिवार का असर है। लेकिन तय कमलनाथ को हो गया था।



शकील अख्तर

> कमलनाथ ने तीसरे बेटे के नाम पर पार्टी से सब कुछ लिया मगर जब मौका आया तो कपूत की तरह मां समान पार्टी को छोड़ कर भागने लगे। अब उनका जाना ही पार्टी हित में है। और अगर जैसा कि बीजेपी भी सोच रही है कि आदमी भरोसे के लायक नहीं है लें कि न लें तो फिर कांग्रेस के लिए एक नई मुसीबत खड़ी हो जाएगी। देखना दिलचस्प होगा कि क्या कांग्रेस में इतनी हिम्मत है कि उन्हें निकाल सके !

आश्चर्यजनक था। मध्य प्रदेश के कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं के लिए भी। उनकी मेहनत से फसल तैयार हुई तो काट कर ले जाने के लिए कोई और आ गया। हमने पूछा किसी बड़े नेता से। तो जवाब मिला कि वे पैसा खर्च करेंगे। हम वैसे ही चुप के चुप रह गए। मतलब जो पैसा खर्च करेगा वह बनी बनाई रोटी पर कब्जा कर लेगा। अध्यक्ष बन जाएगा !

मगर ऐसा ही हुआ। 2003 से लगातार तीन चुनाव जीत रही बीजेपी को जनता ने इस बार हराने की ठान रखी थी। कार्यकर्ता भी मुस्तैद था। कांग्रेस जीत गई।

कमलनाथ मुख्यमंत्री बन गए। मगर बनने के साथ ही पहले दिन जो बीजेपी के मुख्यमंत्री सारे निगम बोर्डों में राजनीतिक नियुक्तियां कर देते हैं। कमलनाथ ने 15 महीने में भी नहीं कीं। जिस व्यापम घोटाले के नाम पर जीते थे उसकी जांच तक नहीं करवाई। सैक्स सीडी कांड जिसमें भाजपा के कई नेताओं और उस समय के अफसरों के फंसे होने की बात कहीं जा रही थी, उसकी जांच नहीं करवाई।

किया क्या ? ज्योतिरादित्य सिंधिया से कह दिया कि जाओ जो तुमसे बन सके करो ! और सिंधिया ने सरकार पलट दी। अपनी सरकार को बचा नहीं सके। मगर पार्टी अध्यक्ष पद नहीं छोड़ा। और खुद को भावी मुख्यमंत्री घोषित कर दिया। बेटे नकुल ने शपथ ग्रहण की तारीख बता दी। मगर मुख्यमंत्री बनने के लिए जो मेहनत करनी पड़ती है। गांव-गांव घूमना पड़ता है। कार्यकर्ताओं से मिलना पड़ता है। वह कौन करे। कमलनाथ तो कार्यकर्ताओं को छोड़िए नेताओं से नहीं मिलते थे। 230 विधानसभा सीटे हैं। वे 25 उम्मीदवारों के नाम तक नहीं जानते थे। भारी अहंकार। जिसे मर्जी चाहा टिकट दिया। जिसे नहीं चाहा नहीं दिया।

जीती हुई बाजी हरवा दी। मध्य प्रदेश की हार भारी अप्रत्याशित थी। मगर हार की जिम्मेदारी लेने के बदले वे तो हराने वाले का अभिनंदन वंदन करने जा रहे हैं।

बहुत लोगों ने कांग्रेस छोड़ी। मगर कमलनाथ जैसा और कोई नहीं होगा। क्या नहीं दिया कांग्रेस ने इनको। कभी किसी को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तक नहीं बताती है। कहती है विधायक तय करेंगे। हाईकमान तय करेगा। मगर यहां तो खुद कमलनाथ ने तय कर लिया कि मैं बनूंगा। और हारने के बाद अध्यक्ष पद बना रहने दो। नहीं तो राज्यसभा दो।

जब से अध्यक्ष बने थे यह जिदें चलती रहीं। कांग्रेस हाईकमान मानता रहा। पांच साल में पांच प्रभारियों को दीपक बावरिया, मोहन प्रकाश, मुकुल वासनिक, जयप्रकाश अग्रवाल, रणदीप सुरजेवाला को हटवाया। पार्टी के प्रखर प्रवक्ता आलोक मेहता को नोटिस दिलवाया। और अब मान लो यह जो कांग्रेसी मान मनौव्वल कर रहे हैं तो रुक गए तो फिर क्या करेंगे ?

कांग्रेसियों को तो चाहिए यह कि उन्हें बड़े हार फूल, बाजे गाजे के साथ ले जाकर बीजेपी के दरवाजे तक छोड़ कर आएं। जिसका पार्टी के सिद्धांतों में विश्वास नहीं होता, नेतृत्व में आस्था नहीं होती उसे रोकने से कोई फायदा नहीं। जब उसकी असलियत सामने आ गई है तो वह अंदर रहकर और नुकसान करेगा। लोगों को भड़काएगा। विपक्ष में रहकर राजनीति करना हर किसी के बस की बात नहीं है। कांग्रेस से बहुत गए और बहुत और जाएंगे। मगर क्या इससे पार्टी कमजोर हो जाएगी ? 1977 हारने के बाद इन्दिरा गांधी के पास से भी बहुत सारे लोग चले गए थे। मगर 1980 में उन्होंने वापसी की। जाने वालों की राजनीति खत्म हो गई। जगजीवन राम, हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे बड़े जनाधार वाले नेता खत्म हो गए। अभी तो जाने वालों में एक के पास भी कोई जनाधार नहीं है।

कांग्रेस को जरूरत अपने वफादार कार्यकर्ताओं को नेताओं को मजबूत करने की है। विश्वासघातियों को मनाने की नहीं। इससे तो और गलत संकेत जाएगा। दूसरे लोग भी तेवर दिखाने लगेंगे। जब राहुल खुद कह चुके हैं कि जिसे जाना हो जाए तो फिर किसी को रोकने मनाने की क्या जरूरत।

कांग्रेस की लड़ाई मुश्किल है। इंडिया गठबंधन के लोग भी छोड़ कर जा रहे हैं। सब डरे हुए हैं। तो इन डरे हुए लोगों को साथ लेकर लड़ने से फायदा है या बाकी हिम्मती लोगों को साथ लेकर लड़ने से ? डरे हुए लोग कोई लड़ाई लड़ सकते हैं ? वे तो बीच युद्ध में खुद भी भागेंगे और दूसरों को भी डराएंगे।

कमलनाथ ने तीसरे बेटे के नाम पर पार्टी से सब कुछ लिया मगर जब मौका आया तो कपूत की तरह मां समान पार्टी को छोड़ कर भागने लगे। अब उनका जाना ही पार्टी हित में है। और अगर जैसा कि बीजेपी भी सोच रही है कि आदमी भरोसे के लायक नहीं है लें कि न लें तो फिर कांग्रेस के लिए एक नई मुसीबत खड़ी हो जाएगी। देखना दिलचस्प होगा कि क्या कांग्रेस में इतनी हिम्मत है कि उन्हें निकाल सके !

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# क्या चुनावी मैदान जीतेंगे राहुल

पूरब से पश्चिम को जोड़ने वाली राहुल गांधी की न्याय यात्रा बीजेपी और संघ के सबसे मजबूत गढ़ में प्रवेश कर चुकी है। 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई मुम्बई तक 6700 किलोमीटर की होने वाली इस यात्रा में राहुल गांधी नागालैंड, असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, पश्चिम बंगाल, झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और बिहार होते हुए सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक न्याय के लिए संकल्पबद्ध राहुल गांधी मान्यवर कांशीराम की कर्मभूमि उत्तर प्रदेश पहुंच चुके हैं। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा सूबा है, जो देश की तकदीर लिखता है। 80 लोकसभा सीटों वाले उत्तरप्रदेश में जो पार्टी चुनाव जीतती है, वही देश पर राज करती है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि बीजेपी अगले 50 साल तक देश में राज करेगी। यानी भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की राजनीति, नितांत राज करने की नीति है। लोगों के साथ न्याय करना, उन्हें अधिकार सम्पन्न और आत्मनिर्भर बनाना, भारत को समृद्ध और सशक्त करना नरेंद्र मोदी एंड कंपनी का कोई उद्देश्य नहीं है। यही वजह है कि मोदी को कोई फर्क नहीं पड़ता, जब नीरव मोदी, मेहुल चौकसी और विजय माल्या जैसे धनकुबेर देश का करोड़ों रुपया लेकर फरार हो जाते हैं। नरेंद्र मोदी को नहीं फर्क पड़ता, जब किसान आंदोलन में साढ़े सात सौ किसानों की मौत हो जाती है। नरेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता, जब देश का मान ऊंचा करने और तिरंगे को सम्मान दिलाने वाली महिला पहलवान न्याय की गुहार लगाते हुए दिल्ली की छाती पर धरना देती हैं। जब गुजरात के ऊना में दलित नौजवानों को नंगा करके पीटा जाता है, नरेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता। जब मणिपुर में पागल नफरती भीड़ दो महिलाओं को नंगा करके हांककर ले जाती है और सामूहिक बलात्कार करके हत्या कर देती है, नरेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता। जब चीन गलवान घाटी में घुसपैठ करता है, अरूणाचल प्रदेश में बस्तियां बसा लेता है, नरेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता। नोटबन्दी में सैकड़ों लोग लाइन में लगकर मर जाते हैं, कोरोना में लाखों लोग बेमौत मारे जाते हैं तब भी नरेंद्र मोदी को कोई फर्क नहीं पड़ता। नरेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता जब तालाबंदी में करोड़ों लोगों के पैर लहूलुहान हो जाते हैं, और हजारों गरीब मजदूर रास्ते में दम तोड़ देते हैं। नरेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता, जब आंध्र प्रदेश से लेकर विदर्भ, बुंदेलखंड में आर्थिक तंगी और कर्ज के बोझ से दबा हुआ किसान आत्महत्या करता है और बेरोजगारी की मार से बदहाल नौजवान सड़क पर बदहवास घूमता है।



■ प्रो. रविकान्त

> राहुल गांधी, जो निश्चित तौर पर चांदी की नहीं बल्कि सोने की चम्मच लेकर के पैदा हुए हैं। जिसके परिवार में एक नहीं तीन-तीन प्रधानमंत्री हुए, जिसने अपने पिता और अपनी दादी को खोया, जिसने अपनी मां को प्रधानमंत्री नहीं बनने के लिए प्रेरित किया, जो सत्ता नहीं बल्कि देश बनाने के लिए राजनीति में आया। वह व्यक्ति पिछले दो दशक से लोगों के लिए और लोगों के साथ पूरी शिद्दत के चल रहा है।

नरेंद्र मोदी ने देश को हिंदुत्ववादी उपनिवेश में तब्दील कर दिया है। '50 साल तक राज' करने के लिए लोकतंत्र का गला घौंटा जा रहा है। मीडिया को सरकारी भोंपू बना दिया गया है। चुनाव आयोग रीढ़विहीन केंचुआ बन गया। रिजर्व बैंक, नरेंद्र मोदी की पोशाक वाले रंगों के नोट छापने की मशीन हो गया। सरकारी एजेंसियां विपक्ष को ठिकाने लगाने का हथियार बन गईं। आज देश चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। देश बदलाव की बाट जोह रहा है, न्याय की पुकार लगा रहा है। ऐसे समय में राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले हैं।

राहुल गांधी, जो निश्चित तौर पर चांदी की नहीं बल्कि सोने की चम्मच लेकर के पैदा हुए हैं। जिसके परिवार में एक नहीं तीन-तीन प्रधानमंत्री हुए, जिसने अपने पिता और अपनी दादी को खोया, जिसने अपनी मां को प्रधानमंत्री नहीं बनने के लिए प्रेरित किया, जो सत्ता नहीं बल्कि देश बनाने के लिए राजनीति में आया। वह व्यक्ति पिछले दो दशक से लोगों के लिए और लोगों के साथ पूरी शिद्दत के चल रहा है। इसी उत्तर प्रदेश की जमीन पर राहुल गांधी ने किसानों को न्याय दिलाने के लिए भट्टा पारसौल में संघर्ष किया था। इसी तरह राहुल गांधी 2021-22 में दिल्ली की सरहदों पर हुए किसान आंदोलन के समर्थन में खड़े रहे। जब हाथरस में एक दलित बेटी के बलात्कार और उसकी मौत के अपराधियों को भाजपा का सत्ता तंत्र बचाने की कोशिश करता है तो राहुल गांधी वहां भी पहुंचते हैं। पुलिस वालों के धक्के और अपमान सहते हुए भी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी हाथरस की उस बेटी के न्याय के लिए अड़े रहे। राहुल गांधी ने कभी किसी पद और प्रतिष्ठा के लिए राजनीति नहीं की। उन्होंने संसद और सरकार का उपयोग कभी अपनी छवि चमकाने के लिए नहीं किया। राहुल गांधी सत्ता में रहते हुए भी निर्लिप्त और अहंकार मुक्त रहे।

जब नरेंद्र मोदी की तानाशाही सत्ता देश की गरिमा और लोकतंत्र का गला घोंटने पर उतारू हो गई तो निर्द्वन्द्व और निर्भीक होकर राहुल गांधी निकल पड़ते हैं डगर-डगर भारत जोड़ो यात्रा पर। 2023 में दक्षिण के रामेश्वरम से लेकर के उत्तर के कश्मीर तक करीब 4000 किलोमीटर पैदल चलते हुए राहुल गांधी देश की धड़कन सुनते हैं। देश में बढ़ती नफरत और हिंसा को रोकने के लिए राहुल गांधी मुहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं। 'डरो मत' नारे के साथ राहुल गांधी जैसे-जैसे आगे बढ़ते हैं देश का जनमानस उनके साथ बढ़ चलता है। महात्मा गांधी के जनसंघर्ष की यादें ताज़ा हो जाती हैं। गांधी जी विदेशी गोरों के खिलाफ सत्याग्रह कर रहे थे तो राहुल गांधी देशी संघी सत्ता के खिलाफ सड़क पर संघर्ष कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा ने संविधान और लोकतंत्र के प्रति लोगों के विश्वास को मजबूत किया। स्मरणीय है कि 'भारत के विचार' पर हमेशा से संघियों की टेढ़ी नजर रही है। दलितों-वंचितों को सम्मान और अधिकार सुनिश्चित करने वाले समावेशी राष्ट्र की जगह वे भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का सपना देखते रहे हैं। नागपुर कार्यालय पर आज़ादी के बाद चार दशक तक तिरंगा नहीं फहराने वाले संघी आज भी संविधान से बेपनाह नफरत करते हैं ! समता, न्याय, बंधुत्व, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता आदि संवैधानिक मूल्यों के प्रति आरएसएस का कोई विश्वास नहीं रहा है। संघी और उनसे जुड़े अन्य हिंदुत्ववादी संविधान के इन बुनियादी मूल्यों को चिन्दी-चिन्दी करके ध्वस्त करना चाहते हैं। इन्हीं मूल्यों को बचाने के लिए राहुल गांधी एक बार फिर सड़क पर हैं।

राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि 'अगर सड़कें सूनी हो जाएगी तो संसद आवारा हो जाएगी।' आज संसद को बंधक बना लिया गया है। विपक्षी सांसदों के माइक बन्द करना आम बात है। उनका उपहास उड़ाया जाता है और अपमान किया जाता है। संसद में धार्मिक नारेबाजी की जाती है। बिना बहस के कानून पारित होते हैं। धार्मिक कर्मकांड के जरिए उनके विवेक पर हमला किया जा रहा है। आज जब उनकी उम्मीदों, सपनों और स्वाभिमान को छलनी किया जा रहा तब राहुल गांधी सड़क पर आकर इन वर्गों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा की बात कर रहे हैं। देश के पहले मालिक आदिवासियों के जंगल और जमीन के अधिकार के साथ आर्थिक न्याय दिलाने की बात राहुल गांधी कर रहे हैं। सदियों से वंचना और प्रताड़ना का शिकार रहे दलितों को सम्मान, शिक्षा और सरकारी नौकरी चाहिए। ओबीसी के हक और न्याय के लिए जातिगत जनगणना जरूरी है। किसानों को एमएसपी और मजदूरों को सम्मानजनक रोजगार मिले तभी उनके साथ आर्थिक न्याय होगा। देश के संसाधनों में सबकी हिस्सेदारी हो। राजनीति में सबको प्रतिनिधित्व मिले। गरीबी रेखा ही क्यों तय हो , अमीरी की रेखा भी तय होनी चाहिए। असमानता, अपमान और अन्याय की इस व्यवस्था को बदलने के लिए अम्बेडकर के तेबर और नेहरू की समझ के साथ गांधी की डगर पर निकले राहुल गांधी को देश का दलित वंचित और अल्पसंख्यक तबका बहुत उम्मीद की निगाह से देख रहा है। लोगों का दिल जीतने वाले राहुल गांधी क्या चुनावी मैदान पर भी जीत हासिल करेंगे ?

## पावन प्रसंग

# मोह की व्यर्थता

मृत आत्मीयजनों के प्रति मोह स्वाभाविक होता है। ऐसे विरले ही होते हैं, जो उस वेला में अपने आप को संतुलित रखकर होनी को स्वीकार कर सकें। मरण को स्वाभाविक क्रिया मानकर, जीवात्मा की शाश्वतता, चिरंतनता को स्वीकार किया जाना चाहिए, इस तथ्य की पुष्टि अनेक पौराणिक आख्यानों से होती है। राजा प्रद्युम्न बीमार हुए, बहुत चिकित्सा कराने पर भी कोई लाभ नहीं हुआ। अंततः मृत्यु की वेला आ पहुंची और उनके प्राण निकल गए। राजमहल में शोक छा गया। रानी, राजुपत्रों सहित सभी विलाप करने लगे। सोचने लगे कि किसी प्रकार राजा का मृतशरीर पुनर्जीवित हो उठता तो कितना अच्छा होता। उन दिनों महर्षि पुरंध्र अनेक ऋद्धि-सिद्धियों के अधिष्ठाता थे। उनकी कृपा से बड़ी से बड़ी विपत्ति टल जाने एवं असंभव भी संभव हो जाने की ख्याति फैली हुई थी। संयोगवश राजा की मृत्यु के तुरंत बाद वे उधर आ निकले। उन्होंने उचित समझा कि शोकसंतप्त परिवार को सांत्वना दी जाए एवं राज्य की भावी व्यवस्था की रूपरेखा देख ली जाए। मृत राजा, उनके भक्तों में से एक जो थे। महर्षि पुरंध्र का आकस्मिक आगमन देखकर सभी उपस्थित लोगों में आशा का संचार हुआ। वे सभी एक स्वर से एक ही आर्त निवेदन करने लगे कि किसी प्रकार राजा को पुनर्जीवित कर दिया जाए। महर्षि ने उन्हें लाख समझाया, जन्म-मरण अनिवार्यता का विवेचन वे काफी देर तक करते रहे व धैर्य बंधाते रहे, पर उस बात पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। सभी का आग्रह एक ही रहा कि राजा को पुनर्जीवित कर दिया जाए।

पीछा छुड़ाने का कोई उपाय न देख एवं स्वजनों का अत्यधिक मोह दिखाई पड़ने पर महर्षि एक शर्त पर राजी हुए कि राजा की आत्मा ने जिस नए शरीर में जन्म ले लिया है, वहां सब लोग मिलकर चलें। उनसे वापस लौटने का अनुरोध करें। यदि वे स्वीकार कर लेंगे तो उनका नया शरीर नष्ट करके पुराने शरीर में लौटाने की व्यवस्था बनाने का प्रयत्न करेंगे। राजा एक पर काष्ठकीट के रूप में जन्म ले लिया था। वहीं समूचे राजपरिवार को ले जाया गया। कीड़े को दिखाया गया साथ ही महर्षि ने यह सुविधा भी बना दी कि कीटक के साथ उपस्थित परिवारजनों का संभाषण संभव हो सके। राजा प्रद्युम्न के कीटशरीर के साथ बातचीत कर उन्हें वापस लौटने राजा के शरीर में लौटने का आग्रह करने लगे। उनके नए शरीर को नष्ट करने के लिए सभी उतारू थे। बार-बार आश्वस्त करने पर कि आपकी काया को हमने संभाल कर रखा है। कीटक शरीरधारी राजा ने कहा- सज्जनों, आप व्यर्थ मोह कर रहे हैं। अब मेरा पिछले परिवारीजनों से कोई लगाव नहीं रहा। आप सब को तो मै अब जानता तक नहीं। नई काया व नए परिवार में रहते हुए ही मुझे संतोष है। अपना परिवार भी शीघ्र बसाने जा रहा हूं। इसमें आप व्यवधान मत डालिए। प्रस्तुत चोले में परिवर्तन करने की मेरी तनिक भी इच्छा नहीं है। सभी हतप्रभ थे। महर्षि ने पहले ही यह व्यवस्था बना दी थी कि राजा वापस लौटने को तैयार होंगे तो ही उन्हें पुराने शरीर में ले जाया जाएगा। जब देखा कि राजा को पुराने संबंधियों से कोई लगाव नहीं रहा, तो अपना हठ छोड़ सभी दुखी मन से लौट गए। प्रद्युम्न के मृतशरीर का अंतिम संस्कार कर दिया गया। कुटुम्बियों का शोक क्रमशः घटता गया। सभी को यह बात भली प्रकार समझ में आ गई कि जो जिस योनि में जन्म लेता है वही उसे प्रिय लगने लगती है। आत्मा का न कोई घर होता है, न कोई संबंधी होता है और न रिश्तेदार। अतः मृत परिजनों को बात समझ में आ गई। मृतशरीर के प्रति व्यर्थ मोह न कर उचित कर्म आदि कर मोह से मुक्ति व मृतात्मा को शांति दी जानी चाहिए।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# कानून के क्षेत्र में बेहतरी और बदलाव की वर्तमान परिपेक्ष्य में अति आवश्यक

संविधान की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। संविधान पर चलने वाले भारत की कानून व्यवस्था भी संस्कृति के अनुरूप है। भारत की अदालतों में चलने वाले केस की सुनवाई में समय लगता है। भारत में दोषी छूट जाए तो कोई बात नहीं है लेकिन निर्दोष को सजा नहीं होनी चाहिए। यह भारतीय परम्परा है। इसके लिए न्यायालय के वरिष्ठ वकीलों और न्यायाधीश सबूतों पर विशेष ध्यान रखते हैं। लोगों को आज भी भगवान के बाद अदालत पर भरोसा करने वाले 99 प्रतिशत हैं। लेकिन अपवाद को छोड़कर न्यायमूर्ति जीवनदान देने वाले होते हैं। फिर सबूतों के कारण उनकी मजबूरी हो सकती है। प्रयागराज में मध्यस्थता केंद्र का उद्घाटन करने के बाद सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हाईकोर्ट व जिला जजों ने समानता की संस्कृति नहीं है। उन्होंने अदालतों के जजों, वकीलों और न्यायपालिका में अधीनस्थता की संस्कृति पर बात करते हुए कहा कि हमारी न्यायपालिका में भय का माहौल है।हाईकोर्ट और डिस्ट्रिक्ट जजों के बीच समानता नहीं दिखाई दी है। आज जिस तरह लोगों को अदालत पर पूरा भरोसा है। वही कहीं न कहीं कोर्ट से मिलने वाले फैसले सही होते हुए सबूतों और आधार की कम ताकत परिवादी को सही फैसले से दूर रखती है। जबकि अधीनस्थता की संस्कृति के कारण न्याय प्रभावित होता दिखाई दे रहा है। सवालिया निशान साधते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कोर्ट पर जमानत नहीं देने की अरुचि प्रकट करते हुए कहा कि आखिरकार न्यायपालिका जमानत देने से डरती है और यह न्यायसंगत नहीं है। प्रशासनिक जजों के मन में डर पैदा हो गया है। राजेंद्र प्रसाद नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के उद्घाटन के दौरान कहा कि व्यक्ति को ज्यादा बोलना ठीक नहीं है तो वे जिस जगह है वहां ज्यादा चुप रहना भी कतई उचित नहीं है। देश में बढ़ते केसों के कारण लोगों को असुविधा होती है। उसके लिए सरकार को युक्तियुक्त कदम उठाना चाहिए। अपने केस के सिलसिले में व्यक्ति पूरी जिंदगी लड़कर हार का सामना करता है तो क्या ऐसे में न्यायालय पर भरोसा कर पायेगा ? देश में करोड़ों केस पेंडिंग है। विवाद के केस की कई वर्ष बीत जाने के बाद भी जिरह नहीं हो पाती है। ऐसे में न्यायालय उसके लिए दुखदायक ही होती है। उससे ज्यादा कुछ नहीं होती है। लेकिन अदालतों पर आज भी दुनिया भरोसा कर रही है तो यह एक विश्वसनीयता है जो न्यायाधीश और वकीलों ने साख बचाकर रखी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## पाकिस्तान में आतंकवाद विरोधी अभियानों में नौ आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में दो अलग-अलग आतंकवाद विरोधी अभियानों में शनिवार को नौ आतंकवादी मारे गए, जबकि एक सैनिक की मृत्यु हो गयी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने शनिवार को देर रात एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने केपी के दक्षिणी जिले वजीरिस्तान में एक खुफिया-आधारित अभियान चलाया। आईएसपीआर ने कहा, ऑपरेशन के दौरान भीषण गोलीबारी में सात आतंकवादी और एक सैनिक मारा गया।

# गाजा में इजरायली हमले में 40 फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा, 18 फरवरी (एजेंसियां)।** इजरायल की ओर से मध्य गाजा पट्टी में आवासीय घरों को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमलों में शनिवार को कम से कम 40 फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजरायली युद्धक विमानों ने मध्य गाजा पट्टी में नुसीरात, अल-ज़्वैदा और दीर अल-बलाह के इलाकों में कई घरों पर बमबारी की, जिसके कारण कई लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। सूत्रों ने कहा नागरिक सुरक्षा दल ने 40 शवों को बरामद किया है, जबकि कई शव अभी भी मलबे में दबे हुए हैं। मृतकों के और घायलों को दीर अल-बाला शहर के अल-अक्सा शहीद अस्पताल में भेजा गया है। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने घोषणा की कि सात अक्टूबर, 2023 को गाजा पट्टी पर इजरायली युद्ध की शुरुआत के बाद से मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या 28,858 हो गई है। उल्लेखनीय है कि हमास ने गाजा पट्टी से सटे इजरायली शहरों पर रॉकेट दागे थे तथा इजरायली सीमा में घुसकर हमला किया था, जिसके कारण 1200 से ज्यादा लोग मारे गए थे। इस दौरान हमास के लड़ाकों ने 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया था।

■ इजरायली युद्धक विमानों ने मध्य गाजा पट्टी में नुसीरात, अल-जवैदा और दीर अल-बलाह के इलाकों में कई घरों पर बमबारी की



### इजरायल हमास की पूर्ण हार तक लड़ेगा: नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजरायल फिलिस्तीनी आंदोलन हमास की पूरी हार तक गाजा पट्टी में लड़ाई जारी रखेगा। श्री नेतन्याहू ने शनिवार को कहा कि इस अभियान में फिलिस्तीनी एन्क्लेव के दक्षिण में स्थित राफा में युद्ध कार्रवाई शामिल होगी। उन्होंने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, कल, मैंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से बात की। मैं विश्व नेताओं को दृढ़ता से बताता हूं कि इज़रायल राफा में युद्ध कार्रवाई सहित पूर्ण जीत के लिए लड़ेगा। जो लोग हमें राफा में काम करने से रोकना चाहते हैं, वे वास्तव में हमें युद्ध जीतने से रोकना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राफ़ा में सैन्य अभियान नागरिकों को सुरक्षित क्षेत्र में पहुंचाने के बाद ही शुरू होगा।

## रूस का यूक्रेन के अवदीवका शहर पर पूर्ण नियंत्रण का दावा



**मॉस्को, 18 फरवरी (एजेंसियां)।** रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू ने कहा है कि मॉस्को ने उकाराइन के अवदीवका शहर पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा मंत्रालय ने अपने टेलीग्राम चैनल पर घोषणा की कि लेफ्टिनेंट जनरल एंड्री मोर्डविचेव के नेतृत्व में सैनिकों ने अवदीवका पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन ने 24 घंटों में अवदीवका में 1,500 से अधिक सैनिकों को खो दिया है। मंत्रालय ने कहा कि अवदीवका के पूर्ण नियंत्रण ने रूसी सैनिकों को डोनेट्स्क से अग्रिम पंक्ति को पीछे धकेलने की अनुमति दी, इससे सेना को यूक्रेनी हमलों से काफी हद तक सुरक्षा मिली।

यूक्रेनी सशस्त्र बल के कमांडर-इन-चीफ ऑलेक्ज़ेंडर सिर्स्की ने शनिवार को कहा कि देश ने अवदीवका शहर से सैनिकों की वापसी का आदेश दिया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, सिर्स्की ने कहा, घेराबंदी से बचने और सैनिकों के जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा के लिए, मैंने अपनी इकाइयों को शहर से वापस करने का फैसला किया।

## सुडोकू 6471

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 9 | 5 | | |
| | 9 | | | | 8 | | 3 | |
| 5 | 4 | 8 | 6 | | | | | 1 |
| | 8 | | 3 | | | | 1 | 2 |
| | 5 | 4 | 1 | | 7 | 3 | 8 | |
| 1 | 6 | | | | 4 | | 9 | |
| 8 | | | | | 5 | 1 | 4 | 7 |
| | 1 | | 7 | | | | 2 | |
| | | 2 | 9 | 4 | | 8 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 19 फरवरी , 2024 माघ शुक्ल पक्ष 9

### राशिफल

मेष -मन में स्थिरता और निर्णायकता का अभाव होने से आप तेजी से कोई निर्णय नहीं ले सकेंगे। इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण कार्य स्थगित रखने पड़ेंगे। नौकरी धंधे में विरोधियों का सामना करना पड़ेगा।

वृषभ -आज आपको समस्त दुविधाओं को किनारे रखकर मन को एकाग्र और स्वस्थ रखने की आवश्यकता है, क्योंकि मन की अस्थिरता के कारण आप हाथ में आए हुए सुनहरे अवसर को खो देंगे, ऐसी संभावना है।

मिथुन -तन-मन से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। घर में मित्रों, सगे- संबंधियों के आगमन से खुशी का वातावरण रहेगा। अच्छा भोजन और सुंदर वस्त्राभूषण मिलने का योग है। आज का दिन आर्थिक लाभ का दिन है।

कर्क -परिवार में लोगों के साथ मतभेद हो सकता है। किसी उलझन के कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेने की सलाह दी जाती है। किसी के साथ संघर्ष या विवाद होने की संभावना है।

सिंह -आपको व्यापार धंधे में लाभ होगा और आय बढ़ेगी। अच्छा भोजन मिलेगा और मित्रों के साथ बाहर घूमने जाने की संभावना है। मित्र आपके लिए सहायक सिद्ध हो सकेंगे। पुत्र से मुलाकात होगी। बुजुर्गों का साथ मिलेगा।

कन्या -आज आप नए काम की योजनाओं को अमल में ला सकेंगे। व्यापार और नौकरी करने वाले लोगों को लाभ मिल सकेगा। अधिकारी आप पर कृपादृष्टि रखेंगे। उच्च पद मिलने की संभावना है।

तुला -आप नए काम शुरू करने का प्रयत्न करेंगे। बौद्धिक तथा साहित्य और लेखन का कार्य कर सकेंगे। किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जा सकेंगे। विदेशी मित्रों या सगे- संबंधियों के समाचार मिलने से खुशी अनुभव करेंगे।

वृश्चिक -आज अपने स्वभाव और व्यवहार पर काबू रखना आवश्यक है। कोई नए काम की शुरुआत आज ना करें। स्वास्थ्य खराब होने की संभावना होने से खानपान में ध्यान रखें। अचानक आर्थिक लाभ हो सकता है।

धनु -आज आप स्वादिष्ट भोजन, अच्छे पोशाक, प्रवास और पार्टी का आनंद ले सकेंगे। भरपूर मनोरंजन का आनंद उठाएंगे। दोस्तों से विशेष आकर्षण अनुभव करेंगे। प्रिय व्यक्ति से मिलकर रोमांच अनुभव करेंगे।

मकर -व्यापार में वृद्धि और आर्थिक योजनाएं बनाने के लिए आज का दिन अच्छा है। पैसे की लेन-देन अच्छी तरह कर सकेंगे। जो लोग आयात निर्यात का काम करते हैं, वे लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कुंभ -आज आपको किसी बात का डर लगा रहेगा। विचार तेजी से बदलने के कारण आप दुविधा में रहेंगे और किसी निर्णय पर नहीं आ सकेंगे। संतान की चिंता परेशान करेगी। आपको पेट की तकलीफ होने की संभावना है।

मीन -आज आपको सावधान रहना पड़ेगा। परिवार में मतभेद हो सकता है और माता के स्वास्थ्य चिंता रहेंगी। मन में किसी बात की चिंता रहेगी। आर्थिक नुकसान हो सकता है और प्रतिष्ठा को कलंक पहुंच सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## ताइवान के पास चीन बढ़ाएगा गश्त

**ताइपे, 18 फरवरी (एजेंसियां)।** चीन ने रविवार को कहा कि वह ताइवान के तट रक्षक बल से जुड़ी एक नाव दुर्घटना में दो चीनी नागरिकों की मौत के बाद ताइवान के पास जल क्षेत्र में कानून प्रवर्तन गश्त बढ़ाएगा। डॉन समाचारपत्र के मुताबिक एक चीनी नाव चार लोगों को ले जा रही थी जब ताइवानी तट रक्षक द्वारा पीछा किए जाने के दौरान बुधवार को किनमेन द्वीप के पास नाव पलट गई।

जहाज पर सवार सभी चार लोगों को पानी में फेंक दिया गया और बाद में चालक दल के दो लोगों की मृत्यु हो गई। चीनी तट रक्षक ने कहा कि वह क्षेत्र में 'नियमित कानून प्रवर्तन गश्ती अभियान चलाएगा।' चीनी तट रक्षक के प्रवक्ता गन यू ने एक बयान में कहा, गश्ती का उद्देश्य अपने जल में संचालन के क्रम को आगे बनाए रखना और मछुआरों के जीवन की सुरक्षा करना है। चीन ने इस घटना के लिए ताइवान की निंदा की है और द्वीप से नाव चालक दल के दो जीवित सदस्यों को रिहा करने का आग्रह किया है जिन्हें हिरासत में लिया गया था। ताइपे ने बदले में चीन पर आरोप लगाते हुए कहा कि नाव किनमेन द्वीपों के आसपास 'निषिद्ध जल के भीतर' थी। यह इलाका ताइवान प्रशासित क्षेत्र है लेकिन चीन के जियामेन शहर से सिर्फ पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

महीनों की संवादहीनता के बाद हुई बात

## म्यूनिख में चीनी विदेश मंत्री से मिले एस जयशंकर

**नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग यी ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर एक संक्षिप्त बातचीत की है।


यह बातचीत शनिवार को तब हुई, जब जयशंकर एक पैनल चर्चा के लिए मंच पर जा रहे थे और वांग मंच से नीचे आ रहे थे। दोनों देशों के बीच कई महीनों तक कोई संवाद न होने के बाद अचानक यह बातचीत हुई है।पिछली बार दोनों नेता जुलाई 2023 में आसियान बैठक से इतर इंडोनेशिया में मिले थे। सुरक्षा सम्मेलन, वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर एक वार्षिक सम्मेलन शुक्रवार को म्यूनिख में शुरू हुआ। जयशंकर पहले ही सम्मेलन से इतर ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड कैमरन और पेरू के विदेश मंत्री जेवियर गोंजालेज-ओलेचिया से मुलाकात कर चुके हैं।



### आर्थिक मंदी के बीच चीन में विरोध-प्रदर्शन तेज

**वाशिंगटन।** मानवाधिकार समूहों के अनुसार, पिछले साल अगस्त से चीन में श्रमिक विरोध-प्रदर्शन तेजी से बढ़ गए हैं, खासकर पिछले सप्ताह के अंत में शुरू हुए चंद्र नव वर्ष से पहले। वीओए की खबर के अनुसार, न्यूयॉर्क स्थित अंतर्राष्ट्रीय अधिकार समूह फ्रीडम हाउस के चीन में विरोध-प्रदर्शनों पर नज़र रखने वाले चाइना डिसेंट मॉनिटर द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2022 की समान अवधि की तुलना में 2023 की चौथी तिमाही में श्रमिकों का विरोध-प्रदर्शन तीन गुना से अधिक हो गया। विश्लेषकों का मानना है कि यह अशांति खराब कामकाजी परिस्थितियों और चीन की मौजूदा आर्थिक कठिनाइयों से जुड़ी है।

## वर्ग पहेली 6471




**बायें से दायें:-**

१. अमृत (उर्दू)
४. पैरों के निशान
६. चाल, गति (उर्दू)
७. तोड़फोड़ बर्बादी
८. जंगली हाथी
१०. चुप, मौन (उर्दू)
११. क्षतिपूर्ति (उर्दू)
१३. कदाचित (उर्दू)
१४. तरक्की
१५. चाल चलने वाला, धूर्त (उर्दू)
१७. धनुष (उर्दू)
१९. किताब
२१. अभिरुचि, एक देवी
२२. ठंड से कांपना
२४. बाल्यावस्था

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीवनयापन का साधन
२. सहयात्री (उर्दू)
३. दया करना (उर्दू)
४. पराधीन
५. एक प्रसिद्ध पक्षी
९. अपने शत्रु का नाश करने वाला
११. गर्भ (उर्दू)
१२. उचित, वैध (उर्दू)
१३. राजा, सत्ताधारी
१४. भरोसेमंद
१५. चापलूस
१९. बचपन
१८. दक्ष, निपुण (उर्दू)
१९. रोमांच, हर्ष
२०. जटिल, मुश्किल
२३. विख्यात (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6470



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## पूर्व थाई प्रधानमंत्री थाकसिन को पेरोल पर रिहा किया गया

**बैंकॉक, 18 फरवरी (एजेंसियां)।** थाईलैंड के दोषी पूर्व प्रधान मंत्री थाकसिन शिनावात्रा को स्व-निर्वासन से देश लौटने के छह महीने बाद रविवार को पेरोल पर रिहा कर दिया गया। शिन्हुआ के पत्रकारों ने बताया कि थाकसिन को ले जाने वाली एक कार रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 6:06 बजे बैंकॉक के एक पुलिस अस्पताल से निकली, जहाँ उन्होंने चिकित्सा उपचार करवाया। थाई प्रधान मंत्री श्रेथा थाविसिन ने पहले कहा था कि थाकसिन की पेरोल पर रिहाई कानून के अनुरूप थी। देश के न्याय मंत्रालय के अनुसार 74 वर्षीय पूर्व प्रधान मंत्री इस महीने पेरोल के लिए स्वीकृत 930 कैदियों में से एक हैं। वह पेरोल के लिए पात्र है क्योंकि उसकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है और वह एक गंभीर बीमारी से पीड़ित है। थाकसिन ने 15 साल से अधिक का अपना निर्वासन समाप्त किया और पिछले साल अगस्त में थाईलैंड लौट आए, लेकिन जल्द ही उन्हें हिरासत में ले लिया गया और कई आरोपों में आठ साल की जेल की सजा सुनाई गई। उनकी वापसी के तुरंत बाद स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण उन्हें बैंकॉक जेल से अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि पिछले सितंबर में थाकसिन के शाही क्षमादान के अनुरोध के बाद थाई राजा महा वजिरालोंगकोर्न ने थाकसिन की आठ साल की जेल की सजा को घटाकर एक साल कर दिया था।



■ देश लौटने के छह महीने बाद रिहा किया गया

## हाउती ने लाल सागर में डेनमार्क की जहाज को लक्षित कर तीन मिसाइलें दागीं

**वाशिंगटन, 18 फरवरी (एजेंसियां)।** यमन में अंसार अल्लाह आंदोलन (हाउती) द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों से चार एंटी-शिप मिसाइलें दागी गईं। इनमें करीब तीन के जरिए लाल सागर में डेनमार्क की व्यापारी जहाज एमटी पोलक्स को निशाना बनाया। यह जानकारी अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने रविवार को दी। सेंटकॉम ने बताया कि यमन के ईरानी समर्थित हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों से लाल सागर में चार जहाज-रोधी बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गयीं। एमटी पोलक्स या क्षेत्र में अन्य किसी जहाज के क्षतिग्रस्त होने या किसी घायल होने की सूचना नहीं है। वहीं, अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को यमनी जल क्षेत्र में एक जहाज-रोधी क्रूज मिसाइल और एक मोबाइल मानव रहित सतह जहाज (यूएसवी) के खिलाफ हमले किए। बयान में कहा गया, सेंटकॉम ने यमन के हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों में मोबाइल मिसाइल और यूएसवी की पहचान कर पता लगाया कि इस क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के जहाजों और व्यापारिक जहाजों के लिए एक आसन्न खतरा है। अंसार अल्लाह आंदोलन का यमन के लाल सागर तट के अधिकांश हिस्से को नियंण है और उसने इजरायल से जुड़े जहाजों पर हमला करने की चेतावनी पहले से ही दे रखी है।

## आज का इतिहास

1389- दिल्ली के सुल्तान गयासुद्दीन तुगलक द्वितीय की हत्या हुई।
1473- प्रसिद्ध यूरोपिय खगोलशास्त्री एवं गणितज्ञ निकोलस कॉपरनिकस का जन्म।
1630- मराठा शासक शिवाजी का जुन्नेर में जन्म।
1719- मुगल शासक फर्रुखसियार की हत्या हुई।
1891- अमृत बाज़ार पत्रिका का दैनिक प्रकाशन शुरू हुआ।
1915- महान स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले का निधन।
1956- भारत के प्रसिद्ध विद्वान एवं विचारक नरेन्द्र देव का निधन।
1978- गायक पंकज मलिक का निधन। उन्हें 1972 में दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।
1986- देश में पहली बार कंप्यूटरीकृत रेलवे आरक्षण टिकट की शुरुआत हुई।
1992- प्रसिद्ध भारतीय चित्रकारनारायण श्रीधर बेन्द्रे का निधन।
1993- हैती के पास समुद्र में 1500 यात्रियों सहित एक जहाज डूबा।
1997- चीन के सर्वोच्च नेता डेंग जिएआउपिंग का 92 साल की उम्र में निधन। डेंग जिएआउपिंग को आर्थिक सुधारों के लिए भी जाना जाता है।
1999- डेनमार्क के वैज्ञानिक डॉक्टर लेन वेस्टरगार्ड ने वाशिंगटन में प्रकाश की गति धीमी करने में सफलता पाई।
2001- ब्राजील की जेलों में दंगे, आठ मरे, 7000 लोगों को क़ैदियों ने बंधक बनाया।2000 – तुवालू संयुक्त राष्ट्र का 189वां सदस्य बना।
2003- संयुक्त अरब अमीरात ने दाऊद के भाई इकबाल शेख और उसके सहयोगी एजाज पठान को भारत को सौंपा।

**आरोप** चुनाव में धांधली के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है पीटीआई

## दंगों की पुनरावृत्ति से बचने के लिए पीटीआई को रोके सरकार : मलिक

**लाहौर, 18 फरवरी (एजेंसियां)।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता मलिक अहमद खान ने रविवार को कहा कि इससे पहले कि देश में नौ मई जैसी एक और घटना (दंगे) हो, सरकार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को रोक देना चाहिए। श्री मलिक ने ये टिप्पणियां रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा की ओर से अपनी निगरानी में धांधली स्वीकार करने और पद से इस्तीफा देने के ठीक एक दिन बाद की हैं।

दूसरी ओर, पीटीआई और अन्य दल आठ फरवरी के चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और पूर्व सत्तारूढ़ दल का दावा है कि उसका जनादेश चोरी कर लिया गया है।

श्री मलिक ने लाहौर में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, पाकिस्तान में एक और नौ मई घटित होगा। उन्हें (पीटीआई) को रोका जाना चाहिए, अन्यथा वे पाकिस्तान को बहुत नुकसान पहुंचाएंगे। मेरी याददाश्त में नौ मई जैसी भयावह कोई घटना नहीं है। उनके साथ पीएमएल-एन नेता अजमा बुखारी और अताउल्लाह तरार भी मौजूद थे। पीएमएल-एन नेता ने घटना को याद करते हुए कहा कि श्री इमरान खान द्वारा स्थापित पीटीआई ने देश और सेना के खिलाफ साजिश रची। उन्होंने नौ मई की घटना से कोई सबक नहीं सीखा है। श्री मलिक ने कहा कि पीटीआई के अकाउंट से एक अभियान चलाया जा रहा है, यह दुष्प्रचार बिना वजह नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह उसी साजिश की अगली कड़ी है जो हम पहले भी देखते रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीटीआई ने सोशल मीडिया पर विभिन्न जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीआरओ) और उनके बच्चों की तस्वीरें अपलोड करके एक और 'डरावना' अभियान शुरू किया है। उन्होंने दावा किया, ये लोग अपना अराजक व्यवहार बिल्कुल भी बंद नहीं कर रहे हैं।



### एचआरसीपी ने मतदान के बाद की प्रक्रिया को असंतोषजनक बताया

**लाहौर।** पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने आठ फरवरी को हुए आम चुनावों, खासकर मतदान के बाद की प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर चिंता जताई है। समाचारपत्र 'द न्यूज' ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। देश के 51 निर्वाचन क्षेत्रों में ऑन-साइट निरीक्षण करने वाले एचआरसीपी के चुनाव निगरानीकर्ताओं की ओर से की गयी टिप्पणियों के अनुसार मतदान के दिन इंटरनेट और मोबाइल सेवाओं के राष्ट्रव्यापी निलंबन के साथ-साथ मतदान की जानकारी में अनियोजित परिवर्तन के कारण मतदाताओं को मतदान केंद्रों का पता लगाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

## दुनिया को जानें

### पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने जूते किए लॉन्च

**वाशिंगटन, 18 फरवरी (एजेंसियां)।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क के एक न्यायाधीश द्वारा नागरिक धोखाधड़ी मामले में उन पर और उनकी कंपनियों पर लगभग 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाने के एक दिन बाद एक स्नीकर लाइन लॉन्च की है। पूर्व राष्ट्रपति ने फिलाडेल्फिया में स्नीकर कॉन में ट्रम्प स्नीकर्स का अनावरण किया।




मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, उन्होंने मंच पर सोने के स्नीकर्स की एक जोड़ी रखी, इसकी कीमत एक नई वेबसाइट पर 399 डॉलर थी और इसे नेवर सरेंडर हाई-टॉप स्नीकर नाम दिया गया। 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव लिए उनके और राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच संभावित मुकाबले में जीओपी नामांकन में अग्रणी ट्रम्प ने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं 12-13 साल से बात कर रहा हूं, और मुझे लगता है कि यह एक बड़ी सफलता होने जा रही है।

# प्रादेशिकी

### शराब तस्करी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

ऋषिकेश। कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार से तस्करी की जा रही 12 पेटी शराब पकड़ी है। शराब तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने कार चालक को भी गिरफ्तार किया है। फिलहाल, पुलिस ने कार चालक के खिलाफ शराब तस्करी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। तस्करी में इस्तेमाल कार को भी पुलिस ने कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि रोडवेज बस स्टैंड के पास पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध कार को तलाशी के लिए रोका। तलाशी लेने पर कार के अंदर से पुलिस को 12 पेटी शराब बरामद हुई। शराब मिलने पर पुलिस ने कार चालक अंकुर बिश्नोई निवासी शीशम झाड़ी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से अभी पूछताछ कर रही है, जिसके बाद आरोपी को कोर्ट में पेश करने के लिए भेजा जाएगा।

## हिमाचल विधान सभा में आज से माली साल 2024-25 के बजट पर चर्चा शुरू होगी



**शिमला,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। हिमाचल विधान सभा में आज से माली साल 2024-25 के बजट पर चर्चा शुरू होगी। चर्चा के दौरान विपक्षी भाजपा के तीखे तेवर सदन में नजर आने का अंदेशा है। बजट पर 4 दिन तक चर्चा के बाद मुख्यमंत्री इसका उत्तर देंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बीते रोज विधान सभा में आगामी माली साल का 58 हजार 444 करोड़ का बजट पेश किया है। यह चालू माली साल से करीब 5 हजार करोड़ अधिक है। बजट पारित होने से पहले इस पर सदन में चर्चा होनी है। साथ ही मांगों पर भी सदन में चर्चा होगी। सोमवार को नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर बजट पर चर्चा का आगाज करेंगे। जयराम ठाकुर के साथ साथ विपक्षी भाजपा के तमाम नेता बजट को पहले ही निराशा जनक करार दे चुके हैं। साथ ही बजट में पूंजीगत खर्चों में कटौती के साथ साथ सरकारी क्षेत्र में नौकरियों को लेकर कोई बड़ी घोषणा न होने की भी भाजपा मुद्दा बना रही है। कांग्रेस की गारंटियों को लेकर जयराम ठाकुर कह चुके हैं बजट इस मामले में खामोश है। जाहिर है कि विधान सभा में बजट पर चर्चा के दौरान विपक्षी भाजपा के सदस्य इन तमाम मुद्दों को सदन में उठाने वाले हैं। सोमवार को विधान सभा में प्रश्न काल भी होगा। प्रश्न काल में स्वास्थ्य, शिक्षा, सडक़ों,राष्ट्रीय उच्च मार्गों, लाडा के साथ साथ कई अन्य अहम मसलों को लेकर सदन में सवाल पूछेंगे। इसके अलावा सदन में शासकीय व विधायी कार्य भी होने हैं।

## मुख्यमंत्री सुक्खू वाराणसी में आयोजित भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ शामिल हुए

शिमला। देश में चल रही भारत जोड़ो यात्रा वाराणसी में पहुंची है, जहां पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी के साथ यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री इस दौरान राहुल गांधी के यात्रा वाहन पर रहे और चार घंटे तक साथ रहे। मुख्यमंत्री सुक्खू अभी वाराणसी में हैं और सोमवार को वापस लौटने की संभावना है। प्रदेश में विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है और शनिवार को बजट पेश करने के बाद मुख्यमंत्री वाराणसी के लिए रवाना हुए। शिमला के अनाडेल हेलीपैड से दिल्ली रवाना हुए और सुबह वाराणसी पहुंचे। उसके बाद राहुल गांधी द्वारा की जा रही भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। वाराणसी में ये यात्रा विभिन्न क्षेत्रों से होती हुई गुजरी। संभावना है कि मुख्यमंत्री यात्रा में शामिल होने के बाद विधानसभा बजट सत्र में एक दिन के अवकाश के बाद सत्र में पहुंचेंगे।

## 900 मीटर लम्बी सुरंग निर्माण से हजारों आवासीय भवनों पर खतरा

- सुरंग से प्रभावित लोगों की सुरक्षा की गारंटी ले जिला प्रशासन
- कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगम बाजार में दिया एक दिवसीय धरना
- जिला प्रशासन से की प्रभावित परिवारों की सुरक्षा की मांग

**रुद्रप्रयाग,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। बद्रीनाथ हाईवे को केदारनाथ हाईवे से जोड़ने को लेकर बन रही 900 मीटर लम्बी सुरंग से आवासीय भवनों को नुकसान पहुंचने लगा है। इसके साथ ही रात के समय ग्रामीण भय के साये में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों की माने तो सुरंग निर्माण से बेलनी, सांदर, संगम बाजार, लोनिवि के साथ जगतोली क्षेत्र को खतरा पैदा हो गया है। स्थानीय जनता की समस्याओं को समझते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगम बाजार में एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया और जिला प्रशासन से हजारों प्रभावित लोगों की सुरक्षा की मांग के साथ ही संगम बाजार से केदारनाथ हाईवे को जोड़ने वाली सुरंग के ट्रीटमेंट की मांग की।

बेलनी, सांदर, संगम बाजार, लोनिवि के साथ ही जगतोली क्षेत्र की जनता की समस्या को समझते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को संगम बाजार में एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि सुरंग निर्माण से भविष्य में गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। जिस प्रकार आज जोशीमठ की जनता आज भुगत रही है, वैसे ही इस क्षेत्र के लोग भी भविष्य में खुद को कोसने पर मजबूर हो जायेंगे। ऐसे में जरूरी है कि जिला प्रशासन पहले ही प्रभावित लोगों की सुरक्षा की गारंटी ले। निर्माण कार्य करने के बाद कंपनी भाग जायेगी और जिला प्रशासन प्रभावित लोगाों को आश्वासनों का झुनझुना देता रहेगा। ऐसे में जरूरी है कि पहले ही लोगों के साथ अनुबंध बनाकर उन्हें मुआवजा दिया जाए। नगर कांग्रेस रुद्रप्रयाग के अध्यक्ष प्रशान्त डोभाल ने कहा कि केदारनाथ बाईपास से बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाली निर्माणाधीन सुरंग के शुरूआत से अंतिम छोर तक अब तक बहुत से आवासीय भवनों पर दरारें पड़ चुकी हैं, जबकि अभी भी यह सिलसिला जारी है। कार्यदायी संस्था भारत कंस्ट्रक्शन कंपनी व जिला प्रशासन भवनों का आंकलन शीघ्र तैयार कर मुआवजा बांटे। इसके साथ ही क्षेत्र के लोगों के साथ अनुबंध बनाया जाए कि भविष्य में सुरंग के कारण कोई बड़ी घटना घटती है तो इसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और कार्यदायी संस्था की होगी। जिससे प्रभावितों को भटकना ना पड़े। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन के कारण मुख्यालय से सटा औण, डांगसेरा, पुनाड़ गांव खतरे की जद में है। औण गांव के ऊपर पहाड़ी से भी पत्थर बरस रहे हैं, जबकि नीचे से सुरंग निर्माण के कारण भवनों में मोटी-मोटी दरारें पड़ने से ग्रामीण भय के साये में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। वहीं उन्होंने जिला प्रशासन से रुद्रप्रयाग नगर क्षेत्र की प्राचीन धरोहर केदारनाथ हाईवे को जोड़ने वाली क्षतिग्रस्त सुरंग का नव निर्माण करने की भी मांग की। इस मौके पर कांग्रेस नेता सूरज नेगी, दीपक भंडारी, नरेन्द्र रावत, सीके गैरोला, राजू जोशी सहित अन्य मौजूद थे।



### आगे कुआं पीछे खाई वाली बनी है स्थिति

रुद्रप्रयाग। लोनिवि कार्यालय से कुछ दूरी पर केदारनाथ हाईवे को बद्रीनाथ हाईवे से जोड़ने के लिए 900 मीटर लम्बी सुरंग का निर्माण कार्य चल रहा है। इस सुरंग के बनने के बाद जहां पर्यटन की दृष्टि से रुद्रप्रयाग मुख्यालय काफी महत्वपूर्ण हो जायेगा, वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार के मार्ग प्रशस्त होंगे। आने वाले समय में रुद्रप्रयाग शहर किसी बड़े शहर से कम नजर नहीं आयेगा। सुरंग के साथ ही बद्रीनाथ हाईवे को केदारनाथ हाईवे से जोड़ने के लिए पुल का निर्माण कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। सुरंग निर्माण के दौरान अंधाधुंध ब्लास्टिंग के कारण स्थानीय लोगों को अब दिक्कतें शुरू हो गई हैं। घरों में पड़ी दरारें उन्हें सोने नहीं दे रही है। ग्रामीणों की रातों की नींद हराम हो चुकी है।

## सार संक्षेप

### पेपर मिल के गोदाम में लगी भीषण आग, सारा सामान जलकर राख

रुड़की। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के नारसन में स्थित गंगोत्री पेपर मिल के गोदाम में देर रात अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई, सूचना पाते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। करीब 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस अग्निकांड में करीब एक करोड़ का नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में नारसन से झबरेड़ा की तरफ जाने वाले रोड पर स्थित गंगोत्री पेपर मिल है. मिल के गोदाम में देर रात अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गई। जिसके बाद हरिद्वार जिले से अग्निशमन की गाड़िया बुलाई गई, लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि इन गाड़ियों से आग काबू नहीं पाया जा सका। जिसके बाद उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से भी दमकल की अतिरिक्त गाड़िया बुलाई गई। तब कहीं जाकर दमकल की टीम ने करीब 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि आग लगने से करीब एक करोड़ का नुकसान हुआ है । दमकल की टीम आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। दमकल विभाग के जिला अग्निशमन अधिकारी अभिनव त्यागी ने बताया कि पेपर मिल के गोदाम में भयंकर आग लगी थी।

### 20 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रूड़की। लक्सर और खानपुर क्षेत्र में शराब माफियाओं के हौसले बुलंद है। जहां आरोपी भट्टी लगाकर शराब तैयार कर रहे हैं। वहीं, पुलिस भी उनके खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी मनोहर रावत ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शराब तस्करों के ठिकानों पर छापेमारी की गई। जहां एक जगह 20 लीटर कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए। साथ ही मौके पर ही एक आरोपी परगट सिंह पुत्र मोहर सिंह (उम्र 45 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मामूली बात पर चले लाठी डंडे, तीन लोग घायल

श्रीनगर। देर रात बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर बागवान इलाके में ऋषिकेश की तरफ आ रहे तीन युवकों ने मामूली बात पर तीन अन्य लोगों पर लाठी डंडों से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने घायलों को बेस अस्पताल में भर्ती कराया।

### सुडोकू 6471 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 7 | 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 7 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 3 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 | 5 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 4 | 1 | 8 | 5 | 3 |

## शहीद मेजर विभूति ढौण्डियाल को सरोज निकिता नें श्रद्धाजंलि दी



**देहरादून,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। आज ही के दिन पुलवामा में लोहा लड़ते हुए स्वर्गीय मेजर बिभूति ढोन्ढियाल ने प्राणोत्सर्ग किया था उनकी पुण्य तिथि पर चल रहे श्रीमद्भागवत कथा में उनके निवास स्थान पर पहुंचकर सम्भ्रांत जनता व क्षेत्र वासियों ने एवम व्यास जी सहित मेजर बिभूति के पारिवारिक जनों ने उनकी श्रंद्धाजलि अर्पित की। श्रंद्धाजलि देते वक्त सभी पारिवारिक जनों के साथ अन्य लोगो की आंखे भी नम हुई । पुलवामा में लोहा लड़ते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले बिभूति शंकर ढोन्ढियाल की पत्नी निकिता सैन्य अधिकारी पद पर प्रतिष्ठित है किंतु बिभूति की पुण्य तिथि पर श्रीमद्भागवत का आयोजन 15 से 21 फरवरी तक किया गया है। कथा के बीच मे जब निकिता पहुंची तो सब लोगो की दृष्टि निकिता की तरफ भागवत जी को प्रणाम करते हुए व मेजर बिभूति के चित्र पर पुष्पांजलि देते हुए दिखी तो लोगो की आंखे नम हुई। दरअसल निकिता ने अंतिम सलामी दी थी उसके बाद सैन्य अधिकारी बनने पर बिभूति की माता सरोज धौंढियाल ने शादी करने के लिए पीछे लग गयी तब जाकर शादी करवाई अपने आप ही सब कुछ किया। निकिता के माता पिता भी सरोज के कहने पर तैयार हुए शादी को सभी रीति रिवाज से सरोज ने भागीदारी निभाई जिस मेजर से शादी हुई वह और निकिता के माता पिता भी कथा में आये हैं तो कुछ माहौल ही अलग सा हो गया। वही प्रसिद्ध कथावाचक ज्योतिष्पीठ व्यास शिव प्रसाद ममगाई जी ने कथावाचन करते हुए कहा कि हमारे यहाँ अपने देश पर मर मिटने का सिलसिला मेजर बिभूति की तरह पहले से चलता रहा।

## हमारे पहाड़ की बहनें विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं : कुसुम



**देहरादून,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। कुनाऊं यमकेश्वर की बहनों के सखी महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा मशरूम, अचार , गुलाब जूस इत्यादि के उत्पादन हेतु खाद्य एवम प्रसंस्करण विभाग, उत्तराखंड द्वारा ट्रेनिंग ले कर बहनों के लघु उद्यम का शुभारंभ उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर समूह के सदस्यों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए तथा सरकार द्वारा समूहों के लिए चलाई जा रही योजनाओं को समझाया गया। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के सहयोग से सशक्त होने और आत्मनिर्भरता की कदम बढाने पर सराहना करते हुए कहा कि आज हमारे पहाड़ की बहने विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं और सच्चाई तो यह है कि पहाड़ के जीवन की रीढ़ की महिलाएं ही होती हैं।

उन्होंने कहा राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य की महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिससे कि वह अपनी आर्थिकी को मजबूत करते हुए सशक्तिकरण की और बढ़ते हुए राज्य का नाम रोशन करें।

उन्होंने कुँआऊ के निवासी चंद्रमोहन नेगी का स्वागत और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग व प्रयास से महिलाएं साथ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही है तथा विभिन्न प्रकार के उत्पादों का प्रशिक्षण लेकर के अपनी आजीविका को मजबूत बना रही हैं।

इस अवसर पर राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष द्वारा सखी महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सहित समूह की विभिन्न महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों का निरीक्षण किया व मशरूम उत्पादन कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि आयोग उनके लिए प्रयास करेगा कि किस प्रकार से उनके द्वारा तैयार उत्पादों को अधिक से अधिक बाजार मिल सके। इस अवसर पर समूह की अध्यक्ष दर्शनी नेगी, सचिव कृष्णा राणा, उपाध्यक्ष आशा नेगी, निर्मला कठैत पंडित महिमानंद भट्टकोटी, डॉ शशि कण्डवाल, जितेन्द्र, रेणु सहित अन्य महिलांए उपस्थित रही।

## धर्म परिवर्तन करेंगे उपनल कर्मचारी, लोकसभा चुनाव का होगा बहिष्कार



- मांगों को लेकर उपनल कर्मचारियों ने निकाला कैंडल मार्च,
- मुख्य बाजार में सीएम धामी के खिलाफ लगाए नारे, फूंका पुतला,

**रुद्रप्रयाग,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। उपनल कर्मचारी संगठन ने समान कार्य के लिए समान वेतनमान समेत कई मांगों को लेकर शनिवार शाम रुद्रप्रयाग मुख्य बाजार में कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान सीएम धामी का पुतला भी दहन किया गया। कर्मचारियों ने कहा की देहरादून में उपनल कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई है, जिससे पूरे प्रदेश के उपनल कर्मचारियों में आक्रोश बना हुआ है। यदि सरकार ने उपनल कर्मचारियों की मांगों को नहीं माना तो धर्म परिवर्तन के साथ ही लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जायेगा।

बता दें कि 12 फरवरी से उपनल कर्मचारी हड़ताल पर हैं। वे नियमितीकरण का हाईकोर्ट के आदेश को लागू करने, सरकार का सर्वोच्च न्यायालय में विशेष याचिका को वापस लिए जाने, जिन पदों पर नियमित नियुक्ति की जा रही हैं, उन पदों पर तैनात कार्मिकों को ना हटाए जाने की मांग कर रहे हैं। उपनल कर्मचारी अमित भारद्वाज, देवेंद्र खत्री ने कहा कि विभिन्न विभाग एवं निकायों में उपनल कर्मचारी 10 से 15 सालों से कार्यरत हैं, लेकिन अभी तक ना ही समान कार्य के लिए समान वेतन लागू हुआ है और ना ही नियमितीकरण को लेकर कोई कार्यवाही हो सकी है। जिससे कर्मचारियों में खासा रोष बना हुआ है। ऐसे में उनकी आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह अपने परिवार का भरण पोषण सही प्रकार से नहीं कर पा रहे हैं। जिससे उन्हें बार-बार आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। बताया कि रविवार को जनपद के उपनल कर्मचारी देहरादून के लिए कूच करेंगे। जिससे सरकार पर दबाव बनाया जा सके। इस अवसर पर अमित भारद्वाज, माणिक लाल, देवेन्द्र खत्री, लक्ष्मी पंवार, महावीर सिंह, सुनीता पटवाल, मधु भटट, उषा सेमवाल, हिमांशु नौटियाल, कुलदीप नेगी, राहुल सिंह, सुरेंद्र पंवार, जय प्रकाश, मनोज रावत, सुनील सिंह, राकेश सिंह, संजय सिंह, मनमोहन रौतेला, अनूप कुमार, सुरेश कुमार समेत बड़ी संख्या में उपनल कर्मचारी उपस्थित थे।

## पुलिस ने सत्यापन अभियान चलाकर वसूला 1 करोड़ से अधिक का जुर्माना

### लोकसभा चुनाव से पहले दून पुलिस अलर्ट



**देहरादून,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए दून पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिसके तहत आज दून पुलिस ने जिले में सत्यापन अभियान चलाया है। अभियान के दौरान किरायेदारों का सत्यापन न कराने वाले 1000 से अधिक मकान मालिकों का चालान काटा गया और 1 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया। बता दें कि एसएसपी ने जनपद के सभी थाना प्रभारी और चैकी प्रभारियों को सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। जिसके तहत सभी थाना क्षेत्रों में अलग-अलग पुलिस टीम ने डोर टू डोर जाकर किरायेदारों, कर्मचारियों, घरेलू नौकरों और संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। सत्यापन अभियान के दौरान कुल 6,372 लोगों का सत्यापन कर उनकी व्यक्तिगत जानकारी जुटाई गई।

अभियान के दौरान मौके पर वैध दस्तावेज ना दिखाने पर 278 संदिग्ध व्यक्तियों को संबंधित थानों में लाकर उनसे पूछताछ की गई। साथ ही 154 संदिग्ध व्यक्तियों का चालान कर 48,750 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इस दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रों में संदिग्ध अवस्था में खड़े 17 वाहनों को सीज कर संबंधित थानों में रखा गया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे जनपद में सत्यापन अभियान चलाया गया है। जिससे संदिग्ध और बाहरी व्यक्तियों को चिन्हित किया जा सके। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए लगातार पुलिस प्रभावी कार्रवाई कर रही है।

## 1 लाख रुपए की किश्त में चाहते हैं कर्मचारी एरियर का भुगतान

- 1 लाख से कम के एरियर की एकमुश्त अदायगी हो
- 5 लाख तक के एरियर के लिए 1 लाख किश्त हो
- 10 लाख तक के एरियर के लिए 2 लाख किश्त हो

**शिमला,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश के कर्मचारी एरियर और डीए मिलने का इंतजार कर रहे थे, हर बार राज्यत्व दिवस, दीवाली, 15 अगस्त, 15 अप्रैल को कर्मचारी आस लगाए बैठे रहते थे कि सरकार उनके वित्तीय लाभ देने की घोषणा करेगी। इस बार के बजट में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कर्मचारी वर्ग को निराश नहीं होने दिया है। अगले वित्त वर्ष के बजट में 4 फीसदी महंगाई भत्ते और किश्तों में एरियर चुकाने की घोषणा की है। एरियर के लिए कितनी धनराशि रहेगी, इसका वित्त विभाग द्वारा शीघ्र ही निर्धारण किया जाएगा। प्रदेश के कर्मचारियों को छठे वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने के बाद 2016 से 2021 तक का एरियर मिलना है। पूर्व सरकार ने पहली किश्त के तौर पर प्रत्येक कर्मचारी को 50 हजार रुपये दिए थे। उसके बाद विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार पराजित हुई और कांग्रेस ने राज्य की सत्ता संभाली थी। लेकिन सत्ता संभालते ही मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया था कि पूर्व सरकार राज्य को गंभीर वित्तीय संकट में धकेल कर गई है। जिसके चलते कर्मचारियों व पेंशनरों को वित्तीय लाभ प्राप्त करने के लिए कुछ इंतजार करना होगा। विधानसभा में पेश किए गए अगले वित्त वर्ष के बजट में मुख्यमंत्री ने चार फीसदी डीए देने की घोषणा की और पहली अप्रैल से डीए जारी करने की बात कही। दूसरी ओर एरियर मिलने का भी इंतजार कर रहे कर्मचारियों को किश्तें निर्धारित करने के बाद एरियर का भुगतान करने की घोषणा की थी।

### ओपीएस मिला, अब डीए व एरियर भी

मौजूदा सरकार कर्मचारी हितों की रक्षा करने वाली सरकार है। सत्ता में आने के बाद ओपीएस दिया गया। उसके बाद गंभीर वित्तीय परिस्थितियों के बावजूद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चार फीसदी डीए देने की घोषणा की है। चरणबद्ध ढंग से एरियर का भुगतान करने की घोषणा की गई है। इससे साबित होता है कि प्रदेश के कर्मचारियों को संयम रखना होगा। सरकार की ओर से ये भी घोषणा की गई है कि किश्तों में कर्मचारियों को एरियर मिलने लगेगा।

**– प्रदीप ठाकुर, अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ।**

### डीए की अगली किश्त जून से पहले मिले

हम तो पहले दिन से सरकार से मांग कर रहे हैं कर्मचारियों के देय वित्तीय लाभ देने के लिए समय सीमा तय की जाए। चार फीसदी डीए दिया जा रहा है, लेकिन सरकार को डीए की अगली किश्त जून से पहले घोषित करनी होगी। इसके पीछे कारण ये है कि केंद्र सरकार की ओर से यदि तीन या चार फीसदी डीए दिया जाता है तो फिर से डीए 12 फीसदी पहुंच जाएगा। इसके अतिरिक्त एरियर देने के लिए कम से कम एक लाख रुपये की किश्त होनी चाहिए।

**संजीव शर्मा, अध्यक्ष सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन।**

### एरियर के लिए दो-चार से अधिक किश्तें नहीं हो

ये स्वागत योग्य है कि बजट में कर्मचारियों के देय वित्तीय लाभों को लेकर घोषणा की गई है। इसमें ध्यान देने वाली बात ये है कि एरियर का भुगतान करने के लिए सरकार को दो-चार किश्तें ही निर्धारित करनी चाहिए। जिससे कर्मचारी अपने पैसे का सही तरीके से उपयोग कर सकें। ऐसा बिलकुल नहीं होना चाहिए कि कर्मचारियों को 20-50 हजार की किश्तों में एरियर मिले।

**विनोद कुमार, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ विनोद गुट।**

## रेस्तरां की समीक्षा कराने के नाम पर लाखों की ठगी

### अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**रुड़की,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। क्षेत्र में रेस्तरां की समीक्षा करने की नौकरी के नाम पर एक व्यक्ति के साथ ठगों ने दो लाख 16 हजार रुपये की ठगी की है। पीड़ित ने जब अपनी रकम वापस मांगी तो, आरोपी ने कॉल उठाना बंद कर दिया। जिससे पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि रुड़की सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के ब्रहमपुरी गांव निवासी मोहित मोंगिया नामक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें बताया गया है कि बीती तीन दिसंबर को उसके पास देहरादून से एक कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने उन्हें रेस्तरां और अन्य व्यवसाय की समीक्षा करने की नौकरी का ऑफर दिया था, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इसके बाद आरोपी उन्हें प्रति रेस्तरां और अन्य व्यवसाय की समीक्षा करने का 100 रुपए का भुगतान करते थे। इसी बीच कॉल करने वाले शख्स ने उन्होंने बताया कि अगर उन्हें अधिक लाभ चाहिए तो उनको कुछ रकम जमा करवानी होगी। झांसा में आकर वह रकम लगाने के लिए राजी हो गए, जिसके बाद मोहित मोंगिया (पीड़ित) ने उन्हें दो लाख 16 हजार रुपए दे दिए। सिविल लाइन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आरके सकलानी ने बताया कि रेस्तरां की समीक्षा करने की नौकरी के नाम पर एक व्यक्ति के साथ दो लाख 16 हजार रुपए की ठगी हुई है। मामले में तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। आर जांच की जा रही है।

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद में सड़क दुर्घटना में हलवाई नें तोड़ा दम

**फर्रुखाबाद,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। मार्ग दुर्घटना में हलवाई गंभीर रूप से घायल हो गया उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। कुछ देर चले उपचार के बाद उसे चिकित्सक नें मृत घोषित कर दिया। परिजन का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। थाना मऊदरवाजा के बीबीगंज निवासी 45 वर्षीय बाबी गुप्ता उर्फ बनिया पुत्र रज्जन गुप्ता हलबाई का कार्य करता था। बीती रात वह बाइक से थाना राजेपुर के ग्राम खदिया से लौट रहा था। उसी दौरान खदीया के पास किसी अज्ञात वाहन नें उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां चिकित्सक नें उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का विवाह नहीं हुआ था।

# अयोध्या को जल्द मिलेगी तीन नये पथों की सौगात



- **लक्ष्मण पथ,अवध आगमन पथ और क्षीरसागर पथ के नाम से बनेंगे तीन नए पथ**
- **तीनों पथों की कुल लम्बाई होगी 7.40 किमी**
- **पथ निर्माण में आएगी 29937.50 लाख रुपए की लागत**

**लखनऊ/अयोध्या,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अयोध्या में दर्शन पूजन के लिए प्रतिदिन लाखों की तादात में श्रद्धालु आ रहे हैं। ऐसे में अयोध्या की सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव भी बढ़ा है। कई बार जाम की स्थिति भी देखने को मिल रही है। इस समस्या से श्रद्धालुओं को निजात दिलाने व अयोध्या आने वाले हर रामभक्त को आसानी से रामलला का दर्शन हो सके, इसके लिए योगी सरकार ने वैसे तो पहले से ही चार नए पथों का निर्माण कराया है, फिर भी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए अब तीन और नए पथों के निर्माण का निर्णय लिया गया है।

बनाए जाने वाले तीनो पथों की लम्बाई लगभग 7.40 किलोमीटर रहेगी। इनके निर्माण पर 29937.50 लाख रुपए योगी सरकार खर्च करेगी। अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को जाम के झाम से न जूझना पड़े इसके लिए तीन नए पथों का निर्माण किया जाएगा। पहला पथ होगा लक्ष्मण पथ, जिसकी लम्बी होगी 6.70 किमी। इसके निर्माण पर 26222.65 लाख रुपए की लागत आएगी। यह गुप्तारघाट से राजघाट तक फोर लेन बनाया जाएगा। दूसरे बनने वाले पथ को अवध आगमन पथ का नाम दिया गया है। यह क्षीरसागर पथ से रामपथ तक 0.30 किमी लम्बा बनाया जाएगा। इस पथ के निर्माण पर 1689.32 लाख रुपए की लागत आएगी। अयोध्या मे बनने वाले तीसरे पथ को क्षीरसागर पथ का नाम दिया गया है। इसकी लम्बाई 0.400 किमी रहेगी। इसके निर्माण पर 2025.53 लाख रुपए की लागत आएगी।

नए बनने वाले इन तीनों पथों के निर्माण का दायित्व लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खण्ड को सौंपा गया है। नव्य-भव्य और दिव्य मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही योगी सरकार ने आने वाली भीड़ का अनुमान लगाते हुए सहादतगंज से नयाघाट तक लगभग 13 किमी लम्बा फोर लेन रामपथ, बिड़ला धर्मशाला से रामजन्म भूमि तक .566 किमी लम्बा जन्मभूमि पथ, श्रृंगार हाट से हनुमानगढ़ी तक .742 किमी भक्ति पथ व लता मंगेशकर चौक से लखनऊ-गोरखपुर हाईवे तक फोर लेन धर्म पथ का निर्माण कराया था। फिर भी जिस प्रकार श्रद्धालुओं की भीड़ अयोध्या पहुंच रही है उसे देखते हुए तीन नए पथों का अयोध्या मे निर्माण कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

## डिजिटल मार्केटिंग पर एक कार्यशाला का आयोजन

**मेरठ,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ के वाणिज्य विभाग के छात्र-छात्राओं के लिए डिजिटल मार्केटिंग पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता डुकेट के डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनर शशांक अग्रवाल रहे, जिनका संस्थान



आगमन पर चंदन का तिलक लगा कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात कार्यशाला की शुरुआत मुख्य वक्ता द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान मुख्य वक्ता के साथ डूकेट के समीर बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर एंड अक्षित शर्मा मार्केटिंग मैनेजर और संस्थान के निदेशक इंजि. विकास कुमार, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हैड प्रवीन शर्मा, वाणिज्य विभाग अध्यक्ष रवीना, सहायक प्रोफेसर करुणा त्यागी, भारती शर्मा, सतेंद्र चौधरी, रंजीत सिंह, रीमा विकल, उर्वशी कांबोज एवं विदुषी शर्मा के अलावा अन्य शिक्षगण मौजूद थे।

## अमेठी में राहुल गांधी की भारत जोडो न्याय यात्रा को एतिहासिक बनाने में जुटी कांग्रेस



■ **स्वामीनाथ शुक्ल**

**अमेठी,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। अमेठी में सोमवार को आने वाली राहुल गांधी की भारत जोडो न्याय यात्रा को एतिहासिक बनाने में कांग्रेस जुटी है। अमेठी की यात्रा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी आ रहें हैं। बाकी कांग्रेस के बड़े बड़े दिग्गज नेताओं का जमावड़ा होगा। कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि राहुल गांधी की भारत जोडो न्याय यात्रा प्रतापगढ़ के रास्ते अमेठी में प्रवेश करेंगी। जिससे कोहरा में एतिहासिक स्वागत की तैयारी की गई है। इसके बाद पुलिस लाइन अमेठी,ककवा ओवरब्रिज के पहले,ककवा ओवरब्रिज के बाद, अमेठी चौक में मस्जिद के सामने,सगरा तिराहा पर स्वागत के साथ राजीव गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद देवीपाटन मंदिर के सामने स्वागत होगा। कांग्रेस के महासचिव और सलोन विधानसभा के प्रभारी सर्वेश सिंह ने बताया कि बारामासी चौराहा,टिकारिया, महिला थाना मोड़, गौरीगंज में स्टेट बैंक के सामने, मुसाफिरखाना मोड़,सैठा तिराहा फल मंडी,बस अड्डा, गौरीगंज अमेठी तिराहा और जामो रोड़ पर स्वागत होगा। तिलोई विधानसभा में आने वाले ट्रोल प्लाजा गांधी नगर में राहुल गांधी की एक बड़ी जनसभा होगी। कांग्रेस किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ल ने बताया कि गांधी नगर,जायस जगदीशपुर मोड़,बस स्टैंड,वहाब गंज एके ट्रेलर,नौगजी मजार और बहादुर पुर में स्वागत होगा। जायसी खेल मैदान अकेलवा में रात्रि विश्राम करेंगे। 20 फरवरी को फुरसतगंज और नहर कोठी पर स्वागत के बाद रायबरेली में प्रवेश करेंगे। भारत जोडो न्याय यात्रा अमेठी लोकसभा क्षेत्र के अमेठी, गौरीगंज, जगदीशपुर, तिलोई और सलोन विधानसभा से होकर जाएंगी। जिससे अमेठी में गांधी परिवार के चुनाव लडने का संकेत साफ है। इसी लिए अमेठी में भारत जोडो न्याय यात्रा को एतिहासिक बनाने में कांग्रेस जुटी है। कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं का जमावड़ा होगा। कांग्रेस के पूर्व विधायक दीपक सिंह ने कहा कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की यात्रा में पचास हजार से ज्यादा की भीड़ साथ चलेगी।

## सार संक्षेप

### प्रबंध समिति के पदाधिकारियों का नामांकन कल

**मवाना।** लक्ष्मी देवी डिग्री कॉलेज मवाना की प्रबंध समिति के निर्वाचन का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके लिए रविवार को प्रातः 10:00 बजे नोटिस बोर्ड पर निर्वाचक नामावली 435 सदस्यों की चस्पा कर दी गई। निर्वाचक नामावली में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति होती है तो वह 19 फरवरी शाम 5 बजे तक अपनी आपत्ति चुनाव अधिकारी को उपलब्ध करा सकता है। ए एस इंटर कॉलेज मवाना के प्रधानाचार्य एवं चुनाव अधिकारी डॉ. मेघराज सिंह के साथ-साथ सहायक चुनाव अधिकारी सचिन एवं निशिकांत शर्मा भी मतदाता सूची के प्रकाशन के समय उपस्थित रहे। शाम 5 बजे तक केवल 435 में से 10 लोगों के मृत्यु की आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। इन्हें तत्काल निस्तारण कर संशोधित सूची जारी कर दी जाएगी। प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों का नामांकन 20 फरवरी को तथा मतदान 25 फरवरी को कराया जाएगा। मतदान के तुरंत उपरांत शाम 5:00 बजे मतगणना कराई जाएगी तथा उसी दिन परिणाम घोषित कराया जाएगा।

### मिलावटी सामान बेचने वाले व्यापारियों पर जुर्माना

**फर्रुखाबाद।** अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति ने मुकदमों की सुनवाई के दौरान मिलावटी सामान बेचने वाले व्यापारियों पर लाखों रूपयों का जुर्माना किया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशीष कुमार वर्मा व डा. शैलेन्द्र रावत ने इन मामलों में पैरवी की है। दिनांक 22.07.2022 को रजत अग्रवाल पुत्र नरेश चन्द्र अग्रवाल, के 4/38 किराना बाजार, फर्रुखाबाद स्थित खाद्य प्रतिष्ठान मेसर्स दि इण्डियन ग्रिल पर अस्वच्छकर स्थिति में खाद्य पदार्थों का विनिर्माण व विक्रय करते पाये जाने पर 25000 का जुर्माना किया गया। इस मामले में व्यापारी पर 15 000 का अर्थ दण्ड लगाया गया। 19.7.2022 को आसिम खान पुत्र आबिद खान के ग्राम अजीजलपुर, थाना जहानगंज स्थित खाद्य प्रतिष्ठान से संग्रहीत खाद्य पदार्थ चूरन गोला पैक्ड (शुगर कान्फेक्शनरी) का नमूना जांच में अधोमानक पाया गया था।

## डॉ.कृष्णा मूर्ति एनसीआर मेरठ रत्न अवार्ड से सम्मानित

**मेरठ,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। छत्रपति शिवाजी सुभारती अस्पताल के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ. कृष्णा मूर्ति को ऑल




इंडिया कांफ्रेंस ऑफइंटेलेक्चुअल द्वारा 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल उत्कृष्टता सम्मान' के रूप में एनसीआर मेरठ रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही विधि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सुभारती लॉ कॉलेज के डीन डॉ.वैभव गोयल भारतीय को भी एनसीआर मेरठ रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। जीडी गोयनका स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि आध्यात्मिक गुरु व संभव इंटरनेशनल फाउंडेशन की संस्थापक साध्वी प्रज्ञा भारती ने एवं ऑल इंडिया कांफ्रेंस ऑफ इंटेलेक्चुअल के नेशनल सेक्रेट्री जनरल श्री प्रकाश निधि शर्मा के साथ मिलकर डॉ.कृष्णा मूर्ति व डॉ.वैभव गोयल भारतीय को पगडी व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।

## संस्कारों के बीना मनुष्य पशु समान



**मवाना,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। रविवार को नगर स्थित आर्य समाज के तत्वावधान में आयोजित ऋषि बोधोत्सव कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रात:कालीन यज्ञ आचार्य वेदपाल शास्त्री के ब्रह्मत्व में हुआ। जिसमें पवन रस्तोगी, विकास रस्तोगी, मूलशंकर, प्रमोद कुमार राजेश कुमार, मधु आदि सपत्निक यज्ञमान बनें। पवित्र वेद मंत्रों से यज्ञ की पूर्ण आहुती की गई। आर्य जगत ने वैदिक प्रवचनों की सुविख्यात विदुषी भजनो उपदेशिका संगीता आर्य एवं भजनों के माध्यम से वैदिक परम्पराओं का पालन कारक जीवन को सरल बनाने, सर्वकल्याण करनेपखण्डों-अंधविश्वासों को त्यागने का संदेश दिया। महर्षि दयानंद ने सोलह संस्कारों के अनुसार जीवन जीने को कहा क्योकि मनुष्य का जीवन संस्कारों के बिना पशुओं के समान है। जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त संस्कारो का पालन करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में पंच महायज्ञ-ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, पितृयज्ञबलि वैश्वदेवयज्ञ अतिथि यज्ञ अवश्य करने चाहिए क्योकि यज्ञ को विश्व का सर्वश्रेष्ठतम कर्म कहा गया है। यज्ञ से मनुष्य की शारीरिक, आत्मिक, भौतिक उन्नति होती है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए, आर्य समाज मवाना के मंत्री अनिल गोला ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व में महर्षि दयानन्द जी का द्वि जन्म शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यत: नरेन्द्र रस्तोगी, अनिल गोला, सुनील गुप्ता, होशियार सिंह, डॉ. वीरपाल, आलोक कुमार, कृष्णमोहन पालीवाल, सुधा रस्तोगी, कुसुम सर्राफ, संगीता रस्तोगी सीमा गोला, अनिका गोला, सावित्री, डॉ. शक्ति साहनी, आदि उपस्थित रहें।

## ज्ञानमती माताजी ने दी आचार्यश्री को श्रद्धांजलि

**मेरठ,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। देश के वर्तमानकालीन वरिष्ठतम दिगम्बर जैन आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का माघ शुक्ला अष्टमी, 17 फरवरी को रात्रि 2.30 बजे डोंगरगढ़ (छत्तिसगढ़) में सल्लेखना विधिपूर्वक समाधिमरण हो गया है। आचार्यश्री के समाधि से सम्पूर्ण देश में शोक की लहर है। जैन धर्म एवं संस्कृति के एक महान उन्नायक संत के रूप में आचार्यश्री को सदैव जाना गया है। ऐसे आचार्यश्री के समाधिमरण पर अयोध्या में विराजमान सर्वोच्च जैन साध्वी श्री ज्ञानमती माताजी ने भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।



उन्होंने कहा कि संत समाज की आधारशिला होते हैं और उनमें आज आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज ने जैनधर्म की प्रभावना व तीर्थों के संरक्षण व विकास में जो कार्य किये हैं, वे अतुल्यनीय हैं। आचार्यश्री जन-जन की श्रद्धा का केन्द्र थे। इस अवसर पर बड़ी मूर्ति जैन मंदिर, रायगंज-अयोध्या में पूज्य माताजी के सान्निध्य में 5 मिनट का मौन रखकर णमोकार मंत्रपूर्वक आचार्यश्री के प्रति श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

## विदेशी पर्यटकों ने किया महाभारत कालीन तीर्थ नगरी का भ्रमण

**भ्रमण के दौरान विदेशी पर्यटकों ने जंयती माता मंदिर पर की पूजा अर्चना**

**मवाना/हस्तिनापुर,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। रविवार को चाईना, इंडोनेशिया, थाईलैंड आदि देशों से आये पर्यटकों ने ऐतिहासिक महाभारतकालीन नगरी का भ्रमण कर इतिहास के बारे में जानकारी ली। महाभारतकालीन एवं जैन धर्म की तीर्थ नगरी हस्तिनापुर पहुंचकर पर्यटकों ने धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर जानकारी जुटाई तथा महाभारतकाल के धार्मिक स्थलों के साथ विदेशी पर्यटकों ने जैन तीर्थ पहुंचकर भगवंतों के दर्शन किए एवं धर्म लाभ अर्जित किया।

पर्यटकों ने पौराणिक स्थल की ऐतिहासिकता के बारे में जाना और प्राचीन पांडेश्वर मंदिर, द्रोपदी घाट, कर्ण मंदिर एवं जैन मंदिरों एवं महाभारतकालीन प्राचीन अवशेषों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। हस्तिनापुर पहुंचें विदेशी पर्यटकों ने भगवान महावीर के उपदेश को जम्बूद्वीप स्थित पुस्तकालय में पहुंचकर जाना और चौबीसों तीर्थंकरों के इतिहास के बारे में भी जानकारी हासिल की। तदोंपरात महाभारतकालीन पांडव टीला, राजा रघुनाथ महल, प्राचीन, अंगराज कर्ण मंदिर आदि तीर्थस्थलों का दर्शन भी किय। पर्यटाकों ने बताया कि उन्हें महाभारतकालीन एवं जैन धर्म के इतिहास की जानकारी काफी समय से थी। उन्होंने यहां आने का मन बना हुआ था। जिससे इस स्थली की पूर्ण जानकारी और यहां प्राचीन मंदिरों एवं भगवंतों के दर्शन करने का उनका मन काफी समय से था।

रविवार को महाभारत कालीन तीर्थ स्थलों के दर्शनों के हस्तिनापुर पहुंचें पर्यटकों ने पांडव टीले स्थित जयंती माता मंदिर के दर्शन कर इतिहास जाना। इस दौरान पर्यटकों ने मंदिर में पूजा अर्चना भी की।

## विद्या नॉलेज पार्क में धूमधाम के साथ संपन्न हुआ 'निर्वाणा'

### स्टार नाइट में रैपर ईपीआर ने बिखेरे जलवे

**मेरठ,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। विद्या नॉलेज पार्क में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 'निर्वाणा-2024' धूमधाम से संपन्न हुआ। स्टार नाईट में यूथ आयकॉन हसल फेम रैपर ईपीआर अय्यर ने अपने धुनों पर धूम मचाते हुए सभी का भरपूर मनोरंजन किया।



कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंध निदेशक विशाल जैन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विद्या नॉलेज पार्क में शनिवार को एक दिवसीय वार्षिकोत्सव 'निर्वाणा' का आयोजन किया गया। स्टार नाईट में यूथ आइकॉन रैपर ईपीआर अय्यर ने अपने अंदाज और धुनों पर धूम मचाया। ''हमा हमा, एक हो गये हम और तुम'' रैप सुनाते ही विद्यार्थियों ने 'एक बार फिर' के नारे लगाने लगे।

''महाकाल शिव टांडव सोत्र'' पर उपस्थित दर्शक खूब झूमे। ''एकलो चलो रे'' पर खूब सीटियां बजी। ''इण्डियन आर्मी'' रैप पर लोगों ने स्वर से स्वर मिलाया। आखिर में ईपीआर ने अपने सबसे हिट धुन ''इन द हिन्दुस्तान'' के साथ सुनाकर शाम को रंगीन बना दिया। जैसे अनेक रैप जैसे ''आई एम एन इण्डियन'' इसके साथ रैपर ईपीआर के अन्य धुन की प्रस्तुति पर देर षाम तक छात्र-छात्राएं थिरकते रहे।

## उप्र विधान परिषद की समिति ने की मेरठ व हापुड की समीक्षा

- **अवैध शराब के विरूद्ध करते रहे कार्यवाही : आशुतोष सिन्हा**
- **श्रमिकों का पंजीकरण कर योजनाओं का लाभ पहुंचने के दिए निर्देश**

**मेरठ,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। उप्र विधान परिषद की संसदीय एवं सामाजिक सद्भव समिति के सभापति आशुतोष सिन्हा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद मेरठ व हापुड की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में समिति द्वारा विभिन्न प्रकरणों यथा अवैध अतिक्रमण, नियुक्ति की जांच आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि शेष लंबित प्रकरण को शीघ्र निस्तारित कर दिया जाएगा। सभापति को गार्ड



आफऑनर भी दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा सभापति को मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सदस्य लाल बिहारी यादव, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार, बीएसए आशा चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व जनपद हापुड के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

समिति ने प्रदेश के विभिन्न सम्प्रदायों तथा जातियों के बीच सद्भाव उत्पन्न करने, सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा अपने कर्तव्यों का पालन करने की भावना को मजबूत करने तथा अपराधों में संलिप्त होने की दशा में की गयी कार्रवाई के साथ ही जनपद में विगत 5 वर्षों में अनुसूचित जाति के परिवारों के साथ हुई उत्पीड़न की घटनाएं, महिलाओं के शोषण, उत्पीड़न, दहेज, बलात्कार, हत्याओं पर की गयी कार्यवाही एवं छात्रवृत्ति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जीएसटी की बकाया वसूली, पैनाल्टी के संबंध में समीक्षा करते हुए उन्होने निर्देश दिए कि किसी भी दशा में व्यापारियों का उत्पीडन न किया जाए। उन्होंने व्यापारियों की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्था के बारे में पूछा। सभापति महोदय ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए गए अभियान एवं जनपद में पकडी गयी अवैध शराब के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस तरह के अभियान लगातार चलाते हुए सुनिश्चित किया जाए कि जनपदो में कहीं पर भी अवैध एवं कच्ची शराब की बिक्री न हो ताकि जहरीली शराब से होने वाली जनहानि से बचा जा सके।

# नेशनल समिट ऑफ इंस्टीट्यूशनल लीडर्स-2024 में वेंक्टेश्वरा की धूम

## शिक्षा को संस्कार, रोजगार व नवाचार से जोड़कर भारत बनेगा विश्व गुरूः मुख्यमंत्री




- **आने वाले वर्षों में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनेगा भारतः राज्यपाल**
- **शिक्षित व सशक्त युवाओं से ही विकसित हो सकेगा कोई भी देश : डॉ. सुधीर गिरि**

**मेरठ,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। विद्याभारती व शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, एवं उच्च शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुधीर गिरि के निर्देश पर डीन मास कम्यूनिकेशन डॉ. दिव्या गिरधर ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं तकनीक के बल पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में शिक्षण संस्थानों की भूमिका को सर्वोच्य बताया। उन्होंने बताया कि वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूर्ण रूप से लागू करने वाला देश का पहला निजी विश्वविद्यालय/संस्थान है। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा 15 फरवरी तक 'नेशनल समिट ऑफ इंस्टीट्यूशनल लीडर्स-2024 में श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय की धूम रही। देशभर से आये हजारों शिक्षाविदों, कुलपतियों, वैज्ञानिकों, शिक्षा अधिकारियों एवं राजनयिकों की उपस्थिति में वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय की डीन मास कम्यूनिकेशन डॉ. दिव्या गिरधर ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व रखते हुए नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं उच्च टेक्नोलॉजी के दम पर प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प/2047 में शिक्षण संस्थानों की भूमिका को सर्वोच्य बताया। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय (15-17 फरवरी 2024) ''राष्ट्रीय शिक्षा समागम-2024'' का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उत्तरप्रदेश कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री भारत सरकार राजकुमार रंजन सिंह, यू.पी. के उच्च शिक्षामंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, विद्या भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे विश्व में उच्च शैक्षणिक मापदण्डों के चलते भारत का रूतबा शिखर पर है। हमें शिक्षा को संस्कार, नवाचार एवं रोजगार (तीनों) से जोड़कर भारत को फिर से विश्वगुरू बनाना है।

वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में प्रतिभाग करते हुए डीन मास कम्यूनिकेशन डॉ. दिव्या गिरधर ने कहा कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सम्पूर्ण रूप में लागू करने वाला वेंक्टेश्वरा देश का सबसे पहला निजी विश्वविद्यालय है। नयी शिक्षा नीति को तकनीक से जोड़कर भारत को विकसित बनाने में शिक्षण संस्थानों की भूमिका सर्वोच्य होगी। तीन दिवसीय ''राष्ट्रीय शिक्षा समागम-2024'' को यू.जी. चेयरमैन एम. जगदीश कुमार, एन.डी.टी.एफ के चेयरमैन डॉ. अनिल सहस्त्रबुद्धे, इग्नू के कुलपति नागेश्वर राव, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह आदि ने सम्बोधित किया।

इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा समागम में वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय का शानदार प्रभावी प्रतिनिधित्व करने पर डॉ. दिव्या गिरधर को विश्वविद्यालय प्रबंधन एवं प्रशासन की ओर से प्रधान सलाहकार प्रो. वी.पी.एस. अरोड़ा, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, सलाहकार आर.एस. शर्मा, कुलपति प्रो. ऐ.के. शुक्ला, प्रतिकुलपति डॉ. राकेश यादव, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे, संयुक्त सचिव डॉ. राजेश सिंह एवं मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोगों ने शुभकामनाऐं प्रेषित की हैं।

## फैन मीट-अप में बोले मुनव्वर फारुकी, 'नफरत ना फैलाएं, प्यार की बात करें'

**मुंबई।** बिग बॉस 17 की ट्रॉफी जीतने वाले कॉमेडियन-संगीतकार मुनव्वर फारुकी हाल ही में एक फैन मीटअप में शामिल हुए। उन्होंने प्यार फैलाने के बारे में बात की। एक वीडियो में मुनव्वर को फैन मीट-अप में अपने प्रशंसकों का अभिवादन करते हुए दिखाया गया है। वह लाल टी-शर्ट, नीली जैकेट, काली जींस पहने नजर आए। मुंबई के डोंगरी इलाके से आने वाले मुनव्वर ने विशाल सभा को संबोधित किया और कहा कि मैं आप सभी से कुछ कहना चाहता हूं। पारिवारिक दर्शकों के साथ-साथ इतने सारे युवा भी यहां मौजूद हैं। नफरत फैलाना बहुत आसान है, मुश्किल काम है किसी से प्यार करना। मैं अनुभव से बता रहा हूं, सच में प्यार करना बहुत मुश्किल है।

## साड़ी में 'मैं खुद को अपनी जड़ों के करीब करती हूं महसूस' : श्रुति चौधरी



**मुंबई,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस श्रुति चौधरी 'मेरा बलम थानेदार' में विभिन्न प्रकार की पारंपरिक राजस्थानी बांधनी साड़ियां पहन रही हैं। उनका कहना है कि शो में होने का एक मुख्य आकर्षण उनकी पसंदीदा ड्रेस पहनना है। शो में बुलबुल की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस श्रुति ने कहा कि बुलबुल के रूप में मुझे जो पहचान मिली है, उसके लिए मैं आभारी हूं। उम्मीद करती हूं कि जो सराहना मुझे मिल रही है, मैं उसका पात्र बन सकूं। मुख्य भूमिका के रूप में यह मेरा पहला शो है। जो चीजें मैंने सीखी हैं उनमें से एक है मेरी रील मां आस्था चौधरी की मदद से साड़ी पहनना। एक्ट्रेस ने कहा कि मैंने अब तक कई अलग-अलग पारंपरिक बंधनी साड़ियां पहनी हैं। साड़ी की सुंदरता को कोई नहीं हरा सकता। जब मैं इसे पहनती हूं तो खुद को अपनी जड़ों के करीब महसूस करती हूं। शो में शगुन पांडे वीर की भूमिका में हैं। वर्तमान कहानी में, बुलबुल और वीर एक-दूसरे को समझने और अपने रिश्ते को मजबूत करने के लिए छह महीने का समय लेने का फैसला करते हैं। हालांकि, बुलबुल को अब भी चिंता है कि उसके नाबालिग होने का राज वीर के सामने खुल जाएगा। मेरा बलम थानेदार कलर्स पर प्रसारित होता है।

# परीक्षा के मौसम में विद्यार्थी खाते हैं नींद-रोधी गोलियां

**लखनऊ,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। कक्षा 10 की छात्रा प्राजक्ता स्वरूप के मस्तिष्क में खून का थक्का जम गया था। पिछले सप्ताह उसकी एक बड़ी सर्जरी की गई, जिसके कारण नसों में सूजन आ गई थी। लड़की पूरी रात जागकर अपनी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। उसकी मां उसे जागते रहने में मदद करने के लिए गरमागरम कॉफी के कप दे रही थी।

प्राजक्ता एक शाम बेहोश हो गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उसके माता-पिता को उसकी दराज में गोलियों से भरी एक बोतल मिली और जब उन्होंने गोलियां डॉक्टर को सौंपीं, तो वे यह जानकर हैरान रह गए कि उनकी बेटी नींद-रोधी गोलियां ले रही थी।

एक प्रमुख न्यूरोसर्जन डॉ. शरद श्रीवास्तव ने कहा कि हालांकि यह चौंकाने वाला लग सकता है, लेकिन आजकल बड़ी संख्या में छात्र नींद-रोधी गोलियां ले रहे हैं जो उन्हें परीक्षाओं के दौरान जागते रहने में मदद करती हैं। यह बेहद खतरनाक चलन है और बैंकॉक जैसे देशों से ड्रग्स की तस्करी हो रही है। इन दवाओं के खतरनाक दुष्प्रभाव हो सकते हैं, खासकर अगर इन्हें कैफीन की अधिक मात्रा - बहुत अधिक कप कॉफी - के साथ लिया जाए - जैसा कि प्राजक्ता के मामले में हुआ। डॉक्टर के मुताबिक, ये दवाएं काउंटरों पर 'चुनिया' और 'मीठी' जैसे नामों से बेची जा रही हैं। एक अन्य चिकित्सक ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर कहा कि ये मोडाफिनिल के



वेरियंट हैं, जिनके बारे में कहा जाता है कि ये याददाश्त में सुधार करते हैं, और किसी के मूड, सतर्कता और संज्ञानात्मक शक्तियों को बढ़ाते हैं। यह दवा एम्फ़ैटेमिन की तुलना में अधिक सुखद अनुभव देती है और उपयोगकर्ता को लगातार 40 घंटे या उससे अधिक समय तक जागते और सतर्क रहने में सक्षम बनाती है। एक बार जब दवा खत्म हो जाती है, तो आपको बस कुछ देर की नींद लेनी होती है।

एक रसायनज्ञ सुरिंदर कोहली ने स्वीकार किया कि पिछले एक महीने से नींद रोधी गोलियों, याददाश्त बढ़ाने वाली दवाओं की बिक्री में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि ग्राहक इन दवाओं के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हैं। वे थकान दूर करने के लिए एनर्जी ड्रिंक भी खरीदते हैं।

प्रोविजिल ब्रांड नाम के तहत बेची जाने वाली

**■ नींद रोधी गोलियों, याददाश्त बढ़ाने वाली दवाओं की बिक्री में तेजी**

मॉडाफिनिल का उपयोग मुख्य रूप से नार्कोलेप्सी, शिफ्ट वर्क स्लीप डिसऑर्डर, इडियोपैथिक हाइपरसोमनिया और ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया से जुड़ी अत्यधिक दिन की नींद जैसे विकारों के उपचार में किया जाता है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने एक चौंकाने वाला रहस्योद्घाटन किया, उन्होंने कहा कि आतंकवादी भी अब युद्ध के घंटों के दौरान जागते रहने के लिए नींद-रोधी दवाओं का उपयोग करते हैं। यह पहली बार 26/11 के हमलों के दौरान पाया गया था कि आतंकवादी बैकपैक में ड्रग्स ले गए थे। हममें से ज्यादातर लोग इन दवाओं के बारे में विस्तार से नहीं जानते हैं और आम लोगों की ओर से अब तक कोई शिकायत नहीं आई है, इसलिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

जाने-माने मनोचिकित्सक डॉ. आर. सक्सेना ने कहा कि बच्चों पर उच्च प्रतिशत स्कोर करने का अत्यधिक दबाव होता है, ताकि उन्हें अच्छे कॉलेजों में दाखिला मिल सके। अगर बच्चों को अपने दोस्तों से आधा प्रतिशत भी कम मिलता है तो वे निराश हो जाते हैं। बोर्ड परीक्षाओं में 98 और 99 फीसदी अंक लाने का दबाव धीरे-धीरे उन्हें खत्म कर रहा है। माता-पिता को इस तथ्य को स्वीकार करना चाहिए कि इतने उच्च प्रतिशत अवास्तविक हो सकते हैं और हर बच्चा इतना अंक प्राप्त नहीं कर सकता।

डॉ. सक्सेना ने कहा कि आज की दुनिया में माता-पिता का मार्गदर्शन लगभग न के बराबर है, खासकर ऐसे मामलों में जहां माता-पिता दोनों कामकाजी हों। उन्होंने कहा कि माता-पिता के पास अपने बच्चे के व्यवहार में बदलाव देखने और उसे सलाह देने या वह जो दबाव महसूस करता है, उसे समझने का समय नहीं है। बच्चे को उसके हाल पर छोड़ दिया जाता है और वह दोस्तों की सलाह पर ये दवाएं लेना शुरू कर देता है।

प्राजक्ता के माता-पिता अब स्वीकार करते हैं कि उन्हें इस बात का एहसास नहीं था कि उनकी बेटी किस तरह के दबाव का सामना कर रही है। उसके पिता ने कहा कि वह हमें बताती रही कि वह परीक्षाओं में ज्यादा अंक चाहती है, ताकि उसे दिल्ली के एक अच्छे कॉलेज में दाखिला मिल सके, क्योंकि उसके दोस्त वहीं जाते होंगे।

इस बीच, शिक्षक लगातार अध्ययन पैटर्न को बनाए नहीं रखने के लिए माता-पिता के साथ-साथ छात्रों को भी दोषी मानते हैं।

इंग्लिश मीडियम गर्ल्स स्कूल की सेवानिवृत्त शिक्षिका पुष्पा डिसूजा ने कहा कि छात्र पूरे साल पढ़ाई नहीं करते। वे कक्षाएं बंक कर देते हैं और माता-पिता अनजान बने रहते हैं। अगर माता-पिता सालभर अपने बच्चों की पढ़ाई के पैटर्न पर नजर रखें तो परीक्षा का तनाव काफी हद तक कम हो जाएगा।

# मस्तिष्क की कोशिकाओं को प्रभावित करता है एमपॉक्स वायरस

**■ चेचक के समान लक्षणों वाली बीमारी का कारण ■ एस्ट्रोसाइट्स मस्तिष्क में सबसे प्रचुर मात्रा में तंत्रिका कोशिकाएं**

**टोरंटो,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। एक स्टडी से पता चला है कि एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) वायरस मस्तिष्क की सामान्य कार्यप्रणाली के लिए जिम्मेदार कोशिकाओं को प्रभावित कर सकता है, जिससे लोगों में न्यूरोलॉजिकल लक्षण पैदा हो सकते हैं। एमपॉक्स वायरस मुख्य रूप से निकट शारीरिक संपर्क के माध्यम से फैलता है और चेचक के समान लक्षणों वाली बीमारी का कारण बनता है, हालांकि यह कम गंभीर होता है।2022 के मई में वायरस का बड़ा प्रकोप देखा गया, जो 100 से ज्यादा देशों में फैल गया और दुनिया भर में 86,900 से अधिक संक्रमण का कारण बना। 1 जनवरी, 2022 और 30 नवम्बर, 2023 के बीच, 116 देशों से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को 171 मौतों सहित एमपॉक्स के कुल 92,783 प्रयोगशाला-पुष्टि मामले बताए गए हैं। अल्बर्टा यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने मानव मस्तिष्क कोशिकाओं को एमपॉक्स वायरस से संक्रमित करने के लिए लेबोरेट्री एक्सपेरिमेंट का उपयोग किया। जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में एक नए पब्लिश रिसर्च में, टीम ने पाया कि एमपॉक्स वायरस एस्ट्रोसाइट्स को प्रभावित कर रहा है, जो मस्तिष्क के सामान्य कामकाज के लिए जिम्मेदार एक प्रकार की कोशिका है, जिससे अत्यधिक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया शुरू हो जाती है। लेखक हजर मिरानजादेह महाबादी ने कहा, जो विश्वविद्यालय में चिकित्सा में पोस्टडॉक्टरल फेलो हैं, 'एस्ट्रोसाइट्स मस्तिष्क में सबसे प्रचुर मात्रा में तंत्रिका कोशिकाएं हैं।' हमने पाया कि मंकीपॉक्स वायरस इन कोशिकाओं को



कुशलता से संक्रमित कर सकता है और एक प्रकार की मस्तिष्क कोशिका मृत्यु को प्रेरित कर सकता है, जिसे हम पायरोप्टोसिस कहते हैं। यह वायरस त्वचा या यौन संपर्क या श्वसन बूंदों द्वारा फैलता है। इस प्रकोप ने मुख्य रूप से उन पुरुषों को प्रभावित किया है जो पुरुषों के साथ यौन संबंध रखते हैं। सामान्य लक्षणों में चकत्ते, बुखार और मांसपेशियों में दर्द शामिल हैं, लेकिन सिरदर्द, मानसिक भ्रम और दौरे जैसे न्यूरोलॉजिकल लक्षण तेजी से देखे गए हैं, जो मस्तिष्क के ऊतकों की सूजन का संकेत देते हैं।

महाबादी ने कहा कि मंकीपॉक्स वायरस के मामलों की सीमा, विशेष रूप से न्यूरोलॉजिकल जटिलताओं से जुड़े मामले, केंद्रीय तंत्रिका तंत्र में मंकीपॉक्स वायरस के संभावित प्रभाव को समझने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालते हैं। मंकीपॉक्स वायरस के मामलों की सीमा, विशेष रूप से न्यूरोलॉजिकल जटिलताओं से जुड़े मामलों ने, केंद्रीय तंत्रिका तंत्र में मंकीपॉक्स वायरस के संभावित प्रभाव को समझने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला है। महाबादी ने कहा कि यह एमपॉक्स वायरस के संपर्क में आने वाली मस्तिष्क कोशिकाओं की जांच करने वाला पहला अध्ययन है। अनुसंधान दल ने उपचार के लिए एक संभावित रास्ते की पहचान की जब वे एमपॉक्स वायरस से संक्रमित कोशिकाओं में डाइमिथाइल फ्यूमरेट के साथ इलाज करके कोशिका मृत्यु को कम करने में सक्षम थे, जो सोरायसिस के लिए यूरोप में स्वीकृत एक यौगिक है और संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में मल्टीपल स्केलेरोसिस के इलाज के लिए उपयोग किया जाता है। रिसर्चर्स ने पाया कि एमपॉक्स बीमारी के लिए अब दो एंटीवायरल उपचार स्वीकृत हैं और कमजोर आबादी में बीमारी की रोकथाम के लिए कनाडा में एक टीका भी उपलब्ध है। टीम की योजना एमपॉक्स और मस्तिष्क पर शोध जारी रखने की है, और यह जांचने की है कि एमपॉक्स रोग अधिक गंभीर क्यों लगता है और एचआईवी से पीड़ित लोगों में इसकी मृत्यु दर अधिक क्यों है।

## बाफ्टा में नामी सितारों के साथ प्रेजेंटर होंगी दीपिका पादुकोण

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। लंदन में रविवार रात आयोजित होने वाले 'बाफ्टा अवॉर्ड्स 2024' से पर्दा उठ जाएगा, जिसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण बतौर प्रेजेंटेटर शामिल होंगी। लायंसगेट प्ले पर रात 12:30 बजे से इसका सीधा प्रसारण आएगा। 'बाफ्टा अवॉर्ड्स' को दुनिया के शीर्ष चार फिल्म पुरस्कारों में गिना जाता है। इस साल की ब्रिटिश मूल के क्रिस्टोफर नोलन की 'ओपेनहाइमर' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (सिलियन मर्फी) और सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री (एमिली ब्लंट) और योर्गोस लैंथिमोस की शानदार मूल 'पुअर थिंग्स' सहित 13 नामांकन मिले हैं। बीबीसी डॉट कॉम के अनुसार नोलन सर्वश्रेष्ठ निर्देशक की रेस में पसंदीदा हैं। पोर्टल ने लिखा कि उनके पिछले कैटलॉग को देखते हुए - जिसमें 'डनकर्क', 'इंसेप्शन' और 'द डार्क नाइट राइजेज' शामिल हैं - विश्वास करना मुश्किल है, लेकिन अगर वह सप्ताहांत में जीत हासिल करते हैं तो यह उनकी पहली बाफ्टा जीत होगी। रिपोर्ट के अनुसार, 'अगर रॉबर्ट डॉनी जुनियर सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीतते हैं, तो यह 1993 में 'चैपलिन' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की जीत के 31 साल बाद उनकी दूसरी बाफ्टा जीत होगी।' एक सफल शाम की उम्मीद करने वाली अन्य फिल्मों में फ्रेंच कोर्टरूम ड्रामा 'एनाटॉमी ऑफ ए फॉल', 'द होल्डओवर्स', ब्रैडली कूपर की मुख्य भूमिका वाली लियोनार्ड बर्नस्टीन की बायोपिक 'मेस्ट्रो', शामिल हैं।

## ढाई फुट बर्फ में साइकिल से पराशर पहुंचा जसप्रीत पॉल

**शिमला/मंडी,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। नौ हजार फीट की ऊंचाई पर बसे पराशर ऋषि मंदिर के पास इन दिनों अढ़ाई फुट बर्फ की सफेद चादर बिछी हुई है। इस बर्फ में जहां कोई पैदल चलने की भी नहीं सोच सकता वहीं मंडी शहर का जसप्रीत पॉल साइकिल पर सवार होकर अकेला ही बर्फ के बीच पराशर ऋषि के दरबार जा पहुंचा। जसप्रीत पॉल ने एक नया कारनामा करके जहां नई मिसाल पेश की है वहीं इतिहास भी रच डाला है। जसप्रीत ने बताया कि 14 फरवरी को वो सुबह पांच बजे मंडी से निकला और पराशर तक जाने के लिए एक नए रूट का चयन किया। यह रूट मंडी से हणोगी, बांधी और कांढा होते हुए था। गौरतलब है कि इस रूट से बहुत ही कम लोग जाते हैं। क्योंकि यह काफी कठिन और अधिक दूरी वाला है। जसप्रीत ने सुबह पांच बजे मंडी से अपनी यात्रा की शुरूआत की और शाम पांच बजे पराशर पहुंचा। सबसे ज्यादा समय हणोगी से बांधी तक लगा, जहां 15 किमी की खड़ी चढ़ाई को पूरा करने में ही पांच घंटे लग गए। पराशर ऋषि के मंदिर से पांच किमी पहले बर्फ मिलना शुरू हो गई। जहां-जहां बर्फ हॉर्ड थी वहां पर तो साइकिल चल



पड़ी, लेकिन जहां पर बर्फ नर्म थी वहां पर साइकिल को खींचकर ले जाना पड़ा। इस तरह से आधा सफर साइकिल पर सवार होकर तो आधा उसे खींचकर पूरा करना पड़ा। जसप्रीत ने बताया कि यह सफर काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन उसे पूरा करने की ठानी थी जिसे पूरा कर दिखाया है। जसप्रीत ने बताया कि अब वह भविष्य में कमरूनाग, शैटाधार और शिकारी देवी की पहाड़ियों पर बर्फ के बीच साइकिल से जाना चाहते हैं। इस लक्ष्य को भी वह इसी सीजन में पूरा करना चाहते हैं। जसप्रीत बताते हैं कि जहां पर लोग बर्फबारी में अपनी फोर वाय फोर गाड़ियों को लेकर जाते हैं वहां पर्यावरण प्रिय साइकिल से भी जाया जा सकता है। इससे जहां पर्यावरण स्वच्छ रहेगा वहीं शरीर भी स्वस्थ रहेगा।

## गार्डन की घास काटने वाली स्मार्ट मशीन से भी आपके डिवाइस तक पहुंच सकते हैं साइबर अपराधी

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। गार्डन में घास काटने वाली स्मार्ट मशीन के जरिये भी आपकी साइबर सिक्योरिटी में सेंध लगा सकती है। एक शोध में यह



निष्कर्ष सामने आया है। वीपीएन सर्विस प्रोवाइडर जेनशील्ड के अनुसार, स्मार्ट उपकरणों को शक्ति देने वाले लॉनमूवर सॉफ्टवेयर का उपयोग करके आपके डिवाइस को हैक किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि आपके गार्डन में घास काटने वाली स्मार्ट मशीन इंटरनेट से जुड़े उपकरण, इंटरनेट ऑफ थिंग्स का एक हिस्सा बन जाते हैं। ये सुविधा प्रदान करने वाले उपकरण संवेदनशील उपकरणों में घुसपैठ के रास्ते भी खोल देते हैं। एक हालिया अध्ययन में बगीचे की घास काटने वाली मशीनों सहित स्मार्ट उपकरणों वाले घरों में साप्ताहिक रूप से लगभग 12 हजार हैकिंग प्रयासों का पता चला है। जेनशील्ड के प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ स्टीफन ब्लैक ने कहा कि यह एक अजीब दुनिया है जहां लॉन में घास काटने वाला आपका यंत्र रैंसमवेयर हमले के लिए प्रवेश बिंदु बन सकता है। शोध में एक नकली स्मार्ट होम बनाया गया, जिसमें कई तरह के स्मार्ट उपकरण थे, जो इंटरनेट से जुड़े हुए थे।

## विज्ञान वरदान है लेकिन आज बाजार के लिए हो रहे हैं अधिकतर शोध

**प्रयागराज,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। काले मोती के जन्मदाता, पद्मश्री से सम्मानित भारतीय स्वतंत्र वैज्ञानिक अजय कुमार सोनकर ने कहा कि विज्ञान हमारे लिए वरदान है किन्तु इसका उपयोग व्याधियों से बचाने वाली स्वस्थ जीवनशैली की खोज के बजाय बीमारियो के उपचार एवं जांच उपकरणों की खोज के लिए ज्यादा



हो रहा है। डॉक्टर सोनकर ने रविवार को बताया कि हमारे स्वभाव से विज्ञान का उपयोग बदल जाता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपने विकृत जीवनशैली को बदल कर हम बहुत सी व्याधियों से बच सकते हैं किन्तु आज विज्ञान का उपयोग बीमारियों से बचाने वाली जीवन शैली की खोज के बजाय बीमारियो के उपचार एवं जांच उपकरणों की खोज के लिए हो रहा है ताकि बाजारवाद को सींचा जा सके।

वैज्ञानिक सोनकर ने बताया कि आज दुनिया में हर तरफ दुख, संताप, असंतुष्टि और मानसिक एव शारीरिक व्याधियां व्याप्त हैं। अपने आसपास के जीवन के अध्ययन से लगता है जैसे इन सब के पीछे बाजारवाद है जिसने अनावश्यक रूप से महामारी के स्तर पर तनाव और तृष्णा फैला दिया है। मनुष्य के सोचने समझने की शक्ति को क्षीण कर रखा है। आज छोटी छोटी उम्र के युवाओं को हृदय रोग, मधुमेह, कैन्सर, किडनी फेल्योर जैसी तमाम बीमारियों ने घेर लिया है। अवसाद हर जीवन का हिस्सा बन चुका है।

लोगों की व्याधियों से उत्पन्न व्यापार के अवसर बाज़ारवाद को ललायित करते हैं इसीलिये वैज्ञानिक शोधों का मानसिक श्रम उपचार के लिये नित नई औषधियों एवं निदान उपकरणों की खोज की तरफ़ है, स्वस्थ्य जीवन शैली के ज्ञान की तरफ़ नहीं है जिसके माध्यम से पृथ्वी के सम्पूर्ण जीवन को रोगमुक्त रखा जा सकता है।

उन्होंने बताया कि ये व्याधियां वास्तविक होतीं तो हम प्रकृति के गोद मे विकासक्रम के दौरान विलुप्त हो गए होते तो 100 वर्ष की आयु प्राप्त नहीं कर पाते। बाजारवाद यह स्वीकार नहीं कर सकता कि उपचार व्यापार नष्ट हो जाए इसलिए हम सब बाज़ारवाद की सहूलियत से जन्मे जीवनशैली को जीने के लिए बाध्य हैं, जिसने हमारे मन को अशांत और व्यथित कर रखा है।

डाक्टर सोनकर ने बताया कि अनुवांशिक विज्ञान एवं डीएनए कोड्स के अपने अध्ययन के दौरान उन्होने जाना कि हमारा मन ही हमारी सारी जैविक क्रियाओं का संचालक है। एक अशान्त मन जैविक क्रियाओं को स्वस्थ रूप से क्रियान्वित नहीं कर सकता। जो मन को सन्तुष्ट, प्रसन्न, प्रेममय और आशावान रख सके ऐसे जीवनशैली के ज्ञान के प्रसार की आवश्यकता है।

# बीहड़ और पंचनद के किनारे लिख रहे हैं पर्यटन की सुनहरी पटकथा

**■ ओम प्रकाश सिंह**

**पचनद, चंबल,** 18 फरवरी (देशबन्धु)। अतीत की काली छाया से उबर चंबल अब अपने वर्तमान से सुनहरे भविष्य की पटकथा लिख रहा है। गोलियों की जगह किताबों से निकली बोलियां पहचान बन रही हैं। 16 फरवरी से शुरु तीन दिवसीय लिटरेरी फेस्टिवल (चंबल साहित्य महोत्सव) का समापन हो गया। कई राज्यों से आये कवियों, साहित्यकारों, लेखकों, फिल्मकारों, अभिनेताओं और पत्रकारों, सामाजिक चिंतकों ने चंबल की तासीर को समझने की कोशिश की। आखिरी दिन हेरिटेज वाक (बीहड़ सफारी) कर ऊबड़ खाबड़ घाटी में कई किलोमीटर पैदल सफ़र कर चंबल की नब्ज को टटोला। इन तीन दिनों में हुए अलग अलग कार्यक्रमों में पंचनद का तट न सिर्फ गुजरे जमाने, बल्कि वर्तमान और भविष्य से भी रूबरू हुआ। बाहर से अतिथियों का पंचनद के किनारे ही पर्यटक टेंटों में रहने खाने का इंतेजाम किया गया।

### ऐसे रहे तीन दिन

चंबल साहित्य महोत्सव का आयोजन चंबल संग्रहालय और द ऐंट्स का संयुक्त तत्वावधान में हुआ। महोत्सव में 'चंबल के कल, आज और कल' पर चर्चा हुई। किताबों के स्टॉल लगाये गए। साहित्य में बीहड़ और बीहड़ में साहित्य को लेकर चर्चा हुई। कई महत्त्वपूर्ण फिल्मों की स्क्रीनिंग और सांस्कृतिक संध्या के दौरान संगीत कार्यक्रम हुए। स्थानीय लोगों को चंबल



से जुड़े दुर्लभ दस्तावेज और डॉक्यूमेंट्री फिल्में दिखाई गईं। हेरिटेज वाक भी हुई। मेहमानों ने चंबल को पीले सोने का देश बताया।

### बीहड़ सफारी का अद्भुत नजारा

आखिरी दिन चंबल संग्रहालय पंचनद से चंबल आश्रम बिलौड तक बीहड़ सफारी का अद्भुत नजारा मेहमानों ने देखा। बीहड़ सफारी के रास्ते सिरहन पैदा करने वाले थे। बीहड़ सफारी के रास्ते में चंबल अंचल की प्राकृतिक सम्पदा से अवगत कराया गया। दुर्लभ जड़ी बूटियों, बनस्पतियों, बीहड़ों के किस्से-कहानियों, क्रान्तिकारियों की पनाहगाह ने आकर्षित किया। प्राकृतिक और एतिहासिक धरोहरों से परिचित कराया गया। चौरैला और बिलौड के बीच बीहड़ सफारी के दुर्गम और सुनसान रास्तों में जहां लोग जाने से खौफ खाते थे। इस चहलकदमी से गुलजार हो गया। जगम्मनपुर फोर्ट की भी सैर की गई।

### पर्यावरण के अनुकूल महोत्सव का मंच

चंबल साहित्य महोत्सव के संस्थापक दस्तावेजी लेखक डॉ. शाह आलम राणा ने बताया कि महोत्सव का मंच पर्यावरण के अनुकूल बनाया गया था। तीन दिवसीय चंबल साहित्य उत्सव को सफल बनाने में सौरभ अवस्थी, खालिद नाईक, अमित शर्मा, सूरज सिंह कुशवाहा, रुद्र प्रताप सिंह राठौर, अजय कुमार आदि का प्रमुख योगदान रहा।

### ये अतिथि रहे मौजूद

चंबल साहित्य महोत्सव में लेखक-फिल्मकार विद्या भूषण रावत, वरिष्ठ लेखक डॉ. रणधीर सिंह रूहल,



कवि-संस्कृतिकर्मी राम जनम सिंह, साहित्यकर्मी डॉ.



भगवान सिंह निरंजन, वरिष्ठ पत्रकार-फोटोग्राफर अनिल सिंदूर, सरोकारी वकील सूरज रेखा त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार केपी सिंह, वरिष्ठ कवि विजय सिंह पाल, क्रांतिकारी वंशज अजय पांडेय, वरिष्ठ फोटोग्राफर प्रवीण परिहार, सामाजिक कार्यकर्ता धीरज कुमार, कवि देवाशीष आर्य, एडवोकेट, इतिहासकार और शहीद वंशज देवेन्द्र सिंह चौहान, फिल्म अभिनेता आरिफ शहडोली, शोधार्थी और पत्रकार अजय शर्मा, शिक्षक धीरेन्द्र भदौरिया, सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हिदायत, विचारक प्रोफेसर धर्मेन्द्र कुमार, वरिष्ठ पत्रकार विनोद त्रिपाठी, संस्कृतिकर्मी प्रोफेसर मो. नईम, सामाजिक कार्यकत्री रिहाना मंसूरी, चर्चित शायर शफीकुर्रहमान कश्फी आदि मौजूद रहे।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| विप्रो | 4.79 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 3.96 प्रतिशत |
| एलटी | 2.68 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.02 प्रतिशत |
| मारुति | 1.93 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.36 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.90 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.70 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.59 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.31 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# बीसीएएस ने सात एयरलाइनों को 30 मिनट के भीतर यात्रियों के बैग की डिलीवरी का दिया निर्देश

- एयरलाइंस को 26 फरवरी तक 10 दिनों के भीतर जरूरी उपाय लागू करने का निर्देश दिया
- सभी एयरलाइनों के प्रदर्शन की साप्ताहिक आधार पर निगरानी हुई शुरू
- विमान का इंजन बंद होने के 10 मिनट के भीतर पहला बैग बैगेज यात्री के पास तक पहुंचे



नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने सात एयरलाइनों को निर्देश दिया है कि यात्रियों के बैग की डिलीवरी 30 मिनट के भीतर की जाए। बीसीएएस ने एयरलाइंस को 26 फरवरी तक 10 दिनों के भीतर जरूरी उपाय लागू करने का निर्देश दिया। अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को बीसीएएस ने एयर इंडिया, इंडिगो, अकासा, स्पाइसजेट, विस्तारा, एयर इंडिया एक्सप्रेस कनेक्ट और एयर इंडिया एक्सप्रेस समेत सात एयरलाइनों को पत्र लिखा। इसमें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि आखिरी सामान की डिलीवरी 30 मिनट के भीतर की जाए। बीसीएएस ने जनवरी में छह प्रमुख हवाईअड्डों के बेल्ट पर सामान के आगमन के समय की निगरानी की निरंतर कवायद शुरू की। अधिकारी ने कहा, 'रिव्यू अभ्यास की शुरुआत के बाद से, सभी एयरलाइनों के प्रदर्शन की साप्ताहिक आधार पर निगरानी की जा रही है और इसमें सुधार हुआ है, लेकिन यह शासनादेश के अनुरूप नहीं है।' अधिकारी ने कहा, विमान का इंजन बंद होने के 10 मिनट के भीतर पहला बैग बैगेज (यात्री सामान) बेल्ट पर पहुंचना चाहिए और आखिरी बैग 30 मिनट के भीतर पहुंचना चाहिए।' अधिकारी ने कहा, 'यह निगरानी इस समय छह प्रमुख हवाई अड्डों पर की जा रही है। हालांकि, बीसीएएस ने एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि वे जहां भी उड़ान भरते हैं, उन सभी हवाई अड्डों पर अनिवार्य स्तर हासिल किए जाएं।

# पाकिस्तान अपरिहार्य ऋण चूक की ओर बढ़ रहा है

नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान का कर्ज उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है। इसका मतलब यह है कि अर्थव्यवस्था की उत्पादन बढ़ाने की क्षमता बाधित है। इस्लामाबाद थिंक टैंक टैबएडलैब ने एक रिपोर्ट में कहा, रिपोर्ट में कहा गया है, 'यह परिवर्तनकारी बदलाव की जरूरत बताता है। जब तक यथास्थिति में व्यापक सुधार और नाटकीय बदलाव नहीं होंगे, पाकिस्तान और गहरे डूबता रहेगा, एक अपरिहार्य डिफ़ॉल्ट की ओर बढ़ेगा, जो चक्रव्यूह की शुरुआत होगी।'

टैबएडलैब ने कहा कि पाकिस्तान का कर्ज़ 'एक विकट, अस्तित्वगत और प्रासंगिक' चुनौती है, जिसके लिए तत्काल और रणनीतिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है। कर्ज़ की अदायगी ऐतिहासिक ऊंचाई पर है, जो बढ़ती आबादी की सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और महत्वपूर्ण रूप से जलवायु परिवर्तन जैसी ज़रूरतों को प्राथमिकता से वंचित करता है।

पाकिस्तान का विदेशी ऋण 2011 के बाद से लगभग दोगुना हो गया है, और घरेलू ऋण छह गुना बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 में पाकिस्तान को अनुमानित 49.5 अरब अमेरिकी डॉलर का ऋण परिपक्वता अवधि में चुकाना होगा (जिसमें से 30 प्रतिशत ब्याज है, और इसमें से कोई भी द्विपक्षीय या आईएमएफ



ऋण नहीं है)।

उत्पादक क्षेत्रों या उद्योग में निवेश के बिना, उपभोग-केंद्रित, आयात-आदी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए ऋण संचय का भारी उपयोग किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान की ऋण प्रोफ़ाइल चिंताजनक है, और इसकी उधार लेने और खर्च करने की आदतें अस्थिर हैं।

बढ़ती आबादी की बढ़ती मांगों के लिए सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और जलवायु परिवर्तन से संबंधित आपदाओं, अनुकूलन रणनीतियों और हरित संक्रमण के लिए अधिक धन की आवश्यकता होती है। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान की जलवायु और कर्ज की कमजोरी एक-दूसरे को बढ़ाती है, लेकिन एक ही समय में अस्तित्व संबंधी दोनों संकटों में तालमेल बिठाने और उन्हें कम करने का अवसर है।

## टेस्ला एक साल में ओपनएआई के समान वास्तविक दुनिया का वीडियो बनाने में सक्षम: मस्क

नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसियां)। चैटजीपीटी निर्माता ओपनएआई द्वारा अपने टेक्स्ट-टू-वीडियो मॉडल का अनावरण करने के बाद टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने उसके सोरा और ऑटोनोमस ड्राइविंग में अपनी महत्वाकांक्षाओं के बीच संभावित तालमेल पर दिलचस्प बातें साझा की हैं। मस्क ने 'ओपनऐआई के सोरा का टेस्ला के एफएसडी (फुल सेल्फ-ड्राइविंग) वी12 से क्या लेना-देना है?' कैप्शन वाले वीडियो पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा, 'टेस्ला लगभग एक साल से सटीक भौतिकी के साथ वास्तविक दुनिया का वीडियो जेनरेशन बनाने में सक्षम हैं।' हालाँकि, तकनीकी अरबपति ने उल्लेख किया कि वीडियो ज्यादा दिलचस्प नहीं थे क्योंकि वास्तविक दुनिया का प्रशिक्षण डेटा केवल इलेक्ट्रिक ऑटोमेकर के कैमरे से सुसज्जित बेड़े से आता है। मस्क ने कहा, 'यह बहुत दिलचस्प नहीं था, क्योंकि सारा प्रशिक्षण डेटा कारों से आया था, इसलिए यह टेस्ला के वीडियो जैसा दिखता है, हालांकि गतिशील रूप से उत्पन्न (याद नहीं किया गया) दुनिया के साथ।' वीडियो में, होस्ट दो पूरी तरह से अलग-अलग कारणों से और दो पूरी तरह से अलग-अलग रास्तों से वीडियो तैयार करने और एक ही समाधान पर जुटने वाली दोनों कंपनियों के शोध पत्र की तुलना करता है।

इसके अलावा, टेस्ला के सीईओ ने उल्लेख किया कि कंपनी के पास एफएसडी के लिए प्रशिक्षण गणना की कमी है, 'इसलिए अन्य वीडियो के साथ प्रशिक्षण नहीं लिया है, लेकिन निश्चित रूप से कर सकते हैं। इस साल के अंत में ऐसा करेंगे जब हमारे पास कुछ अतिरिक्त क्षमता होगी। इस बीच, टेस्ला ने ग्राहकों के लिए एफएसडी संस्करण 12.12 जारी किया है।

# भारत के लिए अत्याधुनिक उद्यम तैयार करने में उत्प्रेरक हो सकता है एआई: संजय गुप्ता

**मुंबई,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। गूगल इंडिया ने रविवार को कहा कि भारत जैसे विशाल देश के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं क्योंकि एआई उद्यमियों के लिए बढ़त को वास्तविक अत्याधुनिक उद्यम में बदलने वाला उत्प्रेरक बन सकता है।

पहले 'मुंबई टेक वीक' में गूगल इंडिया के कंट्री हेड और वाइस प्रेसिडेंट संजय गुप्ता ने कहा, 'विश्व मंच के साथ-साथ सामाजिक रूप से भारत की पुनरुत्थान की महत्वाकांक्षा, 'भारत को इस तकनीक को अपनाने और दुनिया के लिए उदाहरण बनाने के लिए बिल्कुल सही परिस्थिति प्रदान करती है।' संजय गुप्ता ने सम्मेलन में कहा, 'गूगल के रूप में यह निश्चित रूप से एक भविष्य है, जिसे हम भारत के साथ मिलकर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

जनरेटिव एआई ने पिछले एक साल में लोकप्रिय इमेजिनेशन को कैच लिया है। लेकिन इसकी जबरदस्त क्षमताएं लोकप्रिय चर्चाओं से कहीं अधिक हैं। एआई के पास आज कम समय में कंटेंट को सैकड़ों भाषाओं में अनुवाद करने की क्षमता है। अंग्रेजी के अब इंटरनेट की प्राथमिक भाषा होने की जरूरत नहीं है। यह साक्षरता की चुनौती को पार करते हुए कुछ ही सेकंड में टेक्स्ट को वीडियो में बदल सकता है।

संजय गुप्ता ने आगे कहा कि भारतीय स्टार्टअप्स के बारे में चर्चा तेजी से मूल्यांकन के बारे में कम और दीर्घकालिक मूल्य निर्माण के बारे में अधिक होती जा रही है।

संजय गुप्ता ने कहा, 'यूपीआई और कोविन जैसे डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे उस सरलता के लिए ग्लोबल केस स्टडी बन गए हैं, जिसके साथ उन्होंने यूजरों को तकनीक के साथ काम करने के लिए मजबूर करने की बजाय यूजर के लिए तकनीकी काम किया है।'

### सार संक्षेप


## वसंत महोत्सव की छुट्टियों के दौरान चीन से 1.35 करोड़ लोगों का आवागमन

बीजिंग। चीनी राष्ट्रीय अप्रवासन प्रशासन से 18 फ़रवरी को मिली ख़बर के अनुसार, 2024 के वसंत महोत्सव की छुट्टियों के दौरान चीनी राष्ट्रीय सीमा निरीक्षण एजेंसियों ने देश में प्रवेश करने और देश छोड़ने वाले कुल एक करोड़ 35 लाख 17 हज़ार चीनी और विदेशी लोगों की सुरक्षा की। यह प्रतिदिन लगभग 16 लाख 90 हज़ार यात्रियों के बराबर है जो 2023 के दौरान इसी अवधि की तुलना में 2.8 गुना अधिक है। यह संख्या 2019 में वसंत महोत्सव की समान अवधि के लगभग 90 प्रतिशत तक पहुंच गई है। देशभर में समुद्र, भूमि और हवाई बंदरगाहों पर सीमा शुल्क निकासी स्थिर और व्यवस्थित है। उनमें से क्वांगतुंग, हांगकांग और मकाओ में भूमि बंदरगाहों में सीमा शुल्क निकासी प्रवाह बड़ा है, जो देश के कुल प्रवेश और निकास मात्रा का 73.1 फीसदी है। इसी समय, हब हवाई अड्डों पर आने और जाने वाला यातायात तेजी से बढ़ा है।

## पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने जूते किए लॉन्च

वाशिंगटन। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क के एक न्यायाधीश द्वारा नागरिक धोखाधड़ी मामले में उन पर और उनकी कंपनियों पर लगभग 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाने के एक दिन बाद एक स्नीकर लाइन लॉन्च की है। पूर्व राष्ट्रपति ने फिलाडेल्फिया में स्नीकर कॉन में 'ट्रम्प स्नीकर्स' का अनावरण किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, उन्होंने मंच पर सोने के स्नीकर्स की एक जोड़ी रखी, इसकी कीमत एक नई वेबसाइट पर 399 डॉलर थी और इसे 'नेवर सरेंडर हाई-टॉप स्नीकर' नाम दिया गया। 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव लिए उनके और राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच संभावित मुकाबले में जीओपी नामांकन में अग्रणी ट्रम्प ने कहा, 'यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं 12-13 साल से बात कर रहा हूं, और मुझे लगता है कि यह एक बड़ी सफलता होने जा रही है।' शनिवार की रात तक, 399 डॉलर्स के स्नीकर्स को वेबसाइट पर बिक चुके के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। साइट के अनुसार, स्नीकर्स के 1,000 जोड़े खरीद के लिए उपलब्ध थे। वेबसाइट के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति 199 डॉलर में स्नीकर्स के दो संस्करण भी बेच रहे हैं, जिनके किनारों पर 'टी' और '45' है। कोलोन और परफ्यूम प्रत्येक 99 डॉलर पर बिक्री के लिए हैं।

# फेड के ब्याज दर में कटौती की संभावनाओं पर रहेगी बाजार की नजर




**मुंबई,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में खुदरा बिक्री में भारी गिरावट आने से जून में ब्याज दरों में कटौती होने की संभावना बढ़ने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई मजबूत लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक चढ़े घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह नीतिगत दरों को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के रुख पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 831.15 अंक अर्थात 1.2 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 72 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 7242664 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 258.2 अंक यानी 1.2 प्रतिशत उछलकर 22 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से ऊपर 22040.70 अंक पर पहुंच गया। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी का रुख रहा। इससे मिडकैप 360.51 अंक अर्थात 0.9 प्रतिशत की मजबूती के साथ 39930.08 अंक हो गया। हालांकि स्मॉलकैप में लिवाली की रफ्तार धीमी रही और वह महज नौ अंक बढ़कर 45659.30 अंक पर रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, बैंकिंग क्षेत्र में भारी लिवाली ने सेंसेक्स और निफ्टी को नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ने में मदद की, जिससे ऊंचे मूल्यांकन और उच्च विनिमय मार्जिन जरूरतों पर चिंताओं के कारण बीते सप्ताह कारोबार की धीमी शुरुआत हुई। अन्य एशियाई बाजारों के विपरीत अमेरिका के अपेक्षा से कमजोर महंगाई आंकड़ों से उत्साहित सूचकांकों ने अपनी तेजी जारी रखी। अमेरिका में खुदरा बिक्री में गिरावट के कारण फेड रिजर्व के ब्याज दर में कटौती की निवेशकों की उम्मीदों को बल मिला। इसके अलावा यूरोज़ोन में अवस्फीति की प्रवृत्ति और नए साल की छुट्टियों के बाद चीन में खपत बढ़ने की उम्मीद ने बाजार को और समर्थन प्रदान दिया।

उम्मीद के अनुरूप उच्च मांग और अनुकूल आय परिदृश्य के कारण भारतीय ऑटो क्षेत्र के लिए बीता सप्ताह मजबूत रहा। संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार और राजकोषीय समझदारी पर सरकार के फोकस से लाभान्वित होकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं। दिग्गज कंपनियों में तेजी आई लेकिन मूल्यांकन में अंतर के कारण मिड और स्मॉलकैप में मुनाफावसूली का दबाव रहा। वित्तीय सलाहकार कंपनी जीओजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया, उच्च मूल्यांकन जोखिमों के कारण अगले सप्ताह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में करेक्शन की संभावना है। इस बीच धातु, एफएमसीजी और कैपिटल गुड्स जैसे क्षेत्रों में मजबूत निर्माण मांग, ऑर्डर बैकलॉग, ग्रामीण पुनरुद्धार की संभावनाओं और भारत के कम होते व्यापार घाटे के कारण गति बढ़ने की उम्मीद है। इसे जिंसों की कीमतों में नरमी और सरकार के नेतृत्व वाली विनिर्माण पहलों से बढ़ावा मिला है। बीते सप्ताह बाजार में चार दिन तेजी जबकि एक दिन गिरावट का रुख रहा। वैश्विक स्तर के मिश्रित संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में सोमवार को सेंसेक्स 523 अंक टूटकर 71072.49 अंक और निफ्टी 166.45 अंक गिरकर 21616.05 अंक पर रहा। वहीं, अमेरिका में महंगाई आंकड़े जारी होने से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रूख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, वित्तीय सेवाएं, बैंकिंग और सेवाएं समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 482.70 अंक की छलांग लगाकर 71,555.19 अंक और निफ्टी 127.20 अंक चढ़कर 21,743.25 अंक पर बंद हुआ।

विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर तेल एवं गैस, ऊर्जा, यूटिलिटीज, धातु और पावर समेत सत्रह समूहों के 3.61 प्रतिशत तक चढ़ने से बुधवार को सेंसेक्स 267.64 अंक की छलांग लगाकर 71,822.83 अंक और निफ्टी 96.80 अंक की तेजी के साथ 21,840.05 अंक हो गया। विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस और पावर समेत अठारह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत गुरुवार को सेंसेक्स 227.55 अंक मजबूत होकर एक सप्ताह बाद 72 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार पहुंच गया।

## विदेशी मुद्रा भंडार 5.24 अरब डॉलर गिरकर 617.23 अरब डॉलर पर



**मुंबई,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 09 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.24 अरब डॉलर कम होकर 617.23 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़कर 622.5 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 09 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.8 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 546.5 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 35 करोड़ डॉलर घटकर 47.74 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 5.5 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.1 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 2.8 करोड़ डॉलर गिरकर 4.8 अरब डॉलर पर आ गया।

# जिंसों में मिलाजुला रुख



**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव के बीच स्थानीय पर उठाव कमजोर रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा सप्ताहांत पर 19 रिंगिट उतरकर 3916 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.48 सेंट की गिरावट के साथ 46.23 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 72 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया जबकि मूंगफली तेल 183 रुपए, सोया रिफाइंड 146 रुपए और वनस्पति तेल 67 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 13187 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19963 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12088 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11355 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8066 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 9800 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

# 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' में भारत की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी: आईबीएम

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। आईबीएम इंडिया, साउथ एशिया के प्रबंध निदेशक संदीप पटेल ने कहा, 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में भारत की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है और सबसे अच्छी बात यह है कि सरकार न केवल एआई तकनीक को बढ़ाने को लेकर काम कर कर रही है, बल्कि इस क्षेत्र में कौशल बढ़ाने के लिए भी प्रयासरत है। पटेल ने कहा कि एआई के साथ 'आत्मनिर्भर' होने के लिए भारत को जल्द ही खुद को दुनिया में एआई अपनाने और नवाचार के केंद्रों में से एक के रूप में स्थापित करना होगा।

उन्होंने कहा, 'हालांकि प्रगति हो रही है, एआई स्किलिंग और अनुसंधान एवं विकास में निवेश करने वाले विभिन्न डोमेन नीति निर्माण के बीच बिंदुओं को जोड़कर एआई में तेजी आने की गुंजाइश है। अनुसंधान एवं विकास बहुत आवश्यक होगा, और हमें यह सब जिम्मेदारी से करना होगा।' पिछले दिसंबर में नई दिल्ली में की गई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक साझेदारी की घोषणा में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया था कि सरकार का प्रयास सामाजिक विकास और समावेशी विकास के लिए एआई की क्षमताओं का पूरा लाभ उठाना है।

पीएम मोदी ने कहा था, 'भारत एआई के जिम्मेदार और नैतिक उपयोग के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू किया है, हम भारत एआई मिशन भी शुरू करने जा रहे हैं। इस मिशन का लक्ष्य भारत में एआई कंप्यूट पावर की पर्याप्त क्षमता स्थापित करना है। इस मिशन के तहत कृषि स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई अनुप्रयोगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

पटेल ने कहा कि सरकार विभिन्न डोमेन में एआई क्षेत्र में उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा, 'सरकार इस तकनीक के व्यावहारिक प्रयोग को लेकर भी गंभीर है।' कंपनी द्वारा किए गए नए शोध में पाया गया है कि भारत में लगभग 59 प्रतिशत



उद्यम-स्तर के संगठन अपने व्यवसायों में सक्रिय रूप से एआई का उपयोग कर रहे हैं।

'आईबीएम ग्लोबल एआई एडॉप्शन इंडेक्स 2023 में पाया गया कि इसे शुरुआती तौर पर अपनाने वाले आगे बढ़ रहे हैं। 74 प्रतिशत भारतीय उद्यम पहले से ही एआई के साथ काम कर रहे हैं, जिन्होंने 24 महीनों में अनुसंधान एवं विकास और वर्कफोर्स री-स्किलिंग जैसे क्षेत्रों में एआई को अपनाया है।' नैसकॉम के एक हालिया अध्ययन के अनुसार, एआई और ऑटोमेशन में 2025 तक भारत की जीडीपी में 500 अरब डॉलर तक जोड़ने की क्षमता है। पटेल ने कहा कि एआई विश्व स्तर पर विकास के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन स्पष्ट रूप से भारत के तकनीकी विकास के लिए भी यह बेहद जरूरी है। पटेल ने बताया, 'हमारा मानना है कि एआई क्रांति में भारत की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है। भारत में एआई के क्षेत्र में विस्फोट और प्रगति हुई है। हालांकि उद्यमों में एआई को अपनाने के लिए अभी भी चुनौतियां सामने आ रही हैं, इनमें सही कौशल-सेट वाले कर्मचारियों को काम पर रखना भी शामिल है। डेटा जटिलता को लेकर नैतिक चिंताएं और मुद्दे हैं।' पिछले साल, आईबीएम ने आईटी मंत्रालय के साथ तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए, उनमें से एक एआई के प्रसार से संबंधित था। आईबीएम ने 2030 तक दुनिया भर में 30 मिलियन लोगों को कौशल प्रदान करने और 2026 के अंत तक वैश्विक स्तर पर दो मिलियन शिक्षार्थियों को एआई में प्रशिक्षित करने की प्रतिबद्धता जताई है।

# खेल जगत

## 'रिवर्स रैंप' शॉट खेलकर तोहफे में विकेट दे बैठे जो रूट

**राजकोट,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक और नासिर हुसैन ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन एक खराब शॉट खेलने के लिए जो रूट की आलोचना की है। शनिवार को तीसरे दिन की शुरुआत में इंग्लैंड ने बाउंड्री के साथ शुरुआत की। इससे पहले कि 40वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने भारत को सफलता दिलाई। जो रूट ने अपना स्ट्राइक रेट बढ़ाने के लिए बुमराह के खिलाफ स्लिप से ऊपर से 'रिवर्स रैंप' शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन दूसरी स्लिप में यशस्वी जायसवाल को कैच थमा बैठे। इस विकेट के बाद इंग्लिश टीम की पारी लड़खड़ा गई। इसके बाद इंग्लैंड 207-2 से 319 रन पर ऑल आउट हो गई, इससे भारत को 126 रन की बढ़त मिल गई।



# 'जायसवाल के दोहरे शतक व जडेजा के गेंद से पंजे' से भारत ने इंग्लैंड से तीसरा टेस्ट 434 रनों से जीता

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

■ भारत ने पांच टेस्ट मैच की सीरीज में 2-1 की बढ़त

नई दिल्ली, 18 फरवरी (देशबन्धु)। यशस्वी जायसवाल के लगातार दूसरे दोहरे शतक और मैन ऑफ द मैच बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा के दूसरी पारी में गेंद से जडे.%पंजे' से भारत ने इंग्लैंड को राजकोट में सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के मैदान पर रविवार को तीसरे क्रिकेट के चौथे दिन 434 रन से बड़ी शिकस्त देकर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 की बढ़त ले ली। रवींद्र जडेजा ने पहली पारी में 112 रन बनाने के साथ दोनों पारियों में कुल 92 रन देकर इंग्लैंड के सात विकेट चटका भारत को तीसरा टेस्ट जिताने में अहम भूमिका निभाई। भारत की टेस्ट क्रिकेट में रन के हिसाब से यह सबसे बड़ी जीत है जबकि इंग्लैंड की रनों के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी हार है।

22 बरस के यशस्वी जायसवाल के अविजित दोहरे दोहरे शतक , शुभमन गिल की 91 रन की बेहतरीन पारी , अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले सरफराज खान के लगातार दूसरे अर्द्धशतक की बदौलत पहली पारी में 126 रन की बढ़त करने वाले भारत ने अपनी दूसरी पारी लंच के करीब सवा घंटा बाद चार विकेट पर 430 रन का विशाल स्कोर बनाकर समाप्त घोषित कर दी। बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा (5/41), बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव (2/19) और अनुभवी रविचंद्रन अश्विन (1/19) की त्रिमूर्ति ने आपस में आठ विकेट बांट कर जीत के लिए 557 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने वाली इंग्लैंड की दूसरी पारी चौथे दिन 39.4 ओवर में मात्र 122 रन पर समेट कर उसकी शुरू से दे दनादन की %बेजबॉल' की शैली की हवा निकाल कर भारत को शानदार अंदाज में तीसरा टेस्ट जिता दिया। निचले क्रम में मार्क वुड (33 रन 15 गेंद, एक छक्का, छह चौके) को छोड़ कर इंग्लैंड की दूसरी पारी ताश के पत्तों की ढह गई।

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 236 गेंद खेल कर 12 छक्कों और 14 चौकों की मदद से 214 और सरफराज खान 72 गेंद खेल कर तीन छक्कों और छह चौकों की मदद से 68 रन बनाकर अविजित रहे और दूसरी पारी में उसे पहाड़ का स्कोर खड़ा करने में मदद की। शुभमन गिल बदकिस्मत रहे कि वह कुलदीप यादव के साथ तेज रन दौड़ने की कोशिश में रनआउट होकर नौ रन से पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में अपना लगातार दूसरा शतक जड़ने से चूक गए। यशस्वी और सरफराज ने पांचवें विकेट के लिए 172 रन की असमाप्त भागीदारी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड के सामने जीत के लिए दूसरी पारी में 557 रन का विशाल लक्ष्य रखा। भारत की पहली पारी के 445 रन के जवाब में इंग्लैंड की टीम तीसरे दिन चायकाल से करीब एक घंटा पहले 319 रन बनाकर आउट हो गई थी। तीसरे दिन कमर में जकड़न के चलते 105 रन के निजी स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट होकर लौटने वाले यशस्वी ने चौथे दिन अपने स्कोर में 109 रन और जोड़े और दोहरा शतक अविजित रहे।

जीत के लिए 557 रन के विशाल लक्ष्य का मिलने पर पहली पारी में शतक जड़ने वाले बेन डकेट और जैक क्राली ने इंग्लैंड की दूसरी पारी शुरू की। बेन डकेट (4) भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के चौथे ओवर की पहली गेंद को खेलते ही रन के लिए दौड़ पड़े लेकिन दूसरे छोर पर क्राली अपनी जगह पर खड़े रहे लेकिन मोहम्मद सिराज ने तेज थ्रो विकेटकीपर ध्रुव जुरैल ने गेंद को दस्तानों में विकेट बिखेर उन्हें रन आउट कर दिया और इंग्लैंड ने पहला विकेट 15 रन पर गंवा दिया। इंग्लैंड के स्कोर में तीन रन ही जुड़े कि बुमराह के पांचवें ओवर की दूसरी भीतर आती गेंद को जैक क्राली (11 रन, 26 गेंद,दो चौके) खेलने से चूके गेंद उनके अगले पैड पर अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट दिया और इस पर क्राली ने डीआरएस लिया लेकिन तीसरे अंपायर ने मैदानी अंपायर कुमार धर्मसेना के फैसले को कायम रखा। इंग्लैंड की सलामी जोड़ी जोड़ी मात्र 8.2 ओवर में 18 रन खो दिया और इसी के साथ चाय का समय घोषित कर दिया। तब इंग्लैंड को जीत के लिए 439 रन की जरूरत थी और दूसरी पारी में उसके आठ विकेट बाकी थी। इसके बाद तो भारत के स्पिन त्रिमूर्ति ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को स्पिन कर जाल बुनकर खूब नचाया। ओली पॉप (3 रन, 14 गेंद)चायकाल के बाद के और बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा के दूसरे ओवर की स्पिन होकर बहुत बाहर जाती गेंद को पीछे जाकर स्कवॉयर कट करने गए और पहली स्लिप में कट करने गए और कप्तान रोहित शर्मा ने पहले स्लिप में बेहतरीन कैच लपका और इंग्लैंड ने दसवें ओवर में तीसरा विकेट मात्र 20 रन पर खो दिया।

जॉनी बैरिस्टो ने जडेजा के अगले और तीसरे ओवर की पहली गेंद को स्वीप करने की कोशिश की और गेंद उनके पैड पर पड़ी और अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट घोषित किया। इंग्लैंड ने अपनी पारी के 12 वें ओवर में चौथा विकेट मात्र 28 रन पर खो दिया। इंग्लैंड ने 21 ओवर में चार विकेट खोकर 50 रन बनाए। बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा के बुने स्पिन के जाल में रनों के जूझते जो रूट (7 रन, 40 गेंद, एक चौका) ने उनके आठवें ओवर इस जाल को भेदने की कोशिश में गेंद को स्वीप करने गए और चूके और इस अंपायर ने एलबीडब्ल्यू आउट घोषित किया और उन्होंने रिव्यू लिया लेकिन तीसरे अंपायर ने मैदानी अंपायर का फैसला बरकरार रखा और इंग्लैंड ने पांचवां विकेट पारी के 22 वें ओवर में 50 रन पर खो दिया। अगले और कुलदीप के दूसरे ओवर की पांचवीं गेंद को कप्तान बेन स्टोक्स (15रन, 39 गेंद, एक चौका) स्वीप करने से चूके और गेंद उनके पैड पर पड़ी और अंपायर धर्मसेना ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट घोषित किया और इस पर स्टोक्स ने भी रिव्यू लिया लेकिन तीसरे अंपायर ने उनका फैसला कायम रखा और इंग्लैंड ने अपना छठा विकेट भी 50 रन पर ही खो दिया। कुलदीप के तीसरे ओवर की चौथी गेंद को लॉन्ग ऑन के उपर से उड़ाने की कोशिश में रेहान अहमद(0)को लॉन्ग ऑन पर मोहम्मद सिराज को कैच थमा दिया और इंग्लैंड ने 50 रन के स्कोर पर लगातार तीसरा और पारी का सातवां विकेट गंवा दिया। दूसरे दिन पारिवारिक परेशानी के चलते अपने घर चेन्नै लौट रविवार को चायकाल के बाद राजकोट लौट भारतीय टीम से जुड़े ऑफ स्पिनर रविचंद्रन ने 28 वें ओवर में गेंद संभाली। पारी के 36 वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने अपने दूसरे स्पैल के लिए लौटते ही विकेटकीपर बेन फॉक्स (16 रन, 36 गेंद, दो चौके) को बाहर की ओर स्पिन होती गेंद को कट करने पर मजबूत कर विकेटकीपर ध्रुव जुरैल के हाथों कैच करा कर अपना चौथा विकेट लेकर इंग्लैंड का स्कोर आठ विकेट पर 82 रन का उनकी और हार्टले की 32 रन की भागीदारी को तोड़ा और अगले ओवर में टॉम हार्टले (16 रन, 36 गेंद, एक छक्का दो चौके) ने उनकी गेंद को कट करने गए और गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर उनका विकेट उड़ा ले गई और इंग्लैंड ने नौवां विकेट 91 रन पर खो दिया। जडेजा के 12 वें ओवर में बाई एक चौके सहित 23 रन बने और इसमें वुड ने तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 18 रन बनाए और इसी ओवर की आखिरी गेंद पर वह फिर गेंद को उड़ाने से चूके अंपायर ने एलबीडब्ल्यू आउट दिया लेकिन उनके रिव्यू पर तीसरे अंपायर ने फैसला पलट दिया। जडेजा (5/41) के अपने अगले और 13 वें ओवर की पांचवीं गेंद पर अंततः मार्क वुड (33 रन, 15 गेंद, एक छक्का , पांच चौके) को लॉन्ग ऑफ पर यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच करा इंग्लैंड की दूसरी पारी 122 रन पर समेट कर भारत को तीसरा टेस्ट जिता दिया।



## विलियमसन, साउदी अपना 100वां टेस्ट खेलने के लिए तैयार

**ऑकलैंड,** 18 फरवरी (आईएएनएस) कप्तान टिम साउदी और प्रमुख बल्लेबाज केन विलियमसन इस महीने के अंत में वेलिंगटन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली आगामी टेस्ट श्रृंखला के दौरान अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार हैं। साउदी और विलियमसन 8 मार्च से हेगले ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में अपना 100वां टेस्ट पूरा करने की राह पर हैं। यह जोड़ी 100 टेस्ट खेलने वाले न्यूजीलैंड टेस्ट क्रिकेटरों के एक विशेष क्लब में शामिल हो जाएगी जिसमें स्टीफन फ्लेमिंग, डैनियल विटोरी, ब्रेंडन मैकुलम और रॉस टेलर शामिल हैं। ।

साउदी और विलियमसन क्रमश: न्यूजीलैंड के दूसरे सर्वकालिक अग्रणी टेस्ट विकेट लेने वाले और सर्वकालिक अग्रणी टेस्ट रन स्कोरर के रूप में श्रृंखला में प्रवेश करते हैं। नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स मार्ग से आगे बढ़ने और अंडर 19 स्तर पर एक साथ न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करने के बाद, इस जोड़ी ने 2016 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना 50 वां टेस्ट भी एक साथ खेला। साउदी, रॉस टेलर, विराट कोहली और डेविड वार्नर के बाद इतिहास के चौथे खिलाड़ी होंगे जिन्होंने पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के प्रत्येक व्यक्तिगत प्रारूप में 100 मैच खेले हैं। पैर की चोट से उबरने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टी-20 मैच से चूकने के बाद दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए डेरिल मिशेल की टीम में वापसी हुई है, जबकि स्कॉट कुगेलजिन को काइल जैमीसन के स्थान पर शामिल किया गया है, जो पीठ में तनाव फ्रैक्चर के कारण बाहर हो गए हैं। कुगेलजिन, जिन्होंने पिछली गर्मियों में बे ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, को पिछले साल ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ न्यूजीलैंड ए के लिए मजबूत प्रदर्शन के कारण चुना गया है, जिसमें पहले चार दिवसीय मैच में 9-113 के मैच के आंकड़े और टीम को जीत दिलाने के लिए नाबाद 101 रन शामिल थे। तेज गेंदबाज ने प्लंकेट शील्ड में अपना फॉर्म जारी रखा है, प्रतियोगिता के पहले चार राउंड में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए 16 की औसत से 22 विकेट लेकर विकेट लेने वाले चार्ट में सबसे आगे हैं। न्यूज़ीलैंड की शेष टेस्ट टीम वही है जिसने पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका पर पहली बार श्रृंखला जीत दर्ज की थी ।



## घरेलू क्रिकेट के लिए बीसीसीआई ने खिलाड़ियों को दी चेतावनी

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई)के सचिव जय शाह ने केंद्रीय अनुबंधित भारतीय खिलाड़ियों से कहा है कि अगर वे देश के लिए खेलना चाहते हैं तो उन्हें घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित करना होगा और चेतावनी दी है कि भाग न लेने पर गंभीर परिणाम होंगे।

शाह ने इस सप्ताह की शुरुआत में खिलाड़ियों को लिखे एक पत्र में कहा कि घरेलू क्रिकेट की जगह पर आईपीएल को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति हमारे लिए चिंता का कारण थी। क्रिकइंफो ने इस पत्र को पढ़ा है। साथ ही जय शाह ने यह भी लिखा है कि बोर्ड को आईपीएल की सफलता पर भी गर्व है। उन्होंने लिखा, कुछ खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट की जगह आईपीएल को प्राथमिकता देना शुरू कर दिया है। यह एक प्रवृत्ति बन कर उभरने लगी है और यही हमारे लिए चिंता का कारण है। हमने इस तरह की चीज़ों की अपेक्षा कभी नहीं की थी। घरेलू क्रिकेट हमेशा वह आधार रहा है, जिस पर भारतीय क्रिकेट खड़ा है। हमने कभी भी इस टूर्नामेंट को कम महत्व देने का प्रयास नहीं किया है। इस बात को समझना बहुत ही आवश्यक है कि घरेलू क्रिकेट भारतीय क्रिकेट की रीढ़ है। यह लगातार कई सालों से भारतीय टीम को नई प्रतिभाएं देता रहा है। भारतीय क्रिकेट के लिए हमारा दृष्टिकोण शुरू से ही स्पष्ट रहा है - भारत के लिए खेलने के इच्छुक प्रत्येक क्रिकेटर को घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित करना होगा। घरेलू टूर्नामेंट में किसी भी खिलाड़ी के द्वारा किए गए प्रदर्शन को चयन प्रक्रिया में काफ़ी महत्व दिया जाता है। अगर कोई खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में भाग नहीं लेता है तो इसके गंभीर प्रभाव होंगे।

शाह ने कहा कि यह पत्र किसी भी खिलाड़ी आलोचना नहीं कर रहा है, बल्कि उन मूल्यों की याद दिलाता है जिन्होंने वर्षों से भारतीय क्रिकेट को दिशा दिखाई है। सामूहिक रूप से हम इस बात का ऐलान करते हैं कि हम कहीं से भी घरेलू क्रिकेट के महत्व को कम नहीं करना चाहते या फिर हम इसकी मूल संचरना को कमज़ोर नहीं करना चाहते। यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाने के लिए हमें एक साथ मिल कर काम करना होगा। हाल ही के दिनों में इशान किशन, श्रेयस अय्यर और दीपक चाहर जैसे खिलाड़ियों को लेकर काफ़ी चर्चा हो रही है, क्योंकि वह घरेलू क्रिकेट में हिस्सा नहीं ले रहे थे।



## प्रशिक्षण सत्र के दौरान मुस्तफिजुर रहमान के सिर पर लगी चोट



**ढाका,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) फ्रेंचाइजी कोमिला विक्टोरियंस के साथ प्रशिक्षण सत्र के दौरान सिर पर चोट लगने के बाद चटगांव के अस्पताल ले जाया गया है। मुस्तफिजुर अपने गेंदबाजी मार्क के करीब थे, जब लिटन दास का एक शॉट उन्हें लगा, जो पास के नेट में बल्लेबाजी कर रहे थे। क्रिकबज के अनुसार, मुस्तफिजुर के सिर पर चोट लग गई और खून बहने लगा। मुस्तफिजुर को स्टैंडबाय एम्बुलेंस में अस्पताल ले जाने से पहले मैदान पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। यह घटना तब हुई जब बगल के नेट में बल्लेबाजी कर रहे लिटन दास ने एक ऐसा शॉट मारा जिससे मुस्तफिजुर के सिर पर चोट लग गई। सीटी स्कैन से पता चला कि अंदरूनी तौर पर कोई खून नहीं बह रहा है। टीम के फिजियो एसएम जाहिदुल इस्लाम साजल ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि मुस्तफिजुर के सिर पर चोट लगी थी, जिसका इलाज कंप्रेशन बैंडेज से किया गया था। उन्हें घाव में टांके लगाने के लिए एक सर्जिकल प्रक्रिया से गुजरना पड़ा और वर्तमान में कोमिला विक्टोरियंस टीम के फिजियो द्वारा उनकी बारीकी से निगरानी की जा रही है।

## भारत की महिलाओं ने पहली बार बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप का खिताब जीतकर रचा इतिहास

**शाह आलम,** 18 फरवरी (एजेंसियां) 17 वर्षीय अनमोल खरब रविवार को एक बार फिर भारत के लिए तुरुप का इक्का साबित हुईं और ऐतिहासिक जीत दर्ज की, क्योंकि भारतीय महिला टीम ने फाइनल में रविवार को यहाँ थाईलैंड को 3-2 से हराकर अपना पहला बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 472वें स्थान पर मौजूद अनमोल ने निर्णायक मुकाबले में 42वीं रैंकिंग वाली पोर्नपिचा चोइकेवोंग को हराकर भारत को रोमांचक जीत दिलाई। यह दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु थीं, जिन्होंने 17वीं रैंकिंग वाली सुपानिडा काटेथोंग को 21-12, 21-12 से हराकर भारतीय अभियान की शुरुआत की। सिंधु ने अपने प्रतिद्वंद्वी से बेहतर प्रदर्शन करते हुए केवल 39 मिनट में जीत हासिल कर ली। यह काटेथोंग के खिलाफ आठ मुकाबलों में सिंधु की पांचवीं जीत है। ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला जोड़ी, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था, एक बार फिर मौके पर पहुंची और भारत की बढ़त दोगुनी कर दी।

23वीं रैंकिंग वाली भारतीय जोड़ी ने 10वीं रैंकिंग वाली जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजाई को 21-16, 18-21, 21-16 के स्कोर से हराकर उलटफेर किया। ट्रीसा-गायत्री ने अपने विरोधियों को पीछे के कोर्ट में धकेलने और शुरुआती गेम जीतने के लिए हर मौके पर हमला करने की स्पष्ट गेम योजना के साथ शुरुआत की। लेकिन यह थाई जोड़ी की बेहतर रक्षा थी जिसने उन्हें मैच में वापसी करने में मदद की और इसके कारण भारतीयों ने कुछ अस्वाभाविक गलतियाँ कीं। लेकिन ट्रीसा और गायत्री को श्रेय देना चाहिए कि जब चीजें वास्तव में उनके मुताबिक नहीं चल रही थीं और निर्णायक गेम में 6-10 से पिछड़ने के बाद 14-14 से बराबरी हासिल करने में सफल रहीं। इसके बाद उन्होंने 15-ऑल में से लगातार पांच अंक जीतकर पांच मैच-पॉइंट अवसर अर्जित किए। उन्होंने प्रतियोगिता में ऑल-विन रिकॉर्ड के साथ समापन करने के लिए दूसरे मैच-पॉइंट को बदल दिया। इसके बाद, थाई टीम ने जोरदार वापसी की जब बुसानन ओंगबामरुंगफान ने दूसरे एकल मुकाबले में अश्मिता चालिहा को 21-11, 21-14 से हरा दिया। बाद में, महिला युगल की राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा बेन्यापा और नुंटाकर्ण एम्सार्ड बहन के खिलाफ 11-21, 9-21 से हार गईं और मैच निर्णायक दौर में चला गया। टीम के लिए निर्णायक अंक जीतने की जिम्मेदारी एक बार फिर अनमोल की आई और 17 वर्षीय खिलाड़ी ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें पोर्नपिचा चोइकीवोंग के पावर गेम का आदी होने में समय लगा और शुरुआती गेम में वह 4-6 से पिछड़ गईं लेकिन एक बार जब उन्होंने रैलियों पर नियंत्रण करना शुरू कर दिया तो उन्हें कोई रोक नहीं सका।



## धोनी ने अच्छी और औसत टीमों के साथ खिताब जीते : टॉम मूडी

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और कोच टॉम मूडी ने अलग-अलग क्षमता वाली टीमों के साथ भी टीमों को सफलता दिलाने के एम.एस. धोनी के उल्लेखनीय कारनामे की सराहना करते हुए कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ने दोनों टीमों अच्छे और औसत दस्ते के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीते।

धोनी की कप्तानी में, सीएसके ने 14 सीज़न में 12 बार आईपीएल प्लेऑफ़ में जगह बनाई, जो आईपीएल ट्रॉफी के लिए लगातार चुनौती देने वाले के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत करता है। पांच-पांच खिताबों के साथ, धोनी की अगुवाई वाली टीम टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक खिताब जीतने का रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस (एमआई) के साथ साझा करती है। क्रिकेट इतिहास में सबसे सफल कप्तानों में से एक माने जाने वाले धोनी की नेतृत्व क्षमता ने साथियों और पंडितों से समान रूप से प्रशंसा प्राप्त की है। स्टार स्पोर्ट्स इनक्रेडिबल 16 ऑफ आईपीएल पर स्टार स्पोर्ट्स से विशेष रूप से बात करते हुए, मूडी ने विविध प्रतिभाओं की क्षमता का दोहन करने, अपनी अनुकूलन क्षमता और रणनीतिक कौशल दिखाने के साथ-साथ सर्वकालिक महान आईपीएल टीम चुनने और सर्वश्रेष्ठ कप्तान के चयन पर चर्चा करने के लिए धोनी की क्षमता पर प्रकाश डाला।

मेरे लिए यह एम.एस. धोनी है, इसका कारण यह है कि एम.एस. धोनी ने बहुत अच्छी टीमों और औसत टीमों के साथ खिताब जीता है, और यह मुझे कप्तान के बारे में बहुत कुछ बताता है और कैसे वह एक टीम में विभिन्न प्रकार की प्रतिभाओं को सफलता की ओर ले जा सकता है। मूडी ने कहा, रोहित शर्मा एमआई के लिए एक शानदार कप्तान रहे हैं, लेकिन एमआई के पास आईपीएल की शुरुआत से ही हमेशा सर्वश्रेष्ठ टीम रही है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज स्टेन ने कई लोगों की भावनाओं को दोहराया जब उन्होंने धोनी को नेतृत्व उत्कृष्टता का प्रतीक बताया। विश्व कप जीत, आईपीएल खिताब और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीत सहित उपलब्धियों की एक लंबी सूची के साथ, स्टेन ने मैदान के अंदर और बाहर अपनी टीम को प्रेरित करने और प्रबंधित करने की धोनी की क्षमता पर जोर दिया।

स्टेन ने कहा, यह एम.एस धोनी होना चाहिए। उन्होंने सब कुछ जीता है, विश्व कप, आईपीएल, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी। मुझे लगता है कि वह पुरुषों के नेता हैं, और आपके पास यहां ऐसे लोगों का एक समूह है जो अपने खेल के उच्चतम स्तर पर हैं , और उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति की ज़रूरत है जो वहां रहा हो और ऐसा किया हो और उन्हें मैदान पर और बाहर बहुत अच्छी तरह से प्रबंधित कर सके, इसलिए मुझे एमएस धोनी के साथ जाना होगा।

हालाँकि, यह सिर्फ धोनी की कप्तानी क्षमता नहीं थी जिसने प्रशंसा बटोरी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर हेडन ने एक कोच के रूप में धोनी की क्षमता की सराहना करते हुए गहराई से चर्चा की। उन्होंने खिलाड़ी और प्रबंधक दोनों के रूप में भूमिका निभाने की धोनी की अद्वितीय क्षमता की ओर इशारा किया, और उनके शांत प्रभाव और चतुर नेतृत्व शैली को टीमों को गौरव दिलाने में अमूल्य संपत्ति बताया।

मुझे लगता है कि यह एक स्पष्ट विकल्प है, यह यहां कोई बहस नहीं है, यह पूरे भारतीय समुदाय के बीच एकमत होने जा रहा है। बेशक, हिटमैन रोहित शर्मा भी एक अविश्वसनीय नेता हैं, इसलिए यह एक कठिन विकल्प है, लेकिन मैं साहसी बनने जा रहा हूं और मैं धोनी को एक कप्तान और कोच के रूप में भी चुनने जा रहा हूं। उन्होंने 2008 में शुरुआत की, शेन वार्न कप्तान और कोच थे, और उन्होंने उस वर्ष फ्रेंचाइजी, राजस्थान रॉयल्स को एक खिताब तक पहुंचाया। हेडन ने कहा, %%और मुझे लगता है कि एम.एस धोनी भी कोच बन सकते हैं।




## सार संक्षेप

### दोहा विश्व तैराकी चैंपियनशिप : रिले में एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर चीन ने जीता स्वर्ण पदक

**बीजिंग।** दोहा विश्व तैराकी चैंपियनशिप 2024 में 17 फ़रवरी को चीनी तैराकों ने पुरुषों और महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर फ्री स्टाइल रिले फाइनल में एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए चैंपियनशिप में अपना सातवां स्वर्ण पदक जीता। चार गुणा 100 मीटर फ्री स्टाइल रिले फ़ाइनल में पान चेनले, वांग हाओयू, ली बिंगजे और यू यिटिंग की चीनी चौकड़ी ने शुरू से अंत तक बढ़त बनाए रखी और अंत में 3 मिनट 21.18 सेकंड का समय निकालकर चैंपियनशिप जीत ली। यह इस विश्व तैराकी चैंपियनशिप में चीनी तैराकों द्वारा जीता गया चौथा रिले स्वर्ण पदक है। अब तक, चीनी तैराकी टीम ने चैंपियनशिप में सात स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता है।

### बार्सिलोना ने सेल्टा विगो को 2-1 से हराया

**मैड्रिड।** रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने 97वें मिनट में दोबारा ली गई पेनल्टी पर गोलकर एफसी बार्सिलोना को सेल्टा विगो पर 2-1 से जीत दिलाई। रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने 44वें मिनट में बार्सा को बढ़त दिलाई, लेकिन इयागो एस्पास के विक्षेपित प्रयास ने दूसरे हाफ की शुरुआत में सेल्टा को बराबरी पर ला दिया। बार्सा को 92वें मिनट में पेनल्टी मिली जब फ़्रैन बेल्ट्रान ने लैमिन यामल को बॉक्स में पकड़ लिया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सेल्टा के कीपर विसेंट गुएटा ने लेवांडोव्स्की की शुरुआती स्पॉट किक बचा ली, लेकिन वीएआर से पता चला कि कीपर अपनी लाइन से हट गया था। लेवांडोव्स्की ने अपना दूसरा प्रयास करते हुए बार्सा को महत्वपूर्ण जीत दिलाई। मैनुअल लोरेंटे और एंजेल कोरिया के दो-दो गोलों की बदौलत एटलेटिको मैड्रिड ने लास पालमास पर 5-0 से जीत के साथ इंटर मिलान में अपने चैंपियंस लीग दौरे की तैयारी की। लोरेंटे ने 14वें और 19वें मिनट में गोल किया, पहला गोल कोरिया बैकहील से और दूसरा रक्षात्मक प्रयास के बाद हुआ। कोरिया ने दूसरे हाफ के पहले मिनट में एक ऑफसाइड ट्रैप को हराया और उन्होंने 61वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से अपना दूसरा गोल किया, इससे पहले कि मेम्फिस डेपे ने समय से चार मिनट पहले पांचवां गोल कर लास पालमास का सफाया कर दिया। वालेंसिया ने सेविला के घरेलू मैदान पर दबदबा बनाया, लेकिन मेहमान गोलकीपर ऑर्जन नाइलैंड को हराने में असमर्थ रहे, जिन्होंने कई शानदार बचाव करके अपनी टीम को रेलीगेशन जोन से दूर रखने में मदद की। मुकाबलों का दौर शुक्रवार रात विलारियल और गेटाफे के बीच 1-1 से ड्रा के साथ शुरू हुआ।